सूर्योदय 6:38 सूर्यास्त 6:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.0 न्यू. | 23.0 अधि |
| धर्मशाला | 17.0 न्यू. | 32.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,566 |
| निफ्टी | 24,028 |

सोना 1,60,550 चांदी 2,63, 530

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 10 मार्च 2026 | 27 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 70, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली से मैनचेस्टर की फ्लाइट रास्ते से लौटी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 7 घंटे उड़ने के बाद वापस लौट आई। इंडिगो के एक अधिकारी ने बताया कि फ्लाइट 6E33 ने इथियोपिया और इरिट्रिया के बॉर्डर के पास यू-टर्न लिया और अब दिल्ली वापस आ गई। अधिकारी ने बताया कि मिडिल ईस्ट में चल रही जंग की वजह से आखिरी मिनट में एयरस्पेस पर रोक लग गई। जिसके बाद पायलट को बीच रास्ते से लौटने का फैसला लेना पड़ा। यह एयरक्राफ्ट सोमवार सुबह दिल्ली से यूनाइटेड किंगडम के शहर के लिए निकला था। ये 26 फरवरी के बाद इंडिगो की पहली दिल्ली-मैनचेस्टर फ्लाइट थी। लंबे समय का रूट कुछ समय बाद फिर से शुरू हुआ था। नॉर्मल हालात में फ्लाइट को लगभग 11 घंटे लगते हैं। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली शराब नीति केस

### हाइकोर्ट का सभी 23 आरोपियों को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवारको दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले। ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को इस मामले में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। कोर्ट ने पूरे सबूतों को विस्तार से जांचना शुरू कर दिया, जैसे कि पूरा केस चल रहा हो। जबकि इस स्तर पर केवल सरसरी नजर से मामला देखा जाता है। (अनंत ज्ञान)

### हादी हत्याकांड के दो आरोपी बंगाल में काबू

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की एसटीएफ ने भारत और शेख हसीना विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ फैसल करीम मसूद (37) और आलमगीर हुसैन (34) के रूप में हुई है। दोनों मेघालय सीमा से अवैध रूप से भारत में घुस आए थे और पश्चिम बंगाल के बोंगांव में छिपे थे। आरोपी सही मौके का इंतजार कर रहे थे, ताकि दोबारा बांग्लादेश लौट सकें। लेकिन इससे पहले ही एसटीएफ ने 7 और 8 मार्च की दरमियानी रात को छापेमारी कर दोनों को पकड़ लिया। राहुल उर्फ फैसल करीम मसूद बांग्लादेश के पटुआखाली का निवासी है, जबकि आलमगीर हुसैन ढाका का रहने वाला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- गर्मियों में अब 'हिल्सक्वीन' को नहीं सताएगी प्यास -पेज 2
- नए राज्यपाल कविंद्र गुप्ता का जोरदार स्वागत -पेज 3
- एफएमडी वैक्सीनेशन के लिए पहुंची 2.70 लाख डोज -पेज 5
- हिमाचल में खुलेंगे 6 नए मिल्क प्लांट: बुद्धि सिंह ठाकुर -पेज 11


# राज्यसभा पहुंचे कांग्रेस के अनुराग

## विधानसभा सचिव ने सौंपा निर्वाचन प्रमाण पत्र, हिमाचल से इकलौते कांग्रेस सांसद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए कांग्रेस नेता अनुराग शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से उन्हें आधिकारिक रूप से निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंप दिया गया। राज्यसभा चुनाव के लिए सचिवालय को केवल एक ही नामांकन प्राप्त हुआ था और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि तक कोई अन्य उम्मीदवार सामने नहीं आया। ऐसे में अनुराग शर्मा का निर्वाचन निर्विरोध घोषित किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर से प्रमाण पत्र लेने के बाद अनुराग शर्मा ने विधानसभा में स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर उन्होंने विधान सभा अध्यक्ष को गुलदस्ता भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। पठानिया ने कहा कि उन्हें आशा है कि अनुराग शर्मा सांसद के रूप में भारतीय सदन में हिमाचल के विषयों को प्रमुखता से उठाएंगे तथा प्रदेश के हितों की पैरवी करेंगे। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा सहित कांग्रेस के कई विधायक भी मौजूद रहे। अनुराग शर्मा वर्तमान में कांगड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के




अनुराग शर्मा के राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर एकता का प्रदर्शन करते सीएम सुक्खू व अन्य नेता। अनंत ज्ञान

### राजीव भवन में अनुराग शर्मा का हुआ भव्य सम्मान

अध्यक्ष हैं और लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। मीडिया से बातचीत में अनुराग शर्मा ने अपने इष्ट देव भगवान भोलेनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और अपने आदर्श सीएम सुक्खू का भी धन्यवाद करते हैं। वह पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता का वह आभार करते हैं। एक सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर वह यहां तक पहुंचे हैं और वह प्रदेश की उम्मीदों में खरा उतरने की कोशिश करेंगे। मेरे लिए यह गर्व का विषय है।

राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र लेने के बाद शिमला में कांग्रेस मुख्यालय में अनुराग शर्मा का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इसमें सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू समेत डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, कैबिनेट मंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार व कांग्रेस वर्कर शामिल हुए। इस दौरान गर्मजोशी से नए राज्यसभा सांसद का स्वागत किया गया।

### 6 अप्रैल को पूरा होगा इंदु गोस्वामी का कार्यकाल

**मौजूदा** राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल 6 अप्रैल को पूरा हो रहा है। लिहाजा केंद्रीय चुनाव आयोग ने इससे पहले नए सांसद के चयन को चुनाव का शेड्यूल जारी कर रखा है। आज नामांकन वापसी के बाद उनके नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है।

### मैं भोलेनाथ का भक्त हूं दस्तावेजों में कोई त्रुटि नहीं

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित सांसद अनुराग शर्मा ने शपथ पत्र और संपत्ति को लेकर उठ रहे सवालों पर कहा कि वह भोलेनाथ के भक्त हैं और उन्हें इस संबंध में की

### पिता वे ए श्रेणी के ठेकेदार नियमों के तहत हुआ काम

गई शिकायतों की जानकारी नहीं है। कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि जो शपथ पत्र उन्होंने जमा किया है वह पूरी तरह सही है और किसी भी दस्तावेज में कोई त्रुटि नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संपत्ति और आय से जुड़े सभी विवरण नियमों के अनुसार दिए गए हैं और यदि किसी को आपत्ति है तो वह जहां चाहे शिकायत कर सकता है। अनुराग शर्मा ने बताया कि उनके पिता वर्ष 1979 से ए श्रेणी के ठेकेदार थे और परिवार का पैतृक कारोबार वही संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठेकेदारी से जुड़े सभी कार्य नियमों के अनुसार किए गए और अधिकांश भुगतान चेक के माध्यम से हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नियमित रूप से वस्तु एवं सेवा कर तथा आयकर का भुगतान करते हैं।

# राहुल गांधी ने आम कार्यकर्ता को पहुंचाया राज्यसभा : सीएम

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने एक सामान्य कार्यकर्ता को राज्यसभा भेजकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि पार्टी में समर्पित कार्यकर्ताओं को सर्वोच्च सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने प्रदेश से भेजे गए नामों में से अनुराग शर्मा का चयन कर यह साबित किया है कि कांग्रेस संगठन में जमीनी कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा को सर्वोपरि माना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और खुशी का अवसर है, क्योंकि संगठन से निकलकर एक कार्यकर्ता संसद तक पहुंचा है।



उन्होंने यह बातें शिमला स्थित पार्टी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित सम्मान समारोह में कहीं, जहां नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा का अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा अनेक तरह की चर्चाएं और अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन कांग्रेस संगठन पूरी तरह एकजुट रहा। इसी एकजुटता का परिणाम है कि अनुराग शर्मा निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित हुए। उन्होंने कहा कि अब संसद में भाजपा और कांग्रेस के अनुराग के बीच वैचारिक टकराव देखने को मिलेगा और कांग्रेस का प्रतिनिधि हिमाचल की आवाज मजबूती से उठाएगा। सुक्खू ने कहा कि राहुल गांधी ने एक सामान्य कार्यकर्ता को टिकट देकर यह संकेत भी दिया है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी

### बोले- अब संसद में मजबूती से रखे जाएंगे हिमाचली हित

### विस चुनावों में भी आम कार्यकर्ताओं पर रहेगी नजर

संगठन, एनएसयूआई और जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक सुधार के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में सीबीएसई आधारित 150 विद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है और राजीव गांधी डे-बोर्डिंग विद्यालयों की स्थापना भी की जा रही है, जिससे आने वाले वर्षों में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा।

# ऊना में अपने ही स्कूल की बस की चपेट में आ गई दो सगी बहनें, एक की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां निजी स्कूल बस की चपेट में आने से दो मासूम छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायल बच्चियों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां एक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह हादसा ऊना के माउंट कार्मल स्कूल की बस के साथ हुआ है। घायल बच्चियां भी इसी स्कूल में पढ़ती हैं। दोनों छात्राएं सगी बहनें बताई जा रही हैं और वे एलकेजी व यूकेजी की छात्राएं हैं।

### दूसरी बहन पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन

बताया जा रहा है कि रैसरी गांव निवासी सुशील की बेटियां आशश्वी और परीक्षा स्कूल से घर लौट रही थीं। जब बस उन्हें घर के पास उतारने के बाद चालक बस को मोड़ रहा था, तभी अचानक दोनों बच्चियां बस की चपेट में आ गईं और बस के नीचे आ गईं। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। ऊना अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। इनमें एक बच्ची ने पीजीआई पहुंचते ही दम तोड़ दिया। उधर, मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ।

## बंगाल पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश, लगे 'गो बैक' के पोस्टर

**एजेंसी, कोलकाता।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रविवार शाम को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने कोलकाता पहुंचे। 3 दिन चलने वाली चुनाव आयोग की फुल बेंच मीटिंग के बीच सोमवार को ज्ञानेश कुमार कालीघाट में पूजा करने पहुंचे। मंदिर के बाहर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने गो बैक के पोस्टर और काले झंडे दिखाए। इसके पहले रविवार को भी कोलकाता पहुंचने पर कुछ लोग उनके काफिले के सामने झंडे लेकर पहुंचे और नारेबाजी करते दिखे।

उधर, भाजपा के एक डेलीगेशन ने सोमवार को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की फुल बेंच से मुलाकात की और मांग की कि 2026 का पश्चिम बंगाल असेंबली चुनाव तीन फेज में ही कराया जाए। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को खत्म होने वाला है। 294 सीटों पर अप्रैल में चुनाव होने की उम्मीद है। 2021 में टीएमसी ने 215 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। ममता बनर्जी मुख्यमंत्री चुनी गई थीं। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में भरे जाएंगे जेबीटी के 600 पद

## 16 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगी आवेदन करने की ऑनलाइन प्रक्रिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा क्षेत्र में रोजगार की राह देख रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। राज्य चयन आयोग के माध्यम से जेबीटी प्राथमिक शिक्षक के 600 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थी 16 मार्च से 6 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को आवेदन राज्य चयन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर करना होगा। जानकारी के अनुसार भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है, जिसकी गणना



1 जनवरी 2026 के आधार पर की जाएगी। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार अधिकतम पांच वर्ष तक की आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी। इस भर्ती में वही अभ्यर्थी आवेदन कर

### टीईटी पास अभ्यर्थी ही होंगे पात्र, परीक्षा केंद्रों में होगी कंप्यूटर आधारित परीक्षा

सकेंगे जिन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण की हो। चयन प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों को 120 अंकों का कंप्यूटर आधारित परीक्षण या स्क्रीनिंग परीक्षा देनी होगी, जिसकी अवधि लगभग डेढ़ घंटा निर्धारित की गई है। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा और प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में जेबीटी शिक्षकों के रूप में नियुक्ति की जाएगी।

# इनोवेशन वाली अर्थव्यवस्था बन रहा भारत : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश के शिक्षा क्षेत्र को वास्तविक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आह्वान किया। बजट के बाद आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि भारत नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एआई और स्वचालन (ऑटोमेशन) जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'हमें




अपनी शिक्षा प्रणाली को वास्तविक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की प्रक्रिया में और तेजी लानी होगी... हमें एआई और स्वचालन, डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजाइन-आधारित विनिर्माण जैसे विषयों पर अपना ध्यान बढ़ाना होगा।' प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत आज निवारक और समग्र स्वास्थ्य की दृष्टि पर काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, देश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत किया गया है... सैकड़ों जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 1353 और निफ्टी 422 अंक गिरा

## रुपया 92.33 के ऑलटाइम लो पर पहुंचा, कच्चा तेल भी महंगा

**एजेंसी, मुंबई**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के कारण शेयर बाजार में 9 मार्च को बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स 1353 अंक (1.71%) नीचे 77,566 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 422 अंक (1.73%) की गिरावट रही, यह 24,028 पर बंद हुआ। आज बैंक, ऑटो, मेटल, एनर्जी और एफएमसीजी शेयरों में ज्यादा बिकवाली रही। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक अपने शेयर बेचना शुरू




कर देते हैं और सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है। निवेशकों की वेल्थ 22 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट गई है। जंग शुरू होने से पहले यानी 27 फरवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड सभी कंपनियों का कुल मार्केट कैप 4.63 लाख करोड़ था, लेकिन युद्ध की वजह से बाजार में भारी बिकवाली के कारण 9 मार्च तक यह घटकर 4.41 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है।

वहीं, वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए। आज यानी 9 मार्च को कारोबार के दौरान ये 25% बढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। हालांकि बाद में ये थोड़ा नीचे आया और ये अब 105 डॉलर के करीब है। 10 दिन में ये करीब 50% चढ़ा है। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल ने ईरान के कई शहरों पर फिर किए हमले

**एजेंसी, तेहरान**

अमेरिका-इसराइल और ईरान के बीच जारी जंग का आज दसवां दिन है। इसराइल ने एक बार फिर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू किए हैं। इसराइली सेना के मुताबिक राजधानी तेहरान, इस्फहान और दक्षिणी इलाकों में ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर एयरस्ट्राइक किए जा रहे हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है और ईरान निर्णायक जवाब देने पर ध्यान दे रहा है।

### ईरान बोला- हमले जारी रहे तो बातचीत की गुंजाइश नहीं

लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में भी कई एयरस्ट्राइक की खबरें सामने आई हैं। इस बीच टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया कि ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। उन्हें बीती रात ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया था। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की 28 फरवरी को यूएस-इजराइल के हमले में मौत हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में आज हल्की बारिश-बर्फबारी के आसार

## राज्य के कई भागों में पांच दिनों तक मौसम के खराब रहने की संभावना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के कई भागों में अगले पांच दिनों तक मौसम अस्थिर रहने की संभावना है। खासकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के आसार जताए गए हैं। मंगलवार को भी लाहौल-स्पीति के कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना बनी हुई है, जबकि चंबा और कांगड़ा के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। सोमवार को राजधानी शिमला और आसपास के क्षेत्रों में दिन के समय धूप खिलने से लोगों को राहत जरूर मिली, लेकिन आगामी दिनों में मौसम के बदलते तेवरों ने ठंड की वापसी के संकेत दे दिए हैं। जानकारी के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में मौसम की दोहरी स्थिति देखने को मिल रही है। जहां एक ओर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश के आसार हैं, वहीं कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सोलन जिलों के लिए 10 मार्च को फिर से हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में भी अंतर देखने को मिला। शिमला में न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि केलांग में 4.7 और कुकुमसेरी में 2.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। ऊना, पांवटा साहिब और जुब्बड़हट्टी जैसे क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अधिक तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, 10 से 13 मार्च को राज्य की ऊंची चोटियों पर कुछ स्थानों पर हल्की बारिश व बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा 11, 12 और 14 मार्च को मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी तथा निचले और मैदानी इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं।

### तापमान गिरने के संकेत

**अगले** दो दिनों तक प्रदेश के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि इसके बाद मौसम के सक्रिय होने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। अनुमान है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में तीन से छह डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है, जिससे प्रदेश में एक बार फिर ठंड का असर महसूस किया जा सकता है।

**संसद** पश्चिम एशिया में बने हालातों के भारत पर असर पर चर्चा की मांग करता रहा विपक्ष

# ईरान पर हुए हमले पर संसद के दोनों सदनों में हंगामा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के पहले दिन की लोकसभा की कार्यवाही खत्म हुई। विपक्ष ने अमेरिकी-इसराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालातों का भारत पर असर पर चर्चा की मांग कर रहा था।

सरकार ने कहा कि विपक्ष स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ नो कॉन्फिडेंस मोशन लाई है, हम इस पर चर्चा करने पर तैयार हैं, विपक्ष चर्चा करे, लेकिन विपक्ष दूसरा मोशन ले आया है, जिसका विदेश मंत्री ने बहुत अच्छे से जवाब दिया है। इसके बाद सदन मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित किया





गया। वहीं, विदेश मंत्री ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस समय ईरान की लीडरशिप से कॉन्टैक्ट मुश्किल है, लेकिन भारत शांति और बातचीत के पक्ष में है। राज्यसभा में जब जयशंकर संबोधन दे रहे थे तब विपक्ष ने राज्यसभा का वॉकआउट किया। लोकसभा में उनके संबोधन के दौरान विपक्ष ने वी वॉन्ट डिस्कशन के नारे लगाए, खूब हंगामा किया।

चेयर के बार-बार बोलने पर भी विपक्षी सांसद शांत नहीं हुए थे।

### राहुल गांधी बोले- पश्चिम एशिया के युद्ध से हमारी अर्थव्यवस्था को हो रहा नुकसान

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा- पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन हमारे कॉम्प्रोमाइज्ड प्रधानमंत्री में इस पर चर्चा करने का साहस नहीं है। शेयर बाजार गिर रहा है, एलपीजी की कीमतें बढ़ रही हैं और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें ऐतिहासिक स्तर तक पहुंच रही हैं। इसका सीधा असर आम आदमी, घरेलू बजट और छोटे व मध्यम व्यवसायों पर पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी को ब्लैकमेल किया जा रहा है। उनके पास भारतीय जनता के हितों को बचाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। मेरी बात याद रखिए, वे संसद में नहीं आएंगे।


वेस्ट एशिया से हमारे लोगों को वापस लाने की पूरी कोशिश की जा रही है। 8 मार्च तक हमारे लगभग 67,000 नागरिक इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर चुके हैं। संबंधित मंत्रालय जवाब देने के लिए कोऑर्डिनेट कर रहे हैं। लड़ाई लगातार बढ़ रही है। इलाके में सुरक्षा की स्थिति काफी खराब हो गई है।

असल में, लड़ाई दूसरे देशों में भी फैल गई है। इससे तबाही और मौतें बढ़ रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# गर्मियों में अब 'हिल्सक्वीन' को नहीं सताएगी प्यास

## सतलुज से शुरू हुई नई पेयजल परियोजना, राजधानी में लोगों को मिलेगी स्थायी जल आपूर्ति

अनंत ज्ञान



नई पेयजल परियोजना के शुरू होने से शिमला शहर की जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला में हर वर्ष गर्मियों के मौसम में पानी की कमी एक गंभीर चुनौती बन जाती है, जिससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पर्यटकों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। अब इस समस्या से राहत दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। सतलुज नदी से पानी लाने वाली नई पेयजल परियोजना के शुरू होने के साथ ही शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत आधार मिलने की उम्मीद जगी है। लंबे समय से परीक्षण और तैयारियों के बाद इस परियोजना के तहत पानी संजौली स्थित जलाशय तक पहुंच चुका है, जिससे आने वाले समय में शिमला में पानी की कमी की समस्या काफी हद तक कम होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड के अनुसार इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य राजधानी की पेयजल आपूर्ति क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना है। वर्तमान में शहर को विभिन्न जल योजनाओं के माध्यम से सीमित मात्रा में पानी उपलब्ध हो पाता है, लेकिन सतलुज आधारित इस नई योजना के शुरू होने से जलापूर्ति की क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। परियोजना के तहत पानी को विशेष पाइपलाइन प्रणाली और बहु-स्तरीय लिफ्टिंग व्यवस्था के माध्यम से पहाड़ी क्षेत्रों से होते हुए संजौली जलाशय तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित और पर्याप्त जल उपलब्ध कराना संभव होगा।

इस परियोजना को आधुनिक तकनीकी मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है, ताकि पानी की गुणवत्ता और आपूर्ति दोनों सुनिश्चित रह सकें। जल शुद्धिकरण के लिए क्लोरीनीकरण प्रणाली के साथ अत्याधुनिक उपचार इकाइयों का उपयोग किया जा रहा है और जल गुणवत्ता की निगरानी के लिए परीक्षण प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है। परियोजना की संरचना इस प्रकार तैयार की गई है कि भविष्य में शहर की बढ़ती आबादी और जल की मांग को ध्यान में रखते हुए इसकी क्षमता को और भी विस्तारित किया जा सके।

◆ 107 एमएलडी तक बढ़ेगी पेयजल आपूर्ति क्षमता

### पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा पर रहा विशेष फोकस

**परियोजना** के निर्माण के दौरान पर्यावरण संरक्षण को भी प्रमुखता दी गई है। प्रारंभिक योजना में बड़ी संख्या में पेड़ों के कटान की आशंका थी, लेकिन तकनीकी सुधारों और पाइपलाइन की संरचना में बदलाव कर सैकड़ों पेड़ों को सुरक्षित रखा गया। इसके साथ ही जल संयंत्रों और भवनों पर स्थापित सौर ऊर्जा पैनलों के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की व्यवस्था भी की गई है, जिससे यह परियोजना न केवल शिमला की जल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बनती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के दृष्टिकोण से भी एक मिसाल पेश करती है।

# यूजर्स चार्जर्स की नोटिफिकेशन रद्द करे सरकार: दिनेश

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग (बुद्धिजीवी) के को-ओरडीनेटर डॉ. दिनेश कुमार ने पंचायतीराज प्रशासन द्वारा अब पंचायतों मे हर एपीएल परिवार से 100 रुपए व बीपीएल से 25 रुपए मासिक यूजर्स चार्जर्स बसूले जाने के फैसले का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह व पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध राणा से अनुरोध किया है कि ऐसे सभी मनमाने पंचायतीराज प्रशासन के आदेश सरकार रद्द करे, यह आदेश हाल ही में खंड विकास अधिकारियों द्वारा पंचायत सचिवों को जारी किए गए है जो कि जनहित में न होकर जन आक्रोश का कारण बन प्रदेश सरकार की छवि बिगाड़ेगे। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनाव प्रक्रिया के बीच ऐसे निर्देश जारी करने का क्या औचित्य है? समझ से परे है और इससे पहले यह वेबजह विवाद का मुद्दा बने, पंचायतीराज प्रशासन को तुरंत अपनी भूल का सुधार करना चाहिए। पंचायत चुनाव होने के बाद लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने गए पंचायत प्रतिनिधि ही अपनी ग्राम सभा की बैठकों मे यूजर्स चार्जर्स के संबंध सार्थक चर्चा कर फैसला लेंगे तो बेहतर रहेगा ।

# पूर्व सैनिकों के लिए चंडीगढ़ में विशेष रोजगार मेला 17 मार्च को

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के पूर्व सैनिकों को नागरिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से डायरेक्टरेट जनरल रिसेटलमेंट द्वारा 17 मार्च 2026 को चंडीगढ़ में विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह पहल रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग की ओर से की जा रही है, जिसका उद्देश्य सेना से सेवानिवृत्त हुए जवानों को पुनर्वास और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

इस रोजगार मेले के माध्यम से भारतीय थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के पूर्व सैनिकों को विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों और कंपनियों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रशासन, आपूर्ति प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं और अभियंत्रण जैसे अनेक क्षेत्रों में नियोक्ता पूर्व सैनिकों की सेवाएं लेने के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिससे उन्हें अपने कौशल और अनुभव के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

◆ सुरक्षा, प्रशासन, स्वास्थ्य और अभियंत्रण सहित कई क्षेत्रों में मिलेंगे अवसर

◆ ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से पूर्व सैनिक और नियोक्ता ले सकेंगे भाग

डायरेक्टरेट जनरल रिसेटलमेंट वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान देशभर में कुल 18 रोजगार मेलों का आयोजन कर रहा है। इनमें से 16 मेले दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, लखनऊ, वाराणसी, कोलकाता, सिकंदराबाद, जम्मू, भोपाल, कोच्चि, गुवाहाटी, देहरादून, बेंगलुरु और पुणे में पहले ही आयोजित किए जा चुके हैं। पूर्व सैनिक और नियोक्ता विशेष मंच पर ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से भाग ले सकते हैं और चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार भी इस दौरान आयोजित किए जाएंगे।

# विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया से मिले नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा



विस अध्यक्ष से मुलाकात करते हुए राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित सांसद अनुराग शर्मा ने सोमवार अपराह्न हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इससे पूर्व उन्होंने विधानसभा सचिवालय में निर्वाचन अधिकारी से राज्यसभा सांसद के रूप में निर्विरोध निर्वाचित होने का प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इसके उपरांत विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान अनुराग शर्मा ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सदन में प्रदेश के हितों को प्रमुखता से उठाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने अनुराग शर्मा को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अनुराग शर्मा संसद में हिमाचल से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से उठाएंगे और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों की सशक्त पैरवी करेंगे। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, विधायक किशोरी लाल, कुलदीप राठौर तथा मलेंद्र राजन भी उपस्थित रहे।

# एसएफआई कार्यकर्ताओं पर आम छात्र के साथ मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विधि विभाग में सोमवार को एक छात्र के साथ कथित हाथापाई की घटना को लेकर छात्र राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विश्वविद्यालय इकाई ने आरोप लगाया है कि एसएफआई से जुड़े कुछ कार्यकर्ताओं ने बिना किसी ठोस कारण के एक सामान्य छात्र के साथ अभद्र व्यवहार किया और उसके साथ हाथापाई की। परिषद का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से परिसर का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है और छात्रों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

◆ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रशासन से की कड़ी कार्रवाई की मांग।

विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई बार एसएफआई से जुड़े कार्यकर्ताओं पर हिंसक गतिविधियों के आरोप लग चुके हैं। परिषद ने हाल ही में परिषद के प्रदेश सह मंत्री के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार और हमले का भी उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में समय पर कठोर कार्रवाई न होने के कारण कुछ तत्वों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन और पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। परिषद का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो छात्र हितों की रक्षा के लिए व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# एक माह में भूमि पट्टों के लंबित मामलों का करें निपटारा: नेगी

## कुमारसैन और कोटगढ़ क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों के साथ मंत्री ने की समीक्षा बैठक

अनंत ज्ञान



कुमारसैन व कोटगढ़ क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने सोमवार को शिमला जिला के कुमारसैन और कोटगढ़ क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक कर भूमि से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा की। बैठक में मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र में भूमि पट्टों से संबंधित वर्षों से लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र लोगों को समय पर उनका वैधानिक अधिकार मिल सके और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब समाप्त हो।

मंत्री ने कहा कि भूमि प्रदान करने की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुमारसैन और कोटगढ़ क्षेत्र में लोगों को भूमि पट्टे जारी हुए लगभग पचास वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अनेक मामलों में आज तक इंतकाल की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि कई ऐसे मामले भी सामने आए हैं जिनमें भूमि पट्टे स्वीकृत होने के बावजूद लाभार्थियों से नजराना जमा करवाया गया, परंतु उन्हें पट्टे प्रदान नहीं किए गए। इस स्थिति को गंभीर बताते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी मामलों की विस्तृत जांच कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

जगत सिंह नेगी ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोटगढ़ और कुमारसैन क्षेत्र के सभी लंबित मामलों का निपटारा कर एक माह के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने आदेशों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने तथा इसके लिए एक विशेष अभियान आरंभ करने को भी कहा।

◆ विशेष अभियान चलाकर पुराने मामलों को प्राथमिकता से सुलझाने के आदेश

बैठक के उपरांत कोटगढ़ और कुमारसैन के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से भेंट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में अतिरिक्त सचिव राजस्व अनिल चौहान सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जुन्गा क्षेत्र को अब तक नहीं मिला शहरी निकाय का दर्जा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मशोबरा क्षेत्र का प्रमुख कस्बा जुन्गा पिछले कई वर्षों से नगर पंचायत का दर्जा मिलने की प्रतीक्षा कर रहा है, लेकिन मापदंड पूरे होने के बावजूद अब तक किसी भी सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया। स्थानीय बुद्धिजीवियों और व्यापार मंडल से जुड़े लोगों का कहना है कि बढ़ती आबादी और सरकारी संस्थानों की मौजूदगी को देखते हुए जुन्गा को शहरी निकाय का दर्जा दिया जाना आवश्यक हो गया है। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में कई छोटे-बड़े कस्बों को नगर पंचायत का दर्जा दिया है, जिनमें सिरमौर जिले का संगड़ाह भी शामिल है, ऐसे में जुन्गा को नजरअंदाज करना समझ से परे है।

स्थानीय लोगों के अनुसार जुन्गा की आबादी लगभग चार हजार के आसपास पहुंच चुकी है और यहां पुलिस बटालियन, राज्य स्तरीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, सिविल अस्पताल, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, तहसील कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहित कई सरकारी कार्यालय कार्यरत हैं। इसके बावजूद कस्बे में सफाई व्यवस्था रामभरोसे चल रही है और बस स्टैंड पर बने शौचालय भी कर्मचारियों के अभाव में गंदगी से भरे रहते हैं। लोगों का कहना है कि वर्ष 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने जुन्गा को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की थी, लेकिन वर्ष 2022 तक भी यह घोषणा धरातल पर नहीं उतर सकी। साथ ही क्षेत्र से काबीना मंत्री होने के बावजूद जुन्गा और कोटी को अब तक शहरी निकाय का दर्जा नहीं मिल पाने से लोगों में निराशा बढ़ रही है।

◆ सभी मापदंड पूरे होने के बावजूद वर्षों से अधूरी पड़ी नगर पंचायत की मांग

◆ स्थानीय लोगों ने सरकारों पर सौतेला व्यवहार करने का लगाया आरोप

# रस्साकशी में रीना गोला फेंक में सोनू शर्मा ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मशोबरा विकास खंड की पंचायत बलोग के डुब्लु गांव में जागरूकता और एकता ग्राम संगठन के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, युवतियों और स्वयं सहायता समूहों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय डुब्लु की सीएचटी पुष्पा शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम संगठन की प्रधान प्रोमिला व उपप्रधान सोनू शर्मा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। रस्साकशी में रीना प्रथम रहीं, जबकि गोला फेंक में सोनू शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में अंजना प्रथम, मीना द्वितीय और पूनम तृतीय रहीं। बोरी दौड़ में सोनू पहले और बीना दूसरे स्थान पर रहीं। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# धाली बागड़ा में गूंजे पहाड़ी नाटी के सुर

## महिलाओं ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा, उत्साह के साथ मनाया महिला दिवस

अनंत ज्ञान



धाली बागड़ा में पहाड़ी नाटी प्रस्तुत करती महिलाएं। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मशोबरा विकास खंड के गांव धाली बागड़ा में मातृशक्ति ग्राम संगठन की महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने पहाड़ी गीतों की धुन पर झूमझूम कर नाटी नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। कार्यक्रम में पीरन पंचायत की पूर्व प्रधान किरण शर्मा और महिला मंडल धाली बागड़ा की प्रधान प्रोमिला ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में किरण शर्मा ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जो गर्व की बात है, किंतु समाज में महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अत्याचार चिंता का विषय हैं। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए महिला सशक्तिकरण के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी सहायिका पूनम ठाकुर ने बताया कि प्रदेश और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के कारण अनेक महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

◆ नशा मुक्ति और महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

उन्होंने समाज में महिलाओं के योगदान पर कविता पाठ भी प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित महिलाओं का उत्साह बढ़ा। इस अवसर पर महिलाओं ने नशा मुक्ति पर आधारित एक नाटिका प्रस्तुत कर नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया, वहीं बेटियों की शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास पर गीत और नाट्य के माध्यम से प्रेरणादायक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में पूनम ठाकुर और अंजलि की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समां बांधा। मातृशक्ति ग्राम संगठन की अंजना देवी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, जबकि संगठन की अन्य सदस्याओं में सुनीता, सरिता, आशा, कविता, प्रिया, अंजलि, पुष्पा, पूनम और रितिका सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# हिम संगीत उत्सव में शास्त्रीय, लोक और सूफी संगीत की गूंज 10 मार्च से

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला, भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश व गेयटी ड्रामेटिक सोसायटी शिमला के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 14 मार्च 2026 तक हिम संगीत उत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह पांच दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव शिमला के ऐतिहासिक गेयटी नाट्यगृह के गोथिक हॉल में प्रतिदिन सायं 5:30 बजे आरंभ होगा। इस उत्सव में शास्त्रीय, सुगम, लोक और सूफी संगीत के साथ-साथ नृत्य की विविध रंगारंग प्रस्तुतियां दर्शकों को देखने को मिलेंगी। आयोजन में प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है और सभी कला प्रेमियों को इसमें सादर आमंत्रित किया गया है।

उत्सव के प्रथम दिन 10 मार्च को नितिन एंड ग्रुप द्वारा कथक नृत्य तथा गुंजन चना द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। 11 मार्च को श्री दीपक मेहता शास्त्रीय और सुगम संगीत प्रस्तुत करेंगे, जबकि चारु शर्मा सुगम और लोक संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। इसी दिन धर्मपाल ठाकुर लोक संगीत की प्रस्तुति देंगे।

◆ पांच दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन में देशभर के कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

◆ 14 मार्च तक गेयटी नाट्यगृह के गोथिक हॉल में होगा आयोजन

कार्यक्रम के तीसरे दिन 12 मार्च को मलिक अली एंड ग्रुप पंजाबी और सूफी गायन से माहौल को सुरमय बनाएंगे। 13 मार्च को निजामी ब्रदर्स द्वारा कव्वाली गायन की प्रस्तुति दी जाएगी, जो सूफी संगीत के प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। उत्सव के अंतिम दिन 14 मार्च को गुलजार हुसैन और मोहम्मद उमर बांसुरी तथा दिलरुबा वादन से श्रोताओं को संगीत की मधुर धुनों में डुबो देंगे, वहीं संतोष नायर एंड ग्रुप समकालीन संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देंगे। आयोजकों का कहना है कि यह उत्सव हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा देने के साथ-साथ शास्त्रीय और लोक कलाओं के संरक्षण और प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**उम्मीद** पीएमजीएसवाई कार्यों की समय सीमा 31 मार्च, 2027 तक बढ़ी

# डोडरा-क्वार की सड़कों को मिली नई उम्मीद

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के अत्यंत दुर्गम व सीमांत क्षेत्र डोडरा क्वार में ग्रामीण सड़क संपर्क को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया है। केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए समय सीमा बढ़ाकर 31 मार्च 2027 तक कर दी है। इससे वर्षों से भौगोलिक कठिनाइयों और प्रतिकूल मौसम के कारण अटके पड़े सड़क निर्माण कार्यों को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है और क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार डोडरा क्वार क्षेत्र समुद्रतल से अत्यधिक ऊंचाई पर स्थित होने के कारण लंबे समय तक बर्फबारी, कठिन भू-आकृति और सीमित कार्यकाल जैसी चुनौतियों से घिरा रहता है। इसी कारण यहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत कुछ सड़क परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय में पूरा नहीं हो पाया था। समय-वृद्धि मिलने के बाद अब इन शेष कार्यों को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने की संभावना मजबूत हुई है, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच तथा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में बड़ी सुविधा प्राप्त होगी।

### दुर्गम क्षेत्रों को सर्व-मौसमी सड़क सुविधा से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता: विक्रमादित्य सिंह

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इस निर्णय पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि डोडरा क्वार जैसे अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यों को समय-वृद्धि मिलना प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ हुई बैठक में हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण सड़क संपर्क को मजबूत बनाने के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों तक सुरक्षित तथा सर्व-मौसमी सड़क सुविधा पहुंचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इसके लिए केंद्र तथा राज्य स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं तथा भू-स्वामियों से भी आग्रह किया कि वे भूमि उपलब्धता और अन्य आवश्यक औपचारिकताओं में सहयोग प्रदान करें, ताकि स्वीकृत सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा कर प्रदेश के लोगों को अधिकतम लाभ पहुंचाया जा सके।

◆ ग्रामीण संपर्क मजबूत करने की पहल

◆ हिमाचल में 1500 किमी नई सड़कों को मंजूरी

राज्य में ग्रामीण संपर्क को मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण के अंतर्गत भी व्यापक स्वीकृतियां दी गई हैं। प्रदेश के लिए लगभग 1,500 किलोमीटर लंबाई की नई ग्रामीण सड़कों को मंजूरी मिली है, जिन पर करीब 2,300 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कार्य किया जाएगा। इन परियोजनाओं के माध्यम से दूरस्थ गांवों तक सड़क संपर्क बढ़ाने और क्षेत्रीय विकास को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा।

# कोटीघाट स्कूल के दो छात्रों ने एनएमएसएस में मारी बाजी

## भारती कंवर को शिमला जिले में दूसरा स्थान, सक्षम को मिली छात्रवृत्ति, विद्यालय में स्वागत

अनंत ज्ञान



एनएमएसएस में कोटीघाट स्कूल की चमक, बच्चों का विद्यालय में स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** शिक्षा खंड कुमारसैन के अंतर्गत आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटीघाट के विद्यार्थियों ने एनएमएसएस की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पाठशाला की छात्रा भारती कंवर ने 118 अंक प्राप्त कर जिला शिमला में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि छात्र सक्षम शांडिल्य ने 87 अंक प्राप्त कर छात्रवृत्ति के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय में दोनों विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश शर्मा ने दोनों विद्यार्थियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानाचार्य ने विद्यालय के अध्यापकों की भी सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों की निरंतर मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन के कारण ही विद्यार्थी ऐसे उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्रयास केवल परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी भारती कंवर ने स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में जिला शिमला में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया था, जबकि सक्षम शांडिल्य ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी। इन उपलब्धियों से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रमाण मिलता है।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय विद्यालय के अध्यापकों की कड़ी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का सकारात्मक वातावरण और शिक्षकों का सहयोग ही बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि आने वाले समय में भी कोटीघाट पाठशाला के विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे।

# अब ऑनलाइन निगरानी में होगी सरकारी विभागों की हर गतिविधि

## पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम, हिमाचल में महालेखाकार की डिजिटल से रहेगी सीधी नजर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में प्रशासनिक पारदर्शिता व जवाबदेही को नई दिशा देने की तैयारी शुरू हो गई है। अब राज्य के सरकारी विभागों की गतिविधियों पर महालेखाकार कार्यालय की सीधी और लगातार निगरानी रहेगी।

प्रदेश सरकार ने महालेखाकार कार्यालय को विभागीय पोर्टल और ऑनलाइन प्रणालियों तक पहुंच प्रदान करने की अनुमति दे दी है, जिससे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, बजट खर्च व लाभार्थियों से जुड़ी सूचनाओं की वास्तविक समय में जांच संभव हो सकेगी। इस नई व्यवस्था से सरकारी कामकाज में पारदर्शिता बढ़ने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि योजनाओं का लाभ सही और पात्र लोगों तक पहुंचे। जानकारी के अनुसार दरअसल अब तक डिजिटल गवर्नेंस विभाग राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों के लिए एक तरह से प्रवेश द्वार की भूमिका निभाता था, लेकिन उसके पास विभागों की वास्तविक गतिविधियों और योजनाओं के लाभार्थियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी देखने की सीधी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। सचिवालय में बैठे अधिकारी भी विभागीय कामकाज की हर जानकारी ऑनलाइन नहीं देख पाते थे और उन्हें विभागाध्यक्षों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर ही निर्भर रहना पड़ता था।

नई व्यवस्था के लागू होने के बाद महालेखाकार कार्यालय विभागों के पोर्टल के भीतर जाकर रिकॉर्ड, दस्तावेज और योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी सूचनाओं का अवलोकन कर सकेगा।

### अब हर स्तर पर बढ़ेगी जवाबदेही

नई व्यवस्था लागू होने के बाद सरकारी विभागों के कामकाज पर सालों बाद होने वाले पारंपरिक ऑडिट की जगह अब निरंतर डिजिटल निगरानी संभव हो सकेगी। महालेखाकार कार्यालय विभागों के पोर्टल, वेबसाइट और ऑनलाइन प्रणालियों के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थी, बजट खर्च और प्रशासनिक निर्णयों पर समय-समय पर नजर रख सकेगा। यदि किसी स्तर पर नियमों की अनदेखी या अनियमितता सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकेगा, जिससे शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

◆ कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की होगी निगरानी

बताया गया है कि कुछ समय पहले महालेखाकार कार्यालय ने प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर विभागीय पोर्टलों तक पहुंच की मांग की थी, ताकि कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों और खर्च से जुड़ी सूचनाओं की गहन जांच की जा सके। सरकार द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद अब विभागाध्यक्षों को आवश्यक पासवर्ड और कोड उपलब्ध कराने होंगे, जिससे महालेखाकार कार्यालय संबंधित पोर्टलों तक पहुंच बना सके। इससे यह भी स्पष्ट होगा कि कहीं शासन प्रणाली में गलत जानकारी दर्ज कर योजनाओं का लाभ अपात्र लोगों तक तो नहीं पहुंचाया जा रहा है।

# नए राज्यपाल कविंद्र गुप्ता का जोरदार स्वागत

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने किया अभिनंदन



शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नए राज्यपाल कविंद्र गुप्ता और उनकी पत्नी का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सोमवार सायंकाल शिमला पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश के नए राज्यपाल कविंद्र गुप्ता (नामित) और उनकी पत्नी बिंदु गुप्ता का लोक भवन में अत्यंत गर्मजोशी और गरिमापूर्ण वातावरण में स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों और प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर लोक भवन में आत्मीयता और उत्साह का वातावरण देखने को मिला तथा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने राज्यपाल व उनकी धर्मपत्नी का स्वागत किया।

मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता का स्नेह और विश्वास उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास, जनकल्याण और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए वह समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने इस जिम्मेदारी को सम्मान के साथ एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। गुप्ता 10 मार्च को प्रातः 11:45 बजे हिमाचल प्रदेश के 30वें राज्यपाल के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करेंगे।

### राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को दी विदाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक व प्रशासनिक परंपराओं में सोमवार का दिन एक भावनात्मक क्षण के रूप में दर्ज हुआ, जब लोक भवन में आयोजित एक गरिमामय समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को औपचारिक एवं भावनात्मक विदाई दी।



इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने राज्यपाल के कार्यकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की और इसे लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच आपसी सम्मान और सौहार्द का प्रतीक बताया।

## दक्षिण अफ्रीका के उच्चायुक्त ने विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया से की भेंट

# भारत और दक्षिण अफ्रीका के कूटनीतिक सांस्कृतिक और खेल संबंधों पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** दक्षिण अफ्रीका के भारत में उच्चायुक्त प्रो. अनिल सूकलाल ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ. नेलिस्त्रा सूकलाल सिंह तथा दक्षिण अफ्रीका के उप-उच्चायुक्त सेडरिक सी. क्राउले भी उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने उच्चायुक्त और उनके साथ आए अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें शॉल, टोपी और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

इस दौरान विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लंबे समय से चले आ रहे कूटनीतिक, सांस्कृतिक तथा व्यापारिक सम्बन्धों पर विस्तार से चर्चा हुई। विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि वर्ष 1994 में दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद की समाप्ति के बाद भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रिश्ते और अधिक मजबूत हुए हैं। दोनों देश ऐतिहासिक रूप से ब्रिटिश उपनिवेश रहे हैं और आज गणराज्य के रूप में राष्ट्रमंडल के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के विरुद्ध संघर्ष में भारत और महात्मा गांधी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण व अविस्मरणीय रही है।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया से शिष्टाचार भेंट करते दक्षिण अफ्रीका के उच्चायुक्त प्रो. अनिल सूकलाल। अनंत ज्ञान

# दसवीं हिंदी पेपर की आंसर-की पर सवाल, विद्यार्थियों ने बताई त्रुटियां

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा के हिंदी विषय के पेपर की आंसर-की जारी कर दी गई है। आंसर-की के अनुसार सीरीज 'ए' के प्रश्न संख्या 3 और 14, सीरीज 'बी' के प्रश्न संख्या 4 और 15 तथा सीरीज 'सी' के प्रश्न संख्या 1 और 9 के उत्तर भानुपुरा तथा 3 बताए गए हैं, जबकि विद्यार्थियों का कहना है कि ये उत्तर गलत हैं। विद्यार्थियों के अनुसार प्रश्न में पूछा गया है कि मनु भंडारी-अजमेर के कौन-से मोहल्ले में रहते थे, तो एनसीईआरटी पुस्तक के अनुसार सही उत्तर ब्रह्मपुरी होना चाहिए, लेकिन आंसर-की में अलग उत्तर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति बन गई है। इसके अलावा प्रश्न संख्या 7 में हिंदी वर्णमाला में संयुक्त व्यंजनों की संख्या पूछी गई है, जिसका सही उत्तर विद्यार्थियों के अनुसार 4 होना चाहिए। विद्यार्थियों का कहना है कि बोर्ड सचिव से अनुरोध किया जाता है कि इन प्रश्नों के उत्तरों की दोबारा जांच कर सही उत्तर घोषित किए जाएं, ताकि किसी भी विद्यार्थी के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ न हो।

इस संदर्भ में बोर्ड अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा से मोबाइल पर संपर्क साधा गया परंतु व्यस्त होने के कारण उन्होंने फोन काट दिए।

## बोर्ड परीक्षा में पकड़े नकल के तीन मामले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से सोमवार को 12वीं कक्षा की फिजिक्स विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान नकल रोकने के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से गठित उडऩ दस्तों ने प्रदेश भर में तीन विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नकल के 3 मामले पकड़े। नकल के यह मामले मंडी, ऊना और कांगड़ा जिला में पकड़े गए हैं। शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि नकल पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। उड़नदस्तों के अलावा बोर्ड के उडऩदस्ते भी नकल के मामलों पर नजर रख रहे हैं।

## राज्यसभा चुनाव में उठे सवाल, राजेंद्र राणा ने मांगी जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने राज्यसभा चुनाव को लेकर नया विवाद खड़ा किया है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से मांग की है कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा को जारी किए गए निर्वाचित होने के प्रमाण पत्र की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच हो। राणा ने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 9ए के तहत अनुराग शर्मा की उम्मीदवारी को अयोग्य ठहराने की शिकायत की थी।

शिकायत में यह भी बताया गया कि उम्मीदवार के हलफनामे में उनका मुख्य व्यवसाय सरकारी ठेकेदारी है और उनके कई सरकारी ठेके वर्तमान में जारी हैं, जो अयोग्यता का आधार बन सकते हैं। राणा ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी को पहले भी ये तथ्य बताए गए थे, लेकिन सरकार के दबाव में प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। उन्होंने लोकतंत्र की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी गहन जांच की मांग की और कानून की अनदेखी पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# गगल एयरपोर्ट से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट पौने दो घंटे लेट

अनंत ज्ञान



**गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट पर डेढ़ बजे इंडिगो की फ्लाइट जो गग्गल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ करती थी सोमवार2 बजकर 45 मिनट पर कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुई, लेकिन इंडिगो की यह फ्लाइट पौने दो घंटे लेट हो जाने से यात्री समय पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट नहीं पहुंच पाए और चंडीगढ़ से मुंबई के जाने वाली इंडिगो विमान की कनेक्ट फ्लाइट छूट गई।

प्रभावित यात्री गौरव कथूरिया आंचल, पारस, अंकुर आदि ने बताया कि आज हमारी गग्गल एयरपोर्ट से चंडीगढ़ के लिए 1:30 बजे फ्लाइट जो दिल्ली से गगल एयरपोर्ट समय पर नहीं लैंड हुई। जिसकी वजह से यात्री गगल एयरपोर्ट से चंडीगढ़ एयरपोर्ट नहीं पहुंच पाए और उन हवाई यात्रियों की चंडीगढ़ एयरपोर्ट से मुंबई एयरपोर्ट जाने के लिए कनेक्टेड फ्लाइट भी चंडीगढ़ से छूट गई। उन्होंने बताया कि मुंबई में तीस हजार के होटल में रूम बुक करवाए थे वह भी इंडिगो की फ्लाइट लेट हो जाने से होटल के रूम के पैसे भी गए। जब इस बारे कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक अमित सकलानी से बात की गई तो उन्होंने बताया यह प्रॉब्लम इंडिगो विमान के अधिकारी ही बता सकते हैं, लेकिन जब इंडिगो के अधिकारियों से बात की जाती है तो वह कुछ भी बताने के लिए आगे नहीं आते।

◆ यात्री परेशान, चंडीगढ़ से मुंबई के लिए कनेक्टेड फ्लाइट भी छूटी

# हिमाचल के विमानपत्तनों पर उन्नत लैंडिंग प्रणाली प्रभावी बनाने की मांग

अनंत ज्ञान

◆ डॉ. सिकंदर ने राज्यसभा में उठाया कोहरे से उड़ानें रद्द होने का मुद्दा

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में हवाई संपर्क को अधिक सुरक्षित और सुचारू बनाने का मुद्दा सोमवार को राज्यसभा में प्रमुखता से उठा। राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने सदन में नागर विमानन मंत्रालय से प्रश्न करते हुए शिमला के जुब्बड़हट्टी और कुल्लू-भूंतर विमानपत्तनों पर कोहरे के कारण बार-बार उड़ानों के रद्द होने की समस्या को उठाया। उन्होंने पूछा कि इन दोनों विमानपत्तनों पर उन्नत अवतरण प्रणाली स्थापित करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है।

इसके साथ ही उन्होंने हमीरपुर जिले के जसकोट, कांगड़ा जिले के रक्कड़ और पालमपुर तथा चंबा में प्रस्तावित चार नए हेलिपोर्टों की प्रगति के बारे में भी जानकारी मांगी, जिनके मार्च-अप्रैल 2026 तक पूर्ण होने की उम्मीद जताई गई थी। सिकंदर ने यह भी जानना चाहा कि क्या सरकार वर्ष 2026 में लाहौल-स्पिति, किन्नौर और पांगी जैसे दुर्गम क्षेत्रों को प्रमुख विमानपत्तन केंद्रों से जोड़ने के लिए विशेष हेली-पर्यटन परिपथ शुरू करने की योजना बना रही है। सदन में उत्तर देते हुए केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम सहित विमानपत्तनों का विस्तार और उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है, जिसे भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों, यातायात मांग तथा एयरलाइनों की स्वैच्छिक भागीदारी जैसे विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत हिमाचल में 9 हेलिपेड, शिमला के संजोली, बद्दी, मनाली, मंडी, रामपुर, रिकांगपिओ, पालमपुर, रक्कड़ और चंबा की पहचान की गई है। राज्य में शिमला, कुल्लू, रामपुर हेलिपोर्ट, मंडी हेलिपोर्ट, रिकांगपिओ हेलिपोर्ट और संजोली हेलिपोर्ट को जोड़ने वाले कुल 38 क्षेत्रीय संपर्क मार्ग संचालित किए जा चुके हैं।

# अनुराग के नामांकन में संपत्ति छिपाने पर गरमाई सियासत

## राज्य निर्वाचन आयोग के समक्ष पहुंची शिकायत, नामांकन प्रक्रिया पर उठे गंभीर सवाल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश से हाल ही में निर्वाचित राज्यसभा सदस्य अनुराग शर्मा के नामांकन को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। धर्मशाला की अधिवक्ता निताशा कटोच ने निर्वाचन आयोग, राज्यसभा सचिवालय और हिमाचल प्रदेश विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान चुनावी हलफनामे में उनकी संपत्तियों का पूरा और सही विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया। शिकायत में कहा गया है कि यह मामला केवल तकनीकी त्रुटि नहीं बल्कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के संभावित उल्लंघन से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे चुनावी पारदर्शिता और वैधानिक प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लग सकते हैं।

शिकायत के अनुसार कानून स्पष्ट रूप से यह अपेक्षा करता है कि कोई भी प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल करते समय अपनी तथा अपने परिवार की चल और अचल संपत्तियों का संपूर्ण विवरण शपथपत्र के माध्यम से प्रस्तुत करे। आरोप लगाया गया है कि निर्वाचन आयोग के अभिलेखों और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध विवरणों के आधार पर यह संकेत मिलता है कि कुछ भूमि संपत्तियों का उल्लेख हलफनामे में नहीं किया गया। इन संपत्तियों में जिला कांगड़ा के बैजनाथ और मुल्थान क्षेत्र तथा जिला मंडी के जोगिंदरनगर क्षेत्र में स्थित भूमि खातों का उल्लेख शिकायत में किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि संपत्ति से संबंधित जानकारी जानबूझकर छिपाई गई है तो यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत गंभीर उल्लंघन की श्रेणी में आ सकता है।

शिकायत में एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें कहा गया है कि नामांकन के समय अनुराग शर्मा कथित रूप से एक सरकारी ठेकेदार के रूप में सक्रिय थे और उनके नाम पर लोक निर्माण विभाग के लगभग सोलह करोड़ रुपए के ठेके चल रहे थे। शिकायतकर्ता ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 9ए का हवाला देते हुए कहा है कि यदि किसी व्यक्ति के पास सरकार के साथ सक्रिय अनुबंध हो तो वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य माना जा सकता है। इसके साथ ही यह आरोप भी लगाया गया है कि इस पूरे मामले में विधानसभा सचिव द्वारा अत्यंत जल्दबाजी में प्रमाण पत्र जारी किया गया, जिससे नामांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। अधिवक्ता निताशा कटोच ने अपनी शिकायत में यह भी कहा है कि चुनावी हलफनामे में गलत या अपूर्ण जानकारी देना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 125ए के अंतर्गत दंडनीय अपराध माना जाता है। उन्होंने निर्वाचन आयोग, राज्यसभा सचिवालय तथा संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और विस्तृत जांच करवाई जाए, ताकि यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो उसके अनुसार वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### पूरे मामले की जांच कर तथ्यों को सार्वजनिक करने का आग्रह

**शिकायत** में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह मुद्दा केवल किसी एक उम्मीदवार से जुड़ा मामला नहीं बल्कि लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता से भी संबंधित है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि चुनावी हलफनामों में दी गई जानकारी की सत्यता की गंभीरता से जांच नहीं की जाती, तो इससे भविष्य में चुनावी प्रक्रिया पर जनविश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसी कारण आयोग से अपेक्षा की गई है कि पूरे मामले की गहन जांच कर तथ्यों को सार्वजनिक किया जाए और आवश्यक होने पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# प्रदेश सरकार मंत्रिमंडल से नहीं, बल्कि 'मित्र मंडल' से चलाई जा रही : जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार इस समय भारी अस्थिरता और भय के माहौल में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ण बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस के भीतर जिस तरह की उथल-पुथल और असमंजस की स्थिति बनी हुई है, उससे साफ है कि सरकार के भीतर ही विश्वास का संकट गहरा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सैद्धांतिक निर्णय लेते हुए अपना प्रत्याशी नहीं उतारा, जिससे कांग्रेस को अवसर मिला, लेकिन इसके बावजूद पार्टी के भीतर जिस तरह का भ्रम और असंतोष देखने को मिला, उसने कांग्रेस की आंतरिक स्थिति को उजागर कर दिया है।



जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्यसभा टिकट को लेकर कई वरिष्ठ नेता दिल्ली जाकर अपना पक्ष रख रहे थे और मुख्यमंत्री की ओर से कई नेताओं को लगातार भरोसा दिलाया जा रहा था कि उनके नाम पर विचार किया जा रहा है। कुछ नेताओं ने तो नामांकन से जुड़ी औपचारिकताएं भी पूरी कर ली थीं, क्योंकि उन्हें टिकट मिलने का विश्वास दिलाया गया था। लेकिन अंतिम समय में स्थिति बदल गई, जिससे कांग्रेस के भीतर असंतोष खुलकर सामने आया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी पीड़ा व्यक्त करना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस में संवाद और सम्मान की भावना समाप्त हो चुकी है।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकार मंत्रिमंडल से नहीं बल्कि 'मित्र मंडल' से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि फैसले कैबिनेट बैठकों में नहीं बल्कि सीमित मित्रों के समूह में लिए जा रहे हैं, जहां यह तय होता है कि किसे लाभ देना है और किसे किनारे करना है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को कांग्रेस ने साधारण कार्यकर्ता बताकर राज्यसभा का टिकट दिया, उसके शपथपत्र में लगभग 230 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति सामने आई है और वर्तमान सरकार में उसके पास कई करोड़ रुपए के ठेके भी बताए जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

# कोलडैम विस्थापितों को जल्द मिलेगी राहत

## मंडलायुक्त डॉ. राज कृष्ण ने पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में कोलडैम परियोजना से विस्थापित हुए सैकड़ों परिवार वर्षों से अपने पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर इंतजार कर रहे हैं। कई परिवारों को प्लॉट तो आवंटित हो चुके हैं, लेकिन जमीन पर बिजली, पानी, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण उनका बसना आज भी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में सोमवार को जिला मुख्यालय के बचत भवन में आयोजित समीक्षा बैठक ने विस्थापित परिवारों के लिए उम्मीद की एक नई किरण जगाई है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अब पुनर्वास से जुड़े लंबित कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा और प्रभावित परिवारों को बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

मंडलायुक्त डॉ. राज कृष्ण परूथी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कोलडैम से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाना जरूरी है। उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि विस्थापित परिवारों को दिए जाने वाले 12 प्लॉटों से संबंधित राजस्व प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि इन प्लॉटों पर बिजली, पानी और सड़क जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पुनर्वास क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था के लिए सोलर लाइटें लगाई जाएं और पानी, सड़क तथा ड्रेनेज जैसी सुविधाओं को मजबूत बनाया जाए, ताकि वहां बसने वाले परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

मंडलायुक्त ने यह भी कहा कि परियोजना से प्रभावित परिवारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उन्हें एनटीपीसी की जॉब पॉलिसी के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए, ताकि पात्र लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैर-सरकारी सदस्यों के साथ नियमित बैठकें आयोजित कर विस्थापित परिवारों की समस्याओं को समय रहते समझा जाए और उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि कोल डैम परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और आजीविका से जुड़े मुद्दों का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रभावित लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने होंगे।



बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त डॉ. राज कृष्ण। अनंत ज्ञान

## हलचल | कुल्लू में प्रदेश के करीब 12 पूर्व विधायकों सहित दिग्गज नेताओं की बैठक आयोजित

# हिमाचल की राजनीति में तीसरे विकल्प की आहट

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक राजनीति, जो दशकों से कांग्रेस और भाजपा के इर्द-गिर्द घूमती रही है, अब एक बड़े मोड़ पर खड़ी नजर आ रही है। कुल्लू जिले के बंजार विधानसभा क्षेत्र के एक गुप्त स्थान पर प्रदेश के दोनों मुख्य दलों के असंतुष्ट नेताओं ने एक महत्वपूर्ण बैठक की है।

इस गुप्त बैठक में राज्य के राजनीतिक भविष्य को लेकर गंभीर मंथन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश में एक सशक्त तीसरे राजनीतिक विकल्प को जन्म देना है। चर्चा है कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले 'हिमाचल बचाओ पार्टी' के नाम से एक नए दल का गठन किया जा सकता है। इस बैठक ने सत्ता के गलियारों में हलचल पैदा कर दी है, क्योंकि इसमें शामिल होने वाले अधिकांश नेता वे हैं जो या तो पूर्व विधायक रह चुके हैं या जिन्हें वर्तमान परिस्थितियों में अपनी पार्टी से टिकट कटने की प्रबल आशंका है। इस बैठक की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें प्रदेश के लगभग हर कोने से दिग्गज नेताओं ने शिरकत की। मिली जानकारी के अनुसार, बैठक के लिए करीब 35 लोगों की सूची तैयार की गई थी, जिनमें से 22 नेता मौके पर पहुंचे। इनमें 12 पूर्व विधायकों की उपस्थिति की पुष्टि हुई है।

दिलचस्प बात यह है कि इस पूरी मुहिम का समन्वय (Coordination) चार पूर्व सांसदों द्वारा किया जा रहा है। हालांकि, रणनीतिक तौर पर इस बैठक के स्थान को पूरी तरह गुप्त रखा गया था, लेकिन राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि यह गुट आने वाले समय में एक होकर चुनाव लड़ेगा, जो सीधे तौर पर भाजपा और कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाएगा।

### क्षेत्रीय समीकरणों, विश्लेषण और तीसरे मोर्चे का इतिहास

**इस** संभावित तीसरे मोर्चे की पहुंच पूरे प्रदेश में दिखाई दे रही है। क्षेत्रवार भागीदारी पर नजर डालें तो कांगड़ा से 6 नेता शामिल हुए जिनमें 4 पूर्व विधायक हैं। शिमला, किन्नौर और लाहौल से भी 6 नेताओं ने हिस्सा लिया जिनमें 4 पूर्व विधायक शामिल हैं। मंडी से 6 नेता (2 पूर्व विधायक), हमीरपुर से 3 में से 2 पूर्व विधायक और चंबा से 3 नेता (1 पूर्व विधायक) इस बैठक का हिस्सा बने। इसी तरह सोलन, सिरमौर, ऊना और बिलासपुर से भी पूर्व विधायकों और वरिष्ठ नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस गठबंधन को मजबूती दी है। बैठक में यह तय किया गया है कि सभी नेता अपने-अपने स्तर पर विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटेंगे, ताकि आने वाले समय में एक मजबूत फ्रंट पेश किया जा सके।

### रामलाल मार्कंडेय, राम सिंह व जवाहर ठाकुर बताए जा रहे हैं कर्णधार

**सूत्रों** के मुताबिक इस बैठक के प्रमुख कर्णधार पूर्व मंत्री रामलाल मार्कंडेय को माना जा रहा है। हालांकि बताया जा रहा है कि वह उस समय दिल्ली में मौजूद थे, लेकिन बैठक उनकी रहनुमाई में ही आयोजित की गई। इसके अलावा भाजपा के बागी और कुल्लू से पूर्व प्रत्याशी राम सिंह का नाम भी इस बैठक से जोड़ा जा रहा है, जबकि दरंग के पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर भी इस बैठक के प्रमुख आयोजकों में बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार बैठक में प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति, जनता के बीच बढ़ती नाराजगी और नए राजनीतिक विकल्प की संभावनाओं पर चर्चा की गई। फिलहाल इस बैठक को लेकर आधिकारिक रूप से कोई बयान सामने नहीं आया है, लेकिन प्रदेश की राजनीति में तीसरे राजनीतिक विकल्प की चर्चाएं तेज होने से राजनीतिक हलकों में नई हलचल जरूर पैदा हो गई है।

### इससे पूर्व भी तीसरे मोर्चे पर कुछ नेताओं ने खेला है दांव

**हिमाचल** के राजनीतिक इतिहास को देखें तो यह पहली बार नहीं है जब तीसरे मोर्चे की कोशिश हुई है। इससे पहले दिवंगत पंडित सुखराम ने 'हिमाचल विकास कांग्रेस' (हिविंका) का गठन किया था और भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई थी, जिसमें प्रेम कुमार धूमल मुख्यमंत्री बने थे। बाद में महेश्वर सिंह ने 'हिलोपा' के जरिए भाजपा को कड़ी चुनौती दी थी। वर्तमान में भी कुछ लोग 'वीरभद्र कांग्रेस' के नाम से नए विकल्प की चर्चा कर रहे हैं। हालांकि, कुल्लू की इस बैठक ने इन अटकलों को और हवा दे दी है। यदि यह नया मोर्चा धरातल पर उतरता है, तो यह हिमाचल की 'बारी-बारी' वाली राजनीति को खत्म कर एक त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति पैदा कर सकता है, जिससे दोनों स्थापित दलों का समीकरण बिगड़ना तय है।

## न्यूज ब्रीफ

### कन्या विवाह में दिया धाम का सामान

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन नगरोटा बगवां ने कबाड़ी गांव की कन्या पिंकी देवी पुत्री संतोष कुमारी को सामान भेंट किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन जिला कांगड़ा के अध्यक्ष गुरबंश सपहिया और साथ में पदाधिकारी राकेश शर्मा पवन अंबाड़ी, सुनील राणा कालेयां हटवास, ब्रह्मानंद, अरिन चौधरी, कुलजीत डडवाल, शारदा कटोच, विजय सूद, रत्न धनोटिया, ओम प्रकाश, सुरेंद्र वालिया, लेखराज इत्यादि शामिल थे।

### जीजीडीएसडी कॉलेज में पोस्ट बजट वेबिनार आयोजित



अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर। गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज (जीजीडीएसडी) राजपुर में संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) प्रकोष्ठ के तहत पोस्ट बजट वेबिनार 2026-27 का आयोजन किया गया। यह वेबिनार 'सबका साथ, सबका विकास-लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर नवाचार प्रकोष्ठ, शिक्षा मंत्रालय तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से वेबिनार से जोड़ा गया, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। उन्होंने शिक्षा, कौशल विकास और विश्वविद्यालय नगरों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए। विद्यार्थियों ने शिक्षा व कौशल विकास से संबंधित प्रमुख घोषणाओं की जानकारी प्राप्त की।

### कुलाहर के अजय ने उत्तीर्ण की यूपीएससी परीक्षा



पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा। परागपुर क्षेत्र के कुलाहर गांव के 29 वर्षीय अजय संधू पुत्र तिलक राज ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर 928वां रैंक हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अजय ने प्रारंभिक शिक्षा अपने पैतृक गांव लग बलियाणा से प्राप्त की और राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परागपुर से जमा दो की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने होशियारपुर से बीटेक की डिग्री हासिल की। अजय के पिता तिलक राज शिक्षा विभाग से शास्त्री पद से सेवानिवृत्त हैं। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और ठाकुर सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने भी उन्हें बधाई दी।

### नंगल पंचायत में 60 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। नंगल चौक पंचायत में सोमवार को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन एमओ डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में किया गया, जिसमें ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान 60 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 30 के लैब टेस्ट भी किए गए। जांच में 10 मरीज हड्डियों के रोग, 8 शुगर, 12 बीपी तथा एक महिला स्त्री रोग से संबंधित समस्या से ग्रसित पाई गई, जबकि 29 मरीज सामान्य बीमारियों से पीड़ित मिले। सभी मरीजों को दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पहल के लिए सांसद अनुराग ठाकुर का आभार जताया।

### पठानकोट में अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल 14 को

अनंत ज्ञान, पठानकोट। क्रिकेट एसोसिएशन पठानकोट द्वारा जिले के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के चयन के लिए अंडर-19 लड़कों के क्रिकेट ट्रायल 14 मार्च को सुंदर कुठेड़ क्रिकेट ग्राउंड पठानकोट में आयोजित किए जाएंगे। सभी इच्छुक खिलाड़ियों को सुबह 10 बजे तक सफेद क्रिकेट यूनिफॉर्म और पूरा किट बैग लेकर मैदान में पहुंचना होगा। सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य रहेगा। अंडर-19 वर्ग के लिए जन्म तिथि 1 सितंबर 2007 या उसके बाद होना आवश्यक है। सचिव रवी महाजन ने खिलाड़ियों से ट्रायल में भाग लेने की अपील की। हेड कोच इंद्रजीत सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों की बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग और फिटनेस का मूल्यांकन किया जाएगा।

# कांगड़ा ब्लॉक में पीएमएवाई के तहत 78 फीसदी आवास निर्माण कार्य पूरा

## मनरेगा के तहत 1.83 लाख से अधिक कार्य दिवस अर्जित, 9.39 करोड़ रुपए खर्च

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। विकास खंड कांगड़ा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 78 फीसदी आवास निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मनरेगा के तहत ब्लॉक में 1 लाख 86 हजार से अधिक कार्य दिवस अर्जित कर 9.39 करोड़ रुपए की राशि व्यय की गई है। यही नहीं ब्लॉक की कई पंचायतों ने 15वें वित्त आयोग की अधिकतर राशि को विकास कार्यों पर खर्च कर दिया है।

◆ कई पंचायतों ने 15वें वित्त आयोग की राशि से विकास कार्यों को दी रफ्तार



बीडीओ कांगड़ा पारूल कटारिया ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि विकास खंड कांगड़ा के अंतर्गत 47 पंचायतें आती हैं, जिनमें ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग की विभिन्न स्कीमों के तहत विकास कार्यों को क्रियान्वित किया जा रहा है। बीडीओ ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के तहत कई पंचायतों में विकास कार्य हुए हैं, जिनमें हलेड़कलां, बीरता, ललेहड़ पंचायत शामिल है।

हलेड़कलां पंचायत को 50 लाख 93 हजार 162 रुपए की राशि 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त हुई थी, जिसमें से 17 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई है। बीरता पंचायत में 21 लाख से अधिक की राशि प्राप्त हुई थी, जिसमें से 14 लाख से अधिक का खर्च किया गया है।

ललेहड़ 14 लाख से अधिक की राशि प्राप्त हुई थी, जिसमें से 8 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई है। अन्य पंचायतों में भी विकासात्मक कार्य हुए हैं। बीडीओ ने बताया कि मनरेगा के तहत विकास खंड में 1 लाख 86 हजार से अधिक कार्य दिवस अर्जित कर 9.39 करोड़ रुपए की राशि व्यय की गई है।

बीडीओ पारूल कटारिया ने बताया कि विकास खंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत वर्ष 2024–25 में 871 स्वीकृत मकान थे, जिनमें से 678 का निर्माण हो गया है तथा इस तरह से ब्लाक का योजना के तहत आवास निर्माण की प्रतिशतता 78 फीसदी रही है।

## अद्वैता फाउंडेशन ने 3 छात्राओं को भेंट किए स्कॉलरशिप चेक



छात्रा नेहा, मुस्कान और सिमरन को भेंट किए चेक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

नगरोटा बगवां। ऊना की समाजसेवी संस्था अद्वैता फाउंडेशन ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मिसाल पेश की है। आर्थिक तंगी से जूझ रही तीन मेधावी छात्राओं नेहा, मुस्कान और सिमरन को उनकी कानून की पढ़ाई पूरी करने के लिए स्कॉलरशिप चेक प्रदान किए गए।

यह चेक एसडीएम ऊना अभिषेक मित्तल द्वारा भेंट किए गए। इस अवसर पर एसडीएम ने फाउंडेशन के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए वरदान बताया। फाउंडेशन की अध्यक्ष मोनिका सिंह एवं डॉ. हरजिंद्र सिंह ने दोहराया कि धन के अभाव में किसी भी बेटी की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, और गरीब कन्याओं की मदद के लिए सदैव तत्पर है। इस नेक कार्य में टीम सदस्य जसबीर कालगिधर, इंद्रजीत सिंह, एडवोकेट लविका और मोनिका धीमान सहित पूरी टीम का विशेष सहयोग।

## स्मार्ट सिटी के तहत हुए कार्यों पर जनचेतना संस्था ने उठाए सवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जन चेतना धर्मशाला की बैठक अध्यक्ष आरसी कटोच की अध्यक्षता में हुई। इसमें स्मार्ट सिटी परियोजना के अभी तक हुए कार्यों पर सवाल उठाए गए। साथ ही स्मार्ट सिटी की पांच उपलब्धियां सार्वजनिक की जाने की भी मांग उठाई गई। इस दौरान पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने विचार साझा करते हुए अभी तक भी मर्ज क्षेत्रों में सीवरेज सुविधा न मिलना, सामुदायिक शौचालयों का अभाव और पार्किंग की कमी को लेकर इन सभी समस्याओं का तुरंत समाधान किए जाने को लेकर नगर निगम के अधिकारियों से मांग की है। साथ ही पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की भी आवाज बुलंद की, ताकि शहरियों को पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान जन चेतना के पदाधिकारियों में अध्यक्ष आरसी कटोच के अलावा प्रदीप चौधरी, आरपी चोपड़ा, एससी धीमान, विजय जयकारिया सहित अन्यों ने सवाल उठाते हुए नगर निगम व धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड के पदाधिकारियों से जानना चाहा कि स्मार्ट रोड की मौजूदा स्थिति क्या है, क्या ये पूरी तरह से बन चुका है या नहीं। केसीसीबी से क्रिकेट स्टेडियम तक बनने वाले कारिडोर की क्या स्थिति है। स्मार्ट स्ट्रीट लाइट की क्या स्थिति है के अलावा जितनी भी स्मार्ट सिटी की परियोजनाएं हैं, उनकी वास्तुस्थिति से शहरियों को अवगत कराया जाए।

◆ स्मार्ट सिटी की पांच उपलब्धियों को सार्वजनिक करने की मांग

## टंबर पंचायत का पशु चिकित्सालय भवन गिरने की कगार पर

अनंत ज्ञान

पालमपुर। विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर की टंबर पंचायत का पशु चिकित्सालय भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और कभी भी गिर सकता है। दरवाजे-खिड़कियां टूट चुकी हैं और दीवारों में बड़े-बड़े छेद हो गए हैं। अब यह पशु चिकित्सालय किराये की दुकान में चलाया जा रहा है, जिससे जनता को बहुत कम सुविधा मिल रही है।



◆ 'आप' प्रदेश प्रवक्ता ने विधायक और मंत्री से की भवन बनाने की अपील

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि 1978–79 में टंबर पंचायत में इस भवन का निर्माण हुआ था, और यह पंचायत के लिए, एक महत्वपूर्ण स्थान था। काली दास ने बताया कि पहले यह भवन एक प्राइवेट स्कूल के रूप में इस्तेमाल होता था, जहां हजारों बच्चे पढ़ाई करते थे और आज विभिन्न स्थानों पर काम कर रहे हैं। बाद में इसे सरकारी मिडल स्कूल और पशु चिकित्सालय के रूप में इस्तेमाल किया गया। लेकिन अब भवन की जर्जर स्थिति देखकर दुख होता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि न तो यहां पंचायत भवन है, न ही सिंचाई के पानी की योजना, और न ही स्कूल का भवन बच्चों और जनता को सौंपा गया है। काली दास ने कहा कि आम आदमी पार्टी क्षेत्र के विकास की अनदेखी की निंदा करती है और वादा किया कि यदि पार्टी को मौका मिलता है, तो इन सभी कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा किया जाएगा।

उन्होंने स्थानीय विधायक और मंत्री से जल्द से जल्द चिकित्सालय भवन बनाने और अधूरे कार्यों को पूरा करने की अपील की।

## पंचरुखी में राज्यस्तरीय सलियाना छिंज मेला 28 से

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पंचरुखी में राज्यस्तरीय ऐतिहासिक सलियाना छिंज मेला 28 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। यह मेला पंचरुखी क्षेत्र के लोगों के लिए एक प्रमुख उत्सव है, जिसका सालभर बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बार इस मेले में महिला कुश्ती का आयोजन भी किया जा रहा है। स्थानीय विधायक व मंत्री यादविंदर गोमा ने खेलों और व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और दिशा निर्देश जारी किए। खेलों की शुरुआत 28 मार्च से होगी, जिसमें विजेता को 21,000 रुपए और उपविजेता को 15,000 रुपए इनाम दिए जाएंगे। 29 मार्च को वॉलीबाल जूनियर मुकाबला होगा, 30 मार्च को कुश्ती का मुख्य दंगल, और 31 मार्च को कबड्डी के मुकाबले होंगे। महिलाओं के खेल, जैसे कुश्ती, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ और मटका फोड़, भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। महिला कुश्ती में विजेता को 11,000 रुपए और उपविजेता को 9,000 रुपए का इनाम मिलेगा।

## एचआरटीसी पेंशनर्स ने पेंशन न मिलने पर जताया रोष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम पेंशनर कल्याण संगठन इकाई धर्मशाला व पठानकोट की एक संयुक्त बैठक धर्मशाला के एक निजी होटल में आयोजित की गई। संगठन के अध्यक्ष सरूप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में 75 सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश पेंशनर कल्याण संघ डांगू-जसूर के प्रधान रमेश चंद विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने समय पर पेंशन का भुगतान न होने पर कड़ा रोष व्यक्त किया। इसके अलावा मेडिकल बिलों का गत 3 वर्षों से लिखित भुगतान तथा 3 प्रतिशत डीआर का भुगतान न होने पर परिवहन प्रबंधन के विरूद्ध रोष प्रकट किया गया। संघ के अध्यक्ष सरूप सिंह ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि परिवहन पेंशनर्ज वृद्धावस्था में भी आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, जबकि कई पेंशनर्ज अपनी-अपनी बीमारियों की बिना पैसे इलाज करवाने में असमर्थ हैं व समस्याओं से जूझ रहे हैं, परंतु परिवहन प्रबंधन की अनदेखी से परिवहन निगम के पेंशनर्स अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है। संगठन ने चेताया कि यदि मांगें शीघ्र पूरी नहीं हुई तो आगामी विधानसभा सत्र के दौरान धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

◆ कल्याण संगठन धर्मशाला व पठानकोट की बैठक आयोजित

## पुलिस ने 6.32 ग्राम चिट्टे के साथ युवक को किया गिरफ्तार



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नूरपुर में एक युवक को 6.32 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस थाना नूरपुर में मामला दर्ज किया गया है।

एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान खुशीनगर, हिमाचल टूरिज्म होटल नूरपुर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6.32 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान विवेक सिंह (35) पुत्र महिंदर सिंह निवासी गांव खणोड़ा, डाकघर ढुंडी, तहसील चुवाड़ी, जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि बरामद मादक पदार्थ को नियमानुसार कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है। मामले की आगे की जांच जारी है, जिसमें मादक पदार्थ के स्रोत एवं नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है।

## तीन साल में कांग्रेस सरकार नहीं कर पाई वादे पूरे : विपिन परमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। भाजपा उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री और सुलह विधानसभा क्षेत्र से विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु के नेतृत्व वाली सरकार को तीन साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक प्रदेश की जनता को उनके अधिकार और वादों का लाभ नहीं मिला है।

परमार ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों के दौरान पारदर्शी शासन, आर्थिक मजबूती और विकास की नई दिशा देने का दावा किया था, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अधिकांश समय केवल भाषणों और दावों में बिताया है, जबकि प्रदेश की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है और कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। विकास कार्यों की गति भी धीमी पड़ी है, जिससे प्रदेश की प्रगति प्रभावित हो रही है। परमार ने कहा कि सरकार के वादे पूरे नहीं हुए हैं और आने वाले समय में जनता सरकार के कामकाज का हिसाब लेगी।

## शिव नगर कॉलेज में स्टेटिस्टिक्स जागरुकता अभियान संपन्न



डॉ. संगीता सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में आंकड़ों का महत्व बताया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

राकेश डोगरा, डरोह। राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में एसएसएस स्कीम के तहत हिमाचल प्रदेश सरकार का सांख्यिकी विभाग और शिवनगर महाविद्यालय का वाणिज्य विभाग मिलकर आंकड़ों के उपयोग को लेकर जागरुकता अभियान चला रहा है।

कार्यक्रम की संयोजक प्रो. शिखा धरवाल ने समापन सत्र में सभी का स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए जीवन में आंकड़ों का महत्व बताया। अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय की अनुसंधान अधिकारी डॉ. शिल्पा डोगरा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने व्याख्यान में आंकड़ों के विविध पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

इस अभियान की शुरुआत 21 फरवरी 2026 को हुई थी। 25 फरवरी को डाटा हंट चैलेंज रखा गया जिसमें 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। 26 फरवरी को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई जिसमें 45 विद्यार्थी उपस्थित रहे। 27 फरवरी को आंकड़ों से संबंधित मीम बनाकर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता को दिखाते हुए सीखने के नए तरीके जाने। इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस अवसर पर प्रो. राजेश कुमार, प्रो. शिखा धरवाल, डॉ. उज्ज्वल सिंह, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा, डॉ. योगेश पांडेय उपस्थित रहे।

## भारतीय मजदूर संघ बोला– पर्यटन निगम के 8 होटलों को निजी हाथों में सौंपने के फैसले के पीछे रिटायर अधिकारी का हाथ

रविंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, फतेहपुर। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के आठ प्रमुख होटलों के ऑपरेशन और मेंटिनेंस को आउटसोर्सिंग के माध्यम से निजी ऑपरेटरों को सौंपने के निर्णय को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रदेश भारतीय मजदूर संघ ने इस फैसले के पीछे एक सेवानिवृत्त उच्च अधिकारी की भूमिका होने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग उठाई है। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा, प्रदेश महामंत्री यशपाल, उप महामंत्री देवीदत्त, कोषाध्यक्ष अमिचंद डोगरा, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, रमेश राणा, सुषमा शर्मा, सचिव नरेश ठाकुर, नेकराम, राजू भारद्वाज तथा सुमन देवी ने संयुक्त बयान में कहा कि उक्त रिटायर अधिकारी की काफी समय से पर्यटन निगम के होटलों पर नजर रही है। उनका आरोप है कि यह अधिकारी पहले भी कई बार निगम के होटलों को बेचने का प्रयास कर चुका है, लेकिन हर बार उसे सफलता नहीं मिल सकी। संघ नेताओं ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान भी इस अधिकारी ने पर्यटन निगम के होटलों को बेचने के लिए पूरा खाका तैयार कर लिया था। हालांकि उस समय यूनियन और भारतीय मजदूर संघ के कड़े विरोध के कारण यह योजना सफल नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि जैसे ही उस समय के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारी को पद से हटा दिया था। संघ नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान में यह रिटायर अधिकारी मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार की भूमिका निभाते हुए मुख्यमंत्री को गुमराह कर फिर से इन होटलों को बेचने का प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रदेश का कोई भी होटल नहीं बेचा जाएगा और जो होटल पहले से ठेके पर दिए गए हैं उन्हें भी वापस लिया जाएगा। भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए।

## दौरा कृषि विभाग की टीम ने किया नगरोटा सूरियां ब्लॉक में गेहूं की फसल का निरीक्षण

# किसानों को दी सतर्क रहने की सलाह

अनंत ज्ञान

अजय पाल, पालमपुर। कृषि विभाग की राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला की टीम ने नगरोटा सूरियां विकास खंड के कथोली, सकनारा तथा नगरोटा सूरियां क्षेत्रों का दौरा कर किसानों के खेतों में गेहूं की फसल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने विशेष रूप से पीला रतुआ (येलो रस्ट/स्ट्राइप रस्ट) रोग की गहन निगरानी की। टीम ने पाया कि इन क्षेत्रों में पीला रतुआ रोग का कोई प्रकोप नहीं है और फसल की स्थिति संतोषजनक है।



इन क्षेत्रों में पीला रतुआ रोग का कोई प्रकोप नहीं। अनंत ज्ञान

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी कि मौसम की अनुकूल परिस्थितियों जैसे अधिक ठंड और नमी को देखते हुए सतर्क रहें। उन्होंने बताया कि हिमाचल में पीला रतुआ गेहूं का प्रमुख रोग है, जो सामान्यतः दिसंबर के मध्य से जनवरी के प्रथम पखवाड़े तक दिखाई देता है और मार्च के अंत तक फैल सकता है। रोग के लक्षण पत्तियों पर पीली धारियों के रूप में दिखाई देते हैं, जिनसे हल्दी जैसा पीला चूर्ण निकलता है। गंभीर अवस्था में यह रोग तनों और बालियों तक फैल सकता है, जिससे दाने सिकुड़ जाते हैं और पैदावार में कमी आती है। रोग प्रबंधन के लिए किसानों को सलाह दी गई कि वे रोग प्रतिरोधी किस्मों जैसे एचपीडब्ल्यू 360, एचएस 542, डब्ल्यूएच 1270, डीबीडब्ल्यू 303, डीबीडब्ल्यू 327, पीबीडब्ल्यू 872, डीबीडब्ल्यू 371 और डीबीडब्ल्यू 372 का उपयोग करें। यदि फसल में रोग के लक्षण दिखाई दें, तो प्रोपिकोनाज़ोल 25 ईसी (शाइन/टिल्ट) की 0.1 प्रतिशत सान्द्रता वाला घोल तैयार कर छिड़काव करें। एक कनाल के लिए 30 मिली दवाई को 30 लीटर पानी में और एक बीघा के लिए 60 मिली दवाई को 60 लीटर पानी में मिलाएं। आवश्यकता पड़ने पर 15 दिन के अंतराल पर पुनः छिड़काव करें।

### लक्षण दिखने पर तुरंत विभाग से करें संपर्क

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे नियमित रूप से अपनी फसल का निरीक्षण करें और किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर तुरंत विभाग से संपर्क करें। निरीक्षण दल में राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला से डॉ. नेहा ठाकुर, कृषि विकास अधिकारी डॉ. इंदु राणा, कृषि प्रसार अधिकारी डॉ. प्रवीण अत्री और डॉ. नवजोत कौंडल अधिकारी शामिल थे। विभाग क्षेत्र में निरंतर निगरानी कर रहा है और किसानों को समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

## रसोई गैस की कोई कमी नहीं : विश्व कुमार

अनंत ज्ञान, फतेहपुर। अमेरिका-इसराइल और ईरान युद्ध को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के कारण रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर लोग चिंतित हैं। कई स्थानों पर लोग बिना जरूरत के गैस सिलेंडर की अतिरिक्त बुकिंग करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, गैस एजेंसियों का कहना है कि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

फतेहपुर स्थित शहीद अशोक गैस एजेंसी के प्रबंधक विश्व कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि निर्धारित नियमों के अनुसार बुकिंग करने पर तय समय पर गैस सिलेंडर की सप्लाई मिल रही है। विश्व कुमार ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वे अनावश्यक जल्दबाजी या अतिरिक्त बुकिंग से बचें। साथ ही, जिन उपभोक्ताओं ने ईकेवाईसी नहीं करवाई है, वे जल्द इसे पूरा करें ताकि भविष्य में कोई तकनीकी समस्या न हो।

## नारी गौरव है, अभिमान है और नारी ने ही विधान रचा है: तृप्ता पुंज




श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी कॉलेज पठानकोट में महिला दिवस मनाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, पठानकोट। श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी कॉलेज पठानकोट में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में कमलदीप (डीएओ पठानकोट) और उषा देवी (डीएपीपीए) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

कार्यक्रम की शुरुआत रिया पुंज (उपाध्यक्ष, एसएसजीआई) द्वारा सभी संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत करके हुई। एमडी तृप्ता पुंज ने स्टाफ और स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि 'नारी गौरव है, अभिमान है और नारी ने ही विधान रचा है।'

उन्होंने कहा कि महिला दिवस तभी कामयाब है जब महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया जाए। इस अवसर पर डॉ. अनुराधा, डॉ. निधि, ममता (अधिवक्ता), प्रीत कौर (जंडवाल), मीणा सरपंच, शिवानी (सरपंच), माधवी (सेंटर हेड), पूनम (मीडिया) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर रणजीत सिंह, प्रिंसिपल डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. विपन गुप्ता, डॉ. नवदीप सांबल, और अन्य प्रिंसिपल्स, स्टाफ और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### शानवी व अशुल का एनएमएमएस छात्रवृत्ति के लिए चयन



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** चौधरी तारा चंद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गगल खोली तहसील धीरा के दो विद्यार्थियों का चयन (एनएमएमएस) छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। शानवी पुत्री संजीव कुमार धलेरा व अशुल पुत्र पवन कुमार गांव खोली ने एनएमएमएस परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्रों को जमा दो कक्षा तक प्रतिवर्ष 12000 रुपए छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। प्रधानाचार्य कैलाश आनंद ने बच्चों को सम्मानित करते हुए इसका श्रेय अपने अध्यापकों व बच्चों के अभिभावकों को दिया।

### पालमपुर की दिव्यांशी उपाध्याय बनी लेफ्टिनेंट



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के पट्टी गांव के सूबेदार मेजर अजय कुमार और रंजन उपाध्याय की बेटी दिव्यांशी उपाध्याय सेना में लेफ्टिनेंट चयनित हुई है। दिव्यांशी ने जमा दो तक की पढ़ाई सेंट्रल स्कूल होल्टा और आगे की पढ़ाई कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से की है। दिव्यांशी की दादी पुष्पा शर्मा ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और अपनी पोती के सेना चयनित होने पर उन्हें गर्व है।

### 3 स्टूडेंट्स ने पास की नेशनल मीन्स परीक्षा



**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेशभर में आयोजित नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है। यह परीक्षा 2 नवंबर 2025 को आयोजित की गई थी। कांगड़ा के राजकीय उच्च विद्यालय लोअर खैरा की आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों कार्तिक, प्रीति और नव्या ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य बलविंद्र सिंह कटोच ने इन विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं और अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 9वीं से 12वीं कक्षा तक प्रति माह एक हजार रुपए छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाएंगे। यह विद्यालय जिला कांगड़ा का एकमात्र विद्यालय है, जहां से तीन विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की है।

### रिड़कुमार कॉलेज में सांख्यिकी पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कुमार के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार के सांख्यिकी विभाग और भारत सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय के सहयोग से 'सांख्यिकीय उत्पादों के प्रति जागरूकता' पर सोमवार को एक विशेषज्ञ व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला के सहायक आचार्य डॉ. राम रत्तन ने विद्यार्थियों को सांख्यिकी के महत्व और सरकारी आंकड़ों के उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एनएसएसओ, जनगणना, राष्ट्रीय आय के आंकड़े, और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

### निजी स्कूलों के लिए मान्यता नवीनीकरण आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपनिदेशक स्कूल प्रारंभिक शिक्षा ने कांगड़ा जिले के निजी विद्यालयों के प्रबंधकों और मुखियों को सूचित किया है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2011 के तहत 2026-31 शैक्षणिक सत्र के लिए मान्यता तथा 2026-27 सत्र के नवीनीकरण के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। विद्यालयों को वेबसाइट पर लॉगइन करके आवेदन करना होगा। पहली से आठवीं कक्षा के लिए संबंधित बीईईओ और डीडीई कांगड़ा को ऑनलाइन आवेदन भेजने होंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 है। मान्यता नवीनीकरण के बिना विद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी।

### हैवी ड्राइवर भर्ती के लिए पंजीकरण 12 तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम द्वारा संयुक्त अरब अमीरात में हैवी ड्राइवर (बॉबकैट ऑपरेटर) के 50 पदों पर भर्ती की जा रही है। इन पदों के लिए मासिक वेतन 2400 संयुक्त अरब अमीरात दिरहम (लगभग 60 हज़ार रुपये), ओवरटाइम, एसीसी और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इच्छुक आवेदक 12 मार्च 2026 तक गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 01892-224892 पर संपर्क करें।

### विद्यार्थियों को बताए सड़क सुरक्षा नियम

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एक जागरुकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के एएसआई लियाकत खान ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों, नशा निवारण और एंटी रैगिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा का पालन करने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस विभाग से दिनेश कुमार और राजिंदर कुमार भी उपस्थित थे।

### तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस की 67वीं वर्षगांठ आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस की 67वीं वर्षगांठ मंगलवार को मैक्लोडगंज में मनाई जाएगी। तिब्बती केंद्रीय प्रशासन (सीटीए) द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी 10 मार्च को सुबह तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस का आयोजन किया जा रहा है। सीटीए के प्रवक्ता तेंजिन जिग्मे ने बताया कि मंगलवार सुबह 9 बजे मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मठ चुगलाखांग के प्रांगण में तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह की 67वीं वर्षगांठ का आधिकारिक स्मरणोत्सव आयोजित किया जाएगा।

## वर्ष 2030 तक पशुओं में मुंह खुर रोग को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य

# एफएमडी वैक्सीनेशन के लिए जिले में पहुंची 2.70 लाख डोज

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश में गाय, भैंस, भेड़-बकरियों व सूअरों में मुंह खुर रोग (एफएमडी) को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य तय किया है। एफएमडी वैक्सीनेशन के लिए जिले में 2.70 लाख डोज पहुंच चुकी हैं, जिन्हें विभाग ने स्टोर कर रख लिया है। इसके लिए शेड्यूल तय होते ही वैक्सीनेशन का सातवां चरण जिला में शुरू कर दिया जाएगा।

वैक्सीनेशन कैंपेन में इस बार नई व्यवस्था की गई है, जिसके तहत वैक्सीनेशन डिटेल नेशनल पोर्टल पर अपलोड करते हुए पशुपालक के आधार लिंक मोबाइल पर ओटीपी आएगा, जिसे पशुपालक को पशुपालन विभाग की वेक्सीनेशन टीम के साथ शेयर करना होगा।

### वैक्सीनेशन का सातवां राउंड जल्द होगा शुरू



**पशुपालन** विभाग की उपनिदेशक डा. सीमा गुलेरिया ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि पशुओं को लगने वाले मुंह खुर रोग (एफएमडी) से बचाव के लिए वैक्सीनेशन का सातवां चरण जल्द शुरू होने वाला है। पशुपालन विभाग कांगड़ा जिले के पास गाय व भैंसों के लिए वैक्सीनेशन की 2 लाख 70 हजार डोज पहुंच चुकी है। वैक्सीनेशन प्रक्रिया के लिए नीडल, सिरिंज की खरीद की जा चुकी है। जैसे ही डिप्टी डायरेक्टर एपिडेमीलॉजी द्वारा कैंपेन शेड्यूल तय किया जाता है, क्योंकि नेशनल स्तर के एक पोर्टल पर वैक्सीनेशन को ऑनलाइन अपलोड किया जाता है, जिसके लिए समय निर्धारित होता है। भेड़-बकरियों में भी एफएमडी की खतरा रहता है, जिसके चलते उनकी भी वैक्सीनेशन की जाती है। साल में दो बार वैक्सीनेशन छह माह के अंतराल में की जाती है। बकौल डॉ. सीमा केंद्र सरकार के एनिमल डिसीज कंट्रोल प्रोग्राम के तहत यह कैंपेन चलाया जाता है। एफएमडी कंट्रोल प्रोग्राम के तहत वर्ष 2030 तक गाय, भैंस, भेड़-बकरियों व सूअरों में एफएमडी को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य तय किया गया है।

#### बछड़े-बछड़ियों को वैक्सीनेशन उपरांत लगेगी बूस्टर डोज

डॉ. सीमा ने बताया कि पशुपालक अपने बड़े व छोटे पशुओं छोटे बछड़े व बछड़ियों को भी वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें। छोटे पशुओं में वैक्सीनेशन की एक माह बाद बूस्टर डोज भी लगाई जाती है। जबकि छोटे पशुओं में पशुपालक वैक्सीनेशन नहीं करवाना चाहते।

#### बेसहारा पशु भी होंगे कवर

डॉ. सीमा के अनुसार वैक्सीनेशन के तहत पालतू व सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं को भी कवर किया जाएगा। यही नहीं गोसदनों के पशुओं की वैक्सीनेशन की जाती है। वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी पोर्टल पर अपलोड होने के साथ पशु मालिक के मोबाइल पर उनके आधार लिंक से संबंधित ओटीपी आएगा। वैक्सीनेशन अपलोड के लिए ओटीपी बेहद जरूरी है।

## नगर पंचायत भवन शाहपुर का अस्तित्व अब खतरे में



आउटसोर्स सुपरवाइजर के सहारे दफ्तर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** 5 साल पहले अपने अस्तित्व में आई नगर पंचायत भवन शाहपुर का अस्तित्व अब खतरे में आ गया है। 1 साल से कमेटी में न तो नगर सचिव है और न ही जूनियर इंजीनियर है और न ही क्लर्क है।

आउटसोर्स सुपरवाइजर के सहारे दफ्तर है। भाजपा नेता एवं पूर्व जिला कांगड़ा भाजपा महासचिव राकेश चौहान ने कहा कि जवाली नगर पंचायत अधिकारियों और कर्मचारियों के एडिशन चार्ज पर शाहपुर नगर पंचायत चली हुई है। पिछले साल दोनों रेगुलर कर्मचारियों को बदल दिया गया और नगर सचिव रिटायर हो गए। अब एक डेढ साल से कोई भी रेगुलर कर्मचारी नहीं है और न रेगुलर कर्मचारी लाने का प्रयास किया गया। अब नगर पंचायत का ऑफिस भी मिनी सचिवालय में शाहपुर गोरडा में स्थानांतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार 25 साल पहले बनी शाहपुर तहसील का दफ्तर खंडहर में तब्दील हो गया है। भाजपा नेता ने कहा कि जिस प्रकार 5 सालों से पुरानी तहसील बिल्कुल खंडहर पड़ी हुई है, उसमें लाखों रुपए खर्च हुए हैं।

तहसीलदार क्वार्टर भी बना हुआ है अभी वहां कोई नहीं रहता। अब शाहपुर नगर पंचायत का दफ्तर भी खंडहर में तब्दील हो जाएगा। नगर पंचायत दफ्तर में भी 10-15 लाख रुपए खर्च हुए हैं।

## बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर नकेल

### डॉ. राजेश शर्मा की चेतावनी, गड़बड़ी मिली तो होगी कड़ी कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं की पवित्रता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वार्षिक परीक्षाओं को पूरी तरह निष्पक्ष और नकलमुक्त वातावरण में संपन्न करवाना बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके लिए बोर्ड प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों की चौबीसों घंटे सतत निगरानी की जा रही है। डॉ. शर्मा ने चेतावनी दी कि परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों या केंद्रों के खिलाफ नियमानुसार कठोरतम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष ने इस अभियान में अभिभावकों और शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष व्यवस्था लागू की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी अभिभावक या शिक्षक को परीक्षा केंद्र में नकल या किसी अन्य अनुचित गतिविधि का आभास होता है, तो वे सीधे बोर्ड के कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए बोर्ड ने दूरभाष नंबर 01892-242141, 01892-242142 एवं 01892-242209 जारी किए हैं। साथ ही, शिकायतकर्ता सीधे अध्यक्ष की आधिकारिक ईमेल आईडी पर भी साक्ष्य भेज सकते हैं। इन शिकायतों पर बोर्ड तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। बोर्ड ने स्थानीय प्रशासन के साथ भी समन्वय स्थापित किया है। डॉ. शर्मा के अनुसार, किसी भी आपात स्थिति या गड़बड़ी की सूचना संबंधित जिलों के उपमंडल अधिकारी और शिक्षा विभाग के उप निदेशकों को भी दी जा सकती है, ताकि स्थानीय स्तर पर पुलिस और प्रशासन के सहयोग से समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। यह निगरानी तंत्र परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की धांधली को रोकने में सहायक सिद्ध होगा।

बोर्ड ने विद्यार्थियों को भी फीडबैक देने का अवसर प्रदान किया है। यदि किसी परीक्षार्थी को लगता है कि परीक्षा हॉल में किसी अन्य छात्र को अनुचित लाभ दिया जा रहा है या परीक्षा के नियमों की अनदेखी हो रही है, तो वह निडर होकर इसकी जानकारी बोर्ड को दे सकता है।

## शाहपुर आईटीआई में कैंपस इंटरव्यू, 26 अभ्यर्थियों का चयन



अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** लार्सन ऐंड टुब्रो लिमिटेड की ओर से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इंटरव्यू में फिटर, वेल्डर, कारपेंटर, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन आदि ट्रेड पास 70 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें 26 अभ्यर्थियों का कंपनी में चयन हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी सैलेरी सीटीसी (20,000) मासिक वेतन देगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समूह अनुदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि कंपनी खाना, दो टाइम चाय, तथा स्नैक्स, ड्रेस समर और विंटर,सेफ्टी शूज, दिवाली गिफ्ट, ईएसआई, पीएफ, बोनस मिलेगा। कैंपस इंटरव्यू में में अनुदेशक पुष्पदीप और आशीष शर्मा जी उपस्थित रहे।

## को-ऑपरेटिव सोसायटी कस्बा सियूल के जर्जर भवन के पुनर्निर्माण की उठी मांग

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कस्बा सियूल को-ऑपरेटिव सोसायटी का आम इजलास संपन्न हुआ, जिसमें सोसायटी के भवन की जर्जर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में सदस्यों ने बताया कि वर्तमान भवन की हालत खराब हो चुकी है, जिससे कार्य में बाधा और दस्तावेजों के खराब होने का खतरा है। सभी ने एकमत से मांग की कि पुराने भवन को गिराकर नया और सुदृढ़ भवन बनाया जाए। अगर समय रहते भवन पुनर्निर्माण की दिशा में कदम नहीं उठाए गए तो बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो सकती है। बैठक में भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर सभा के प्रधान मनोज कुमार, सचिव दिलबाग सिंह, सदस्य रामदास शर्मा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## केंद्र ने पौंग डैम झील वेटलैंड और रेणुका वेटलैंड संरक्षण के लिए दिए 5 .73 करोड़: अनुराग

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा लोकसभा में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से हिमाचल प्रदेश में वेटलैंड्स के संरक्षण, फंडिंग और वैज्ञानिक निगरानी के बारे में प्रश्न पर मंत्रालय के राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने विस्तृत उत्तर दिया, जिसमें राज्य के वेटलैंड पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए।

अनुराग सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त रामसर साइट्स पौंग डैम झील, रेणुका वेटलैंड और चंद्रताल वेटलैंड हैं। इनमें सबसे बड़ी पौंग डैम झील है, जिसे वर्ष 2002 में रामसर साइट घोषित किया गया था, रेणुका वेटलैंड और चंद्रताल वेटलैंड दोनों को वर्ष 2005 में रामसर दर्जा मिला था।

ये वेटलैंड्स हिमालयी जैव-विविधता कॉरिडोर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और विभिन्न प्रकार के वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं का घर हैं। फंडिंग और संरक्षण उपायों के महत्वपूर्ण मुद्दे पर केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय जलीय पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण योजना के तहत हिमाचल प्रदेश सरकार को पर्याप्त वित्तीय सहायता जारी की गई है। पौंग डैम झील के लिए केंद्र का हिस्सा 3.14 करोड़ रुपए स्वीकृत किया गया है, जबकि रेणुका वेटलैंड के लिए 2.59 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। इन धनराशियों का उपयोग विभिन्न संरक्षण एवं प्रबंधन गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जिनमें अपशिष्ट जल का अवरोधन, तटबंध संरक्षण, झील-तट विकास, डिसिल्टिंग एवं डी-वीडिंग के माध्यम से स्थानीय सफाई, वर्षा जल प्रबंधन, बायोरेमेडिएशन, जलग्रहण क्षेत्र उपचार, बायो-फेंसिंग, मत्स्य पालन विकास, खरपतवार नियंत्रण, जैव-विविधता संरक्षण तथा सामुदायिक भागीदारी कार्यक्रम शामिल हैं। दीर्घकालिक योजना के संबंध में सरकार ने बताया कि राज्य के सभी तीन रामसर साइट्स के लिए पांच वर्षीय एकीकृत प्रबंधन योजनाएं तैयार की गई हैं। ये योजनाएं आवास संरक्षण को मजबूत करने, वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने और जलवायु लचीलापन विकसित करने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति को हिमाचली संस्कृति को दर्शाते स्मृति चिन्ह किए जाएंगे भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश का 9वां दीक्षांत समारोह 14 मार्च को धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णनन बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। समारोह के दौरान जहां उपराष्ट्रपति द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को डिग्रियां व गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया जाएगा, वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से उपराष्ट्रपति को हिमाचली संस्कृति को दर्शाते स्मृति चिन्ह भेंट किए जाएंगे। तय कार्यक्रम अनुसार उपराष्ट्रपति सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित करेंगे।

इस अवसर पर हिमाचल की समृद्ध संस्कृति और कला के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए मुख्य अतिथि को विशिष्ट स्मृति चिह्न भेंट किए जाएंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति के निजी सचिव प्रो. सुमन शर्मा ने बताया कि समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति को विश्व प्रसिद्ध कांगड़ा पेंटिंग और स्वयं उनकी एक विशेष पेंटिंग भेंट की जाएगी। साथ ही उन्हें माता की मोहरों वाला नरसिंगा स्वरूप स्मृति चिह्न, एक विशेष स्कल्चर (मूर्तिकला) और हस्तशिल्प का अद्भुत नमूना चंबा थाल भी भेंट किया जाएगा। देवभूमि की परंपरा का निर्वहन करते हुए उन्हें हिमाचली टोपी और शॉल पहनाकर सम्मानित किया जाएगा, जो इस शैक्षणिक उत्सव को प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान से जोड़ता है।

## टीटी कोच राकेश जस्सल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



शिमला में एचपी टीटी संघ ने किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश टेबल टेनिस संघ की ओर से अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस कोच राकेश जस्सल को उनके 33 वर्षों के उत्कृष्ट योगदान और खेल के क्षेत्र में समर्पित सेवाओं के लिए शिमला में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राकेश जस्सल ने भारतीय खेल प्राधिकरण में 1992 से 2025 तक अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस मुख्य कोच के रूप में सेवाएं दीं। अपने उनके मार्गदर्शन में एक सौ से अधिक खिलाडियों ने राज्य स्तर पर तथा लगभग 60 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जिला कांगड़ा और हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। अवॉर्ड प्राप्त करने पर राकेश जस्सल ने अपनी पत्नी कुसुम जसवाल, जिला टेबल टेनिस संघ कांगड़ा और पूर्व में हिमाचल प्रदेश टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष रहे रीतेश चौहान का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस सम्मान को हिमाचल प्रदेश टेबल टेनिस संघ को समर्पित किया।

**सौगात** उपमुख्य सचेतक ने लोगों की सुनी समस्या, अधिकारियों को दिए निर्देश

# पठानिया ने किया महिला मंडल भवन का शिलान्यास

अनंत ज्ञान



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लपियाना में वन विभाग विश्राम गृह के अतिरिक्त भवन का भी लोकार्पण किया। अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने ग्राम पंचायत भुपलहर के करनोला में 4 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महिला मंडल भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना, साथ ही अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना चाहिए। इसके बाद, विधायक ने वन विभाग विश्रामगृह लपियाना में 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक ने ग्राम स्तर पर बिजली, पेयजल और सड़कों के रखरखाव को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

उन्होंने राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी का उल्लेख करते हुए इसे एक जन आंदोलन की तरह बताया, जो पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना ने व्यापक जनभागीदारी को प्रेरित किया है, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

## धर्मशाला कॉलेज के टूर एंड ट्रैवल विभाग का शाहपुर के स्टूडेंट्स ने किया पर्यटन स्थलों पर भ्रमण

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के टूर एंड ट्रैवल विभाग के विद्यार्थियों का दो दिवसीय शैक्षणिक एवं शोधपरक भ्रमण शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर संपन्न हुआ। शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कॉलेज प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया की उपस्थिति में विद्यार्थियों को धारकंडी क्षेत्र के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था । इस अवसर पर विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन संभावनाओं से भरपूर है। यह भ्रमण विद्यार्थियों को पर्यटन के व्यावहारिक पहलुओं को समझने और पर्यटन विकास के लिए नए विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगा।

## नगरोटा इंजीनियरिंग कॉलेज में उद्यमिता जागरुकता कार्यशाला आयोजित

**कपिल वासुदेवा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज ने उद्योग विभाग मंडी (निटकॉन) के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप, बिजनेस मॉडल और उद्यमिता से जुड़ी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को नवाचारपूर्ण व्यावसायिक विचारों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। कॉलेज के निदेशक/प्राचार्य प्रो. दीपक बंसल ने कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को उद्यमशील सोच विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं अकादमिक शिक्षा और व्यवसायिक अनुभव के बीच की दूरी को कम करती हैं। कार्यक्रम में बिजनेस स्कूल के समन्वयक सुनीत कुमार, डॉ. संजीव कुमार और ऋषव टैगोर भी उपस्थित रहे।

## विधायक कमलेश ने घेड मानगढ़ में पंचायत सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान



विधायक कमलेश का स्वागत करतीं महिलाएं। अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर ने सोमवार को क्षेत्र की पंचायत घेड मानगढ़, मसरूर, सकरी और बिलासपुर का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश दिए।

विधायक ने घेड मानगढ़ पंचायत में 1 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पंचायत सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। वहीं, मसरूर पंचायत में दो संपर्क मार्गों का भूमि पूजन किया, जिसमें मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मसरूर मंदिर से घरियार वाया ओथडा संपर्क मार्ग के निर्माण पर लगभग 35 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त चतरा मोड़ से पदरवासी संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। सकरी पंचायत में उन्होंने एनडीआरएफ के अंतर्गत सासन बस्ती से ग्राम पंचायत सकरी तक संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया, जिस पर लगभग 10 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी।

साथ ही, बिलासपुर पंचायत में गिल बस्ती से पशु चिकित्सालय तक सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया, जिसमें 15 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इन सड़क निर्माण परियोजनाओं से क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार होगा और स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक कमलेश ठाकुर के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### समीर और आयुष का एनएमएमएस में चयन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) परीक्षा 2025-26 में राजकीय उच्च विद्यालय पथयार के दो विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। छात्र समीर बड़ोच पुत्र नरेश कुमार तथा आयुष कुमार पुत्र अश्वनी कुमार निवासी पथयार का चयन एनएमएमएस के लिए हुआ है। इस योजना के तहत दोनों विद्यार्थियों को 9वीं से 12वीं कक्षा तक प्रतिमाह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। मुख्य अध्यापिका पूनम कुमारी तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### करियर प्वाइंट विवि में 16 से होगी छात्रों की प्लेसमेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में 16 से 20 मार्च 2026 तक 'प्लेसमेंट वीक' का आयोजन किया जाएगा। इसमें कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, फार्मेसी, होटल मैनेजमेंट, लॉ और एप्लाइड साइंसेज के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्लेसमेंट वीक में टीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट, रिवगो, एक्सियन पैट्स, पेटीएम, इंफोसिस, ग्लेनमार्क, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियां छात्रों का चयन करेंगी। चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा, तकनीकी और एचआर साक्षात्कार के माध्यम से होगी। कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करना और उन्हें उद्योग जगत से जोड़ना है। वहीं, डीन गुलशन संधू ने बताया कि विश्वविद्यालय उद्योगों के साथ सहयोग लगातार बढ़ा रहा है।

### सीएम 12 को करेंगे मेधावियों को सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, नादौन में 12 मार्च को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर एसडीएम नादौन निशांत शर्मा ने कॉलेज परिसर में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने बताया कि समारोह के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 477 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विद्यार्थियों को संबोधित कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करेंगे तथा युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी देंगे।

### महिलाओं का शिक्षित होना बेहद जरूरी: स्वाति

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना बेहद जरूरी है, तभी वे समाज को जागरूक बना सकती हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं। भाषण प्रतियोगिता में अतिशा प्रथम, अंजलि द्वितीय और ममता तृतीय स्थान पर रहीं। सोलो डांस में आसना प्रथम, रीना द्वितीय तथा साक्षी और ममता तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर मेकिंग में अतिशा प्रथम, श्रेया द्वितीय और रिजवाना बेगम तृतीय रहीं। कार्यक्रम के अंत में उपप्राचार्य डॉ. मनोज डोगरा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया।

### 15 तक बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 मार्च तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है। वे इनका भुगतान 15 मार्च तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# नियमों को ताक पर रखकर चलाया जा रहा स्मार्ट मीटरिंग अभियान

## धिरवीं में आयोजित बैठक में किया स्मार्ट मीटर और प्रस्तावित बिजली कानून का विरोध

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** तहसील भोरंज के गांव धिरवीं में आयोजित एक बैठक में बिजली उपभोक्ताओं ने प्रस्तावित बिजली कानून 2025 और स्मार्ट मीटर्स के खिलाफ अपना विरोध जताया। इस बैठक में धिरवीं, गौटा, और रौहीं गांव के लोग शामिल हुए, जहां विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा और अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी।



धिरवीं गांव में आयोजित बैठक में विरोध जताते लोग। अनंत ज्ञान

कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में स्मार्ट मीटरिंग अभियान नियमों की अवहेलना करके जबरदस्ती लागू किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटरिंग का उद्देश्य आम बिजली उपभोक्ताओं के बजाय कॉरपोरेट कंपनियों को लाभ पहुंचाना है। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि बिजली मीटर की वसूली भी उपभोक्ताओं से 9 वर्षों में की जाएगी, जबकि इसका फायदा केवल निजी कंपनियों को होगा। खरवाड़ा ने कहा कि प्रदेश में 13 लाख घरेलू उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी बिजली खपत 125 यूनिट से कम है और उनका बिजली बिल जीरो है, ऐसे में उन्हें स्मार्ट मीटर लगाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे 1500 आउटसोर्स कर्मचारियों का रोजगार प्रभावित होगा और विभाग के कर्मचारियों की स्थिति भी दयनीय हो जाएगी।

विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर और ट्राई वेक्टर मीटर पहले ही अच्छे काम कर रहे हैं, तो स्मार्ट मीटर लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 को लागू करने से पहले उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखा जाए।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोगों ने एसपी से की पुलिस कर्मी के खिलाफ शिकायत

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड नंबर-7 के निवासियों ने सोमवार को एसपी से मिलकर एक पुलिस कर्मचारी के खिलाफ भेदभावपूर्ण चालान कार्रवाई को लेकर शिकायत की है। कॉलोनीवासियों ने पुलिस अधीक्षक हमीरपुर को लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि 8 मार्च 2026 को एक एएसआई कॉलोनी में सड़क पर खड़े वाहनों के खिलाफ आई शिकायत पर पहुंचे थे। उन्होंने कई वाहनों के चालान किए, लेकिन कुछ वाहनों को अनदेखा कर दिया, जबकि वे भी सड़क पर खड़े थे।

कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि कुछ वाहनों, जिनमें कार और स्कूटर शामिल थे, को जानबूझकर बचाया गया, जबकि अन्य निवासियों के वाहनों पर तुरंत चालान कर दिए गए। लोगों का कहना है कि कानून सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए और किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। कॉलोनीवासियों ने एसपी से अनुरोध किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि पक्षपात पाया जाता है, तो संबंधित पुलिस कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने इस मामले की जांच करने का आश्वासन दिया और कहा कि बुधवार को पुलिस कर्मचारी को भेजा जाएगा।

## बड़ोह गांव में पेयजल संकट नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

अनंत ज्ञान

◆ गर्मियां शुरू होने से पहले पेयजल किल्लत, लोगों के हल्क सूखे

अनंत ज्ञान मुद्दा

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल की सकरोह पंचायत के बड़ोह गांव में इन दिनों पेयजल संकट गहरा गया है। लोगों को तीसरे-चौथे दिन भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा, जिसके चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित जल आपूर्ति न होने के कारण उन्हें घरेलू कामकाज और पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करने में दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। कई लोगों को दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। ग्रामीणों लेखराम, विजय कुमार पुरुषोत्तम चंद, फौना राम, भागीरथ शर्मा, देवराज शर्मा, विनोद कुमार, नीलम शर्मा, रोशनी देवी आदि ने बताया कि गांव में पानी की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग से समस्या का समाधान करने की अपील की है। इस संदर्भ में जल शक्ति विभाग बिझड़ी के कनिष्ठ अभियंता अनिल धीमान ने बताया कि गांव को जाने वाली मुख्य पाइपलाइन के टूटने के कारण जलापूर्ति बाधित हुई है।

विभाग की टीम पाइपलाइन की मरम्मत में जुटी हुई है और उम्मीद है कि अगले तीन से चार दिनों के भीतर पानी की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विभाग जल्द से जल्द स्थिति को सामान्य करने का प्रयास कर रहा है, ताकि लोगों को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## एसडीएम ने बल्ह गांव में बिजली-पानी कनेक्शन की समस्या का किया समाधान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल की पनसाई पंचायत के गांव बल्ह की बीना शर्मा के बिजली और पानी कनेक्शन की समस्या को लेकर एसडीएम निशांत शर्मा ने सोमवार को अधिकारियों के साथ शिकायतकर्ता के घर का दौरा किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार कांगू बलवंत ठाकुर, एसडीओ जल शक्ति विभाग, एसडीओ बिजली बोर्ड धनेटा, और पुलिस चौकी प्रभारी धनेटा भी उपस्थित थे। बीना शर्मा ने 6 मार्च को एसडीएम से संपर्क कर बिजली और पानी के कनेक्शन न मिलने की समस्या को लेकर सहायता की गुहार लगाई थी। एसडीएम ने मौके पर उनकी समस्या को सहानुभूतिपूर्वक सुना और समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उनके घर तक बिजली की तार और पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए करीब डेढ़ दर्जन भूमि मालिकों की जमीन आ रही थी, जिससे सहमति नहीं बन पा रही थी। एसडीएम ने मौके पर कई भूमि मालिकों से बातचीत की और अधिकतर भूमि मालिकों ने सहमति दी। एसडीएम ने संबंधित विभागों को शीघ्र बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि कनेक्शन का कार्य जल्द पूरा हो सके। बीना शर्मा को भी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया है।

## हिम अकादमी की संगीत अध्यापिका शैलजा कमल ने राष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया स्कूल का मान



21,000 रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी देकर किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय होली महोत्सव सुजानपुर मेला में आयोजित प्रतिष्ठित गायन प्रतियोगिता में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर की संगीत विभाग की अध्यापिका शैलजा कमल ने अपने मधुर और प्रभावशाली गायन से शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय रनरअप का स्थान प्राप्त किया और हमीरपुर जिले के साथ-साथ विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में प्रारंभिक चरण में 350 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

कठिन चयन प्रक्रिया के बाद शैलजा कमल को टॉप 25 प्रतिभागियों में चुना गया। अपने उत्कृष्ट संगीत कौशल के दम पर उन्होंने दूसरे चरण को पार करते हुए टॉप 7 में स्थान बनाया। अंतिम दौर में उन्होंने भावपूर्ण और प्रभावशाली प्रस्तुति देकर निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया तथा द्वितीय रनरअप का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि के लिए मेला प्रशासन की ओर से उन्हें 21,000 रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, उप प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार तथा विद्यालय समन्वयक मनीषा मारवाह ने शैलजा कमल को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## देश ने इतना नेतृत्वहीन व तथ्यहीन विपक्ष कभी नहीं देखा: अनुराग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को संसद में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्षी सांसदों के चर्चा से भागने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विपक्ष केवल हेडलाइन बनाने में विश्वास रखता है और देश ने इतना नेतृत्वहीन, तर्क व तथ्यहीन विपक्ष पहले कभी नहीं देखा।

अनुराग ने कहा कि दुर्भाग्य से राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष को यह तक स्पष्ट नहीं है कि उसे करना क्या है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव विपक्ष द्वारा लाया गया है जो लंबित है। चर्चा होनी थी और सरकार पूरी तरह चर्चा के लिए तैयार थी, लेकिन विपक्ष चर्चा करने के बजाय नई मांगें रखकर एक नई चर्चा चाहता है। उन्होंने कहा कि देश ने इतना नेतृत्वहीन, तर्क व तथ्यहीन विपक्ष पहले कभी नहीं देखा। जब चर्चा का विषय सामने आया तो विपक्ष उससे भागने लगा, क्योंकि उनका उद्देश्य केवल हेडलाइन बनाना था। अनुराग ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह भ्रम की स्थिति में है। पिछले पूरे सत्र के दौरान वे यही कहते रहे कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। पहले उन्होंने गलत नोटिस दिया, फिर उसे बदला और जब चर्चा का समय आया तो विपक्ष बहस से ही भाग गया।

यह विपक्ष की स्थिति को दर्शाता है कि वे स्वयं अविश्वास प्रस्ताव लाते हैं और स्वयं ही बहस में भाग नहीं लेते। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विपक्ष के पास तर्क और तथ्य समाप्त हो गए हैं या उनका झूठ इतना बड़ा था कि आज उसका सामना नहीं कर पा रहे। विपक्ष केवल हेडलाइन बनाने तक सीमित है, उन्हें किसी भी विषय पर सार्थक बहस में कोई रुचि नहीं होती।

## तकनीकी विवि ने बी फार्मेसी के नियमित व री-अपीयर सेमेस्टरों का परिणाम किया घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बी फार्मेसी के नियमित सेमेस्टर और री-अपीयर सेमेस्टरों की परीक्षा का परिणाम घोषित किया है। ये परीक्षाएं तकनीकी विवि द्वारा दिसंबर व जनवरी माह में आयोजित की थी। बी फार्मेसी के नियमित सेमेस्टरों में पहले सेमेस्टर के 1951, तीसरे सेमेस्टर के 1919, पांचवें सेमेस्टर के 1762 और सातवें सेमेस्टर के 1409 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी।

इसमें पहले सेमेस्टर में 1247, तीसरे सेमेस्टर में 1468, पांचवें सेमेस्टर में 1203 और सातवें सेमेस्टर पर 1044 परीक्षार्थी उतीर्ण हुए हैं। इसके अलावा पहले से आठवें सेमेस्टर तक की री-अपीयर परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया है। वहीं, बी फार्मेसी आयुर्वेद के चौथे और छठे सेमेस्टर के री'अपीयर और फार्मा डी के पहले वर्ष की री-अपीयर का परिणाम भी जारी किया है। तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ठाकुर ने कहा कि बी फार्मेसी के नियमित सेमेस्टर और री-अपीयर सेमेस्टरों की परीक्षा में कुल 10639 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें 7072 परीक्षा उतीर्ण हुए हैं, जबकि 3567 को री-अपीयर आई है। बी फार्मेसी के नियमित सेमेस्टर और री-अपीयर सेमेस्टरों का कुल परीक्षा परिणाम 66.47 प्रतिशत रहा है। परीक्षा तकनीकी विवि की वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

## एनआईटी हमीरपुर में राष्ट्रीय स्टार्टअप शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन

# 14 स्टार्टअप्स परियोजनाओं को प्रदान की इग्निशन ग्रांट

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में सोमवार को उत्तिष्ठति फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय स्टार्टअप शिखर सम्मेलन 2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर डीएसटी-आई-टीबीआई कार्यक्रम के तहत संस्थान के इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से 14 स्टार्टअप परियोजनाओं को इग्निशन ग्रांट प्रदान किए गए।



सम्मेलन में नवाचार और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर। अनंत ज्ञान

ये स्टार्टअप उत्पाद विकास के विभिन्न चरणों में कार्यरत हैं, जिनमें करीब 30 प्रतिशत महिला नेतृत्व वाले उद्यम शामिल हैं। शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता एनआईटी हमीरपुर के डीन (अनुसंधान एवं परामर्श) और रजिस्ट्रार ने की। डॉ. पामिता अवस्थी ने बताया कि यह कार्यक्रम आत्मनिर्भरता और 'मेक इन इंडिया' जैसी राष्ट्रीय पहलों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में कृषि-तकनीक, अंतरिक्ष एवं रक्षा नवाचार, गहन तकनीक और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने महिला उद्यमियों को भी अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। शिखर सम्मेलन के दौरान 'पिच-एक्स' नामक स्टार्टअप पिचिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 20 टीमों के 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। टीमों का मूल्यांकन व्यवहार्यता, समस्या-समाधान क्षमता, स्पष्ट दृष्टिकोण और नवाचार के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. सुरेंद्र सिंह सैनी, डॉ. गरिमा सैनी, डॉ. पामिता अवस्थी, डॉ. राकेश शर्मा और प्रणब नारायण झा सहित विशेषज्ञों के पैनल ने किया। प्रो. सूर्यवंशी ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य युवाओं में नवाचार और स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से, एनआईटी हमीरपुर शिक्षाविदों, उद्योग, निवेशकों और अन्य हितधारकों के सहयोग से परिसर में एक जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

## 'एक से श्रेष्ठ' केंद्रों में नारी शक्ति का सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित 'एक से श्रेष्ठ' केंद्रों पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सभी 600 केंद्रों में आयोजित कार्यक्रमों में नारी शक्ति के सम्मान और बच्चों की रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए हस्तनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड्स तैयार किए और उन्हें अपनी माताओं, अध्यापिकाओं और परिजनों को भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिजनों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें म्यूजिकल चेयर, भजन कीर्तन, और संवाद सत्र जैसी गतिविधियां शामिल थीं। अल्पाहार और सम्मान कार्यक्रम के साथ महिलाओं को समाज की धुरी बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई। सांसद अनुराग के नेतृत्व में यह पहल ग्रामीण शिक्षा और बच्चों के समग्र विकास का सशक्त माध्यम बन रही है।

## बाबा बालक नाथ मंदिर में केशव कुमार ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में सोमवार को केशव कुमार ने नए मंदिर अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंदिर न्यास प्रशासन को मेलों की तैयारियों में राहत मिली है। 14 मार्च से चालान मेलों का शुभारंभ होने जा रहा है, और मंदिर अधिकारी के पद के रिक्त रहने के कारण व्यवस्थाओं में कठिनाई हो रही थी। अब केशव कुमार के पदभार संभालने से मेले की तैयारियों को गति मिलेगी।

उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने का आश्वासन दिया है। इस बार मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु मंदिर पहुंचेगें, जिसके लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। पूर्व में तहसीलदार भोटा जोगिंदर सिंह और नायब तहसीलदार मनजीत ठाकुर ने भी मंदिर अधिकारी का कार्यभार संभाला था, लेकिन प्रशासनिक उलझनें बनीं थीं।

**निरीक्षण** विधायक ने पुल की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया, बोले- समस्या से मिलेगा छुटकारा

# नोली पुल का जल्द शुरू होगा कार्य: रणजीत

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सोमवार को डोली के साथ पड़ते नोली पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुल की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही इस समस्या के समाधान के लिए अब ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और बहुत जल्द इस पुल के विस्तार का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने बताया कि वर्तमान में नोली पुल सिंगल लाइन होने के कारण यहां पर अक्सर यातायात की समस्या बनी रहती है। विशेषकर मेले और त्योहारों के दौरान इस पुल पर लंबा जाम लग जाता है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह पुल सुजानपुर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है और यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, लेकिन पुल की चौड़ाई कम होने के कारण यातायात सुचारु रूप से नहीं चल पाता। उन्होंने कहा कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सरकार के समक्ष इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया था। अब इस पुल के साथ एक और पुल जोड़ने के लिए बजट स्वीकृत करवा लिया गया है। बजट स्वीकृत होने के बाद अब जल्द ही इस परियोजना पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि नया पुल बनने से वाहनों की आवाजाही सुगम हो जाएगी और जाम की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



पुल का जायजा लेते विधायक कैप्टन रणजीत सिंह। अनंत ज्ञान

### परियोजना से जुड़े सभी औपचारिक कार्यों को जल्द करें पूरा

**विधायक** रणजीत ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना से जुड़े सभी औपचारिक कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू हो सकें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। विधायक ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा उठाई गई हर जनसमस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास किया जाएगा और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर काम किया जाएगा।

## राजेंद्र राणा के बयान राजनीतिक हताशा का परिणाम: सुमन शर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने प्रेस बयान जारी कर सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा द्वारा होली मेले को लेकर दिए गए बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राणा के बयान उनकी राजनीतिक हताशा को दर्शाते हैं। सुमन ने कहा कि राज्यसभा नामांकन के दिन मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया था कि कांग्रेस के पास 40 मजबूत विधायक हैं और उनमें से कोई भी बिकाऊ नहीं है। जो लोग बिकाऊ थे, वे पहले ही भाजपा के साथ जा चुके हैं। राणा द्वारा राज्यसभा सीट को लेकर बड़ी डील के आरोपों को निराधार बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एक युवा और आम व्यक्ति को राज्यसभा भेजकर युवाओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया है। होली मेले को लेकर लगाए गए आरोपों पर सुमन भारती ने कहा कि मेले में इस बार भारी भीड़ उमड़ी और स्थानीय लोगों को भी इसका लाभ मिला। राजनीतिक जमीन खिसकती देख राणा इस तरह के बयान दे रहे हैं।

## हिम आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक में लंबित देनदारियों पर की चर्चा



जिला प्रधान देवराज पटियाल की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ जिला इकाई हमीरपुर की बैठक सोमवार को जिला प्रधान देवराज पटियाल की अध्यक्षता में पेंशनर भवन हमीरपुर में आयोजित की गई। बैठक का संचालन अतिरिक्त महासचिव देशराज शर्मा ने किया। बैठक की शुरुआत संघ के वरिष्ठतम सदस्य कुलवंत राय चोपड़ा (निवासी वकारटी, डाकघर मस्याणा) सहित जिले के अन्य दिवंगत सदस्यों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर की गई।

बैठक में 29 मार्च को हमीरपुर में आयोजित होने वाले संघ के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला प्रधान देवराज पटियाल ने जिला इकाई की गतिविधियों की जानकारी दी और सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से खंड स्तर पर सदस्यता अभियान को निरंतर जारी रखने का आग्रह किया। प्रदेश वित्त सचिव शंभू राम जस्वाल ने पेंशनरों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की तथा संघ को मजबूत बनाने के लिए सभी से सहयोग का आह्वान किया। प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम ने पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर संघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने संबंधित विभागों से सरकार के आदेशानुसार श्रेणी चार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संशोधित ग्रेच्युटी और लीव-एनकैशमेंट का भुगतान शीघ्र करने की मांग की।

# पेटी तक बस सेवा विस्तार की मांग फिर तेज ग्रामीणों ने सांसद से की हस्तक्षेप की मांग

अनंत ज्ञान

◆ट्रायल सफल रहने के बाद भी बस सेवा का स्थायी रूप से शुरू न होना समझ से परे

**चंबा।** चंबा से साहू–लग्गा तक चल रही बस सेवा को आगे पेटी तक बढ़ाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। ग्राम पंचायत गुवाड और कीड़ी सहित आसपास के गांवों के लोगों ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए चंबा–कांगड़ा के लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला पहले भी अधिकारियों के संज्ञान में आ चुका है, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों के अनुसार दिसंबर 2025 में नई सड़क बनने के बाद एचआरटीसी ने चंबा से साहू–लग्गा चलने वाली बस सेवा को ट्रायल के तौर पर पेटी तक चलाया था। उस दौरान क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिली व लोगों की आवाजाही आसान हो गई थी, लेकिन स्थायी मंजूरी न मिलने के कारण करीब दो महीने पहले बस सेवा को पेटी तक बंद कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों को फिर से परेशानी झेलनी पड़ रही है। वर्तमान में चंबा से साहू–लग्गा के लिए दो बस सेवाएं संचालित हो रही हैं। एक बस दोपहर 2 बजे और दूसरी शाम 4:20 बजे चंबा से रवाना होती है। ग्रामीणों की मांग है कि इन दोनों बसों को साहू–लग्गा से आगे करीब 3.95 किलोमीटर दूर पेटी तक बढ़ाया जाए, ताकि गुवाड, कीड़ी और आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों को नियमित बस सुविधा मिल सके। सुरेश ठाकुर ग्राम पंचायत सराहन एवं स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क बनने और ट्रायल सफल रहने के बावजूद बस सेवा का स्थायी रूप से शुरू न होना समझ से परे है।

उन्होंने कांगड़ा–चंबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद से आग्रह किया है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर एचआरटीसी मुख्यालय से जल्द मंजूरी दिलाई जाए। इस संबंध में एचआरटीसी चंबा के डिप्टी डिविजनल मैनेजर शुभम सिंह ने बताया कि साहू–लग्गा से पेटी तक बस सेवा विस्तार का प्रस्ताव करीब एक सप्ताह पहले एचआरटीसी मुख्यालय शिमला भेज दिया गया है। मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि इस बार मंजूरी मिलने के बाद पेटी तक बस सेवा शुरू होगी और वर्षों से उठ रही मांग को आखिरकार पूरा किया जाएगा।

# साहू गांव अब भी सड़क से वंचित चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान



सड़क से वंचित साहू गांव। अनंत ज्ञान

**तीसा।** ग्राम पंचायत आयल के अंतर्गत आने वाला साहू गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित है। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में बसे इस गांव के ग्रामीणों ने प्रशासन और सरकार से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने की मांग उठाई है। साथ ही स्थानीय विधायक डॉ. हंसराज की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर चुनाव के समय नेता गांव में आकर सड़क बनाने का आश्वासन देते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही यह वादे हवा हो जाते हैं।

साहू गांव, जो कि जम्मू–कश्मीर बॉर्डर से सटे जिले के अत्यंत दुर्गम इलाके में स्थित है, वहां के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए करीब 4 से 5 किलोमीटर पैदल चलकर सनवाल तक जाना पड़ता है। वहीं से राशन और अन्य आवश्यक सामान लेकर ग्रामीण वापस गांव लौटते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सड़क न होने के कारण सबसे अधिक परेशानी बीमार मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में होती है, जब कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है, तो ग्रामीणों को उसे चारपाई या पालकी में उठाकर करीब 4–5 किलोमीटर पैदल चलकर सड़क तक लाना पड़ता है। कई बार रास्ते की कठिनाइयों के कारण मरीजों को समय पर अस्पताल तक नहीं पहुंचाया जा पाता, जिससे रास्ते में ही उनकी मौत तक हो जाती है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

साहू गांव में करीब 80 से अधिक परिवार निवास करते हैं और गांव की कुल आबादी लगभग 600 के आसपास है, लेकिन आज तक यहां सड़क सुविधा नहीं पहुंच सकी है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही गांव को सड़क से नहीं जोड़ा गया तो आने वाले पंचायती राज चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। साथ ही सरकार और प्रशासन के खिलाफ आंदोलन भी शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि साहू गांव की वर्षों पुरानी समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जाए, ताकि गांव के लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# एसिड अटैक पीड़ितों को कानूनी सहायता की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) चंबा ने मां ज्वाला प्राइवेट आईटीआई, भद्रम में 'एसिड अटैक पीड़ितों के अधिकार' और 'साइबर सुरक्षा' पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत नालसा योजना, 2016 के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञों ने एसिड अटैक पीड़ितों को निशुल्क कानूनी सहायता, सरकारी मुआवजा और पुनर्वास जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने समाज में संवेदनशीलता बढ़ाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के कानूनी उपायों पर भी प्रकाश डाला। साथ ही छात्रों को साइबर अपराध जैसे फिशिंग, मालवेयर, साइबर फ्रॉड और साइबर बुलिंग से सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने और संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कानूनी प्राधिकरण से संपर्क करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाता शकुन और सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाता कार्तिक ने किया। पराविधिक स्वयंसेवक रंजू बाला ने भी सहयोग प्रदान किया। अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की।

# सरेला के पास कीचड़ में फंसी निजी बस, बड़ा हादसा टला

अनंत ज्ञान



**ओपी शर्मा, भरमौर।** चंबा–तीसा मुख्य मार्ग पर सरेला के पास सोमवार सुबह एक निजी बस के कीचड़ में फंस जाने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बीच सड़क पर बस के फंस जाने से कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा, जिससे यात्रियों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार यह निजी बस सनवाल से चंबा की ओर जा रही थी, जैसे ही बस सरेला के पास पहुंची, तो सड़क पर जमा कीचड़ में बस धंस गई। बस के कीचड़ में फंसते ही मार्ग पर वाहनों की आवाजाही कुछ समय के लिए ठप हो गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बस के फंसने से उसमें सवार यात्रियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सड़क की खराब हालत को लेकर कई बार विभाग को अवगत करवाया गया है, लेकिन अभी तक मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सड़क पर जमा कीचड़ के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के इस हिस्से की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। लोगों ने विभाग से जल्द सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

**कई महीनों से खराब है सड़क**

**स्थानीय** लोगों के अनुसार चंबा-तीसा मार्ग का यह हिस्सा पिछले कई महीनों से खराब हालत में है। बरसात व कीचड़ के कारण यहां अक्सर वाहन फंस जाते हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग उठाई है।

# अध्यापकों ने शैक्षिक विषयों पर दी प्रस्तुतियां

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा खंड चंबा में पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हरदासपुर और चंबा ब्लॉक के लगभग 90 अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा से जुड़ी नवीन शिक्षण विधियों, गतिविधियों और प्रभावी शिक्षण तकनीकों से अवगत कराना है, ताकि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान मुक्त खेल (फ्री प्ले) के महत्व, सीखने के विभिन्न सिद्धांतों, बच्चों के समग्र विकास तथा हिमाद्रिका गतिविधि पुस्तिका से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में राकेश कुमार, इंदिरा भूषण, उमेश राणा और त्रिलोक सिंह बतौर स्रोत व्यक्ति अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अध्यापकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हीरा सिंह नेगी ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं अध्यापकों की क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# स्मार्ट मीटरों का कड़ा विरोध, 'राइड प्राइड' सेवा बहाल करने की मांग

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा प्रोग्रेसिव काउंसिल की मासिक बैठक सोमवार को लक्ष्मण क्लब चंबा में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सरकार व बिजली बोर्ड द्वारा लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटरों का कड़ा विरोध करते हुए इसे आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बताया।



बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर योजना से उद्योगपतियों व पूंजीपतियों को सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है तथा इससे बिजली बोर्ड को धीरे-धीरे निजीकरण की ओर धकेला जा रहा है। सदस्यों ने कहा कि यह कदम न तो सरकार के हित में है और न ही आम जनता के। चर्चा के दौरान हिमाचल पथ परिवहन निगम की 'राइड प्राइड' सुविधा को अचानक बंद किए जाने पर भी चिंता व्यक्त की गई। यह सेवा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल चंबा से मुगला और पुन: अस्पताल तक लगातार चलती थी, जिससे मरीजों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व बच्चों को काफी सुविधा मिलती थी। इसके बंद होने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। काउंसिल ने जिला प्रशासन से इस सेवा को जल्द पुन: शुरू करने की मांग की। बैठक में आकांक्षी जिला चंबा के मेडिकल कॉलेज में न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी व हृदय रोग विशेषज्ञों सहित संबंधित विभागों को जल्द संचालित करने की भी मांग उठाई गई, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

इसके अलावा काउंसिल ने जिला प्रशासन से नए बस अड्डे के समीप खाली पड़ी भूमि पर (भारी बारिश को छोड़कर) अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग भी की। सदस्यों का कहना था कि शहर में लगातार बढ़ते वाहनों के कारण पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है और इससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर प्रशासन को शीघ्र सकारात्मक कदम उठाने चाहिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# महिला दिवस पर जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# केजीबीवी करियां की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**चंबा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माई भारत के सौजन्य से बारगाह खेल मैदान में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) करियां की छात्राओं का दबदबा देखने को मिला व उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्सा–कसी प्रतियोगिता में केजीबीवी करियां की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि चंबा कॉलेज और तकनीकी संस्थान चम्बा की संयुक्त टीम द्वितीय स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ में 13 वर्ष से कम आयु वर्ग में केजीबीवी करियां की शिल्पा ने प्रथम, रिया ने द्वितीय तथा जवाहर नवोदय विद्यालय चंबा की कामिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-18 वर्ष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में डीएवी स्कूल चंबा की करुणा प्रथम, राजकीय महाविद्यालय चंबा की अनीता द्वितीय और केजीबीवी मैहला की रितिका तृतीय स्थान पर रहीं। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में श्रेया ने प्रथम, सोनिका साहू ने द्वितीय और पल्लू साहू ने तृतीय स्थान हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में 13 वर्ष से कम आयु वर्ग में केजीबीवी करियां की मधुबाला प्रथम, जिया द्वितीय तथा शिल्पा तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-18 वर्ष वर्ग की 200 मीटर दौड़ में डीएवी स्कूल की करुणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि केजीबीवी मैहला की रितिका द्वितीय और आईटीआई चंबा की अंजुम शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं।

18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 200 मीटर दौड़ में श्रेया प्रथम, सोनिका द्वितीय और पल्लू तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने खेल भावना और उत्साह का परिचय दिया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं महिलाओं और बालिकाओं को खेलों में आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।

# मनरेगा श्रमिकों के लिए आफत बनी एनएमएमएस ऐप

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवाला।** राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) ऐप के माध्यम से ऑनलाइन हाजिरी फोटो आधारित होती है जिसमें एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, अब हाजिरी में चेहरे की पहचान और पलकें झपकाने का फीचर भी इसमें जोड़ा गया है, जिससे मनरेगा श्रमिकों की परेशानी और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि इस नए फीचर में घंटों पलकें झपकाने पर भी चेहरा स्कैन नहीं हो पा रहा है। वहीं, विधानसभा क्षेत्र भरमौर की अति दुर्गम पंचायतों जैसे बलोठ, खुंदेल,राडी की ऊपरी पहाड़ी पर स्थित गांव कलोंस, ग्राऊंडी, कैला, बलोठ, गुवाड, कुहेड, चनूनू ,थल्ला, पुग्गड,अखल , अलमी ,गिरड, डुग ,गुवांर सहित अनेकों गांव में इंटरनेट सुविधा ना के बराबर है, जहां घंटों माथापच्ची करने के बावजूद भी चेहरा स्कैन नहीं हो पा रहा है, जिससे मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों की परेशानी और बढ़ गई है वह ऑनलाइन चेहरा स्कैन ना होने से बिना मजदूरी के घर लौटना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में संजू राम, अंबिया राम, शम्मी, प्यार सिंह, राम शरण, पप्पू, ठाकरु, अमरजीत, मैहरी सहित लोगों का कहना है कि चेहरा स्कैन ना होना श्रमिकों के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। लोगों का कहना है कि जल्द ही कोई पुख्ता हल निकाला जाए ताकि दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को दिक्कतें पेश न आएं वह मनरेगा श्रमिकों को बिना कार्य के वापिस घर न लौटना पड़े।

# पेंशन पहली तारीख को देने की मांग, देनदारियां जल्द चुकाने को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** सेवानिवृत्ति कल्याण मंच, हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) चंबा की मासिक बैठक परेल स्थित एचआरटीसी वर्कशॉप में ठाकुर दीवान चंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि पुराने बस अड्डे की इमारत को गिराने के आदेश जारी हो चुके हैं। यहां शहर के लिए पार्किंग बनाए जाने की योजना है, जिसके चलते अब मंच की मासिक बैठक हर महीने परेल वर्कशॉप में आयोजित की जाएगी। मंच के महासचिव रविंद्र ने कहा कि सरकार से बार–बार आग्रह किया जा रहा है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन हर महीने की पहली तारीख को सुनिश्चित की जाए तथा सभी लंबित देयकों का भुगतान जल्द किया जाए, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मंच के उपाध्यक्ष कर्म सिंह ने कहा कि ओपीएस के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित देनदारियां जल्द चुकाई जाएं और वर्ष 2016 के संशोधित वेतनमान का एरियर भी तुरंत जारी किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो जल्द ही एक और आंदोलन छेड़ा जाएगा। उपाध्यक्ष भूपिंद्र जसरोटिया ने नगर परिषद चंबा द्वारा लगाए गए नए गृहकर का भी विरोध किया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहर में नए गृहकर को तुरंत निरस्त कर नियमों के अनुसार हर घर का दोबारा सर्वे करवाए और पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर ही गृहकर तय किया जाए। उन्होंने बताया कि जिन घरों का पहले करीब 500 रुपये बिल आता था, अब उनका वार्षिक बिल 5 से 8 हजार रुपए तक पहुंच गया है, जिससे लोगों में भारी रोष है। बैठक में नए बिजली मीटर लगाए जाने का भी मंच ने विरोध किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक से मांगों को जल्द पूरा करने का आग्रह किया। बैठक में विक्रम शर्मा, देविंद्र सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष), शक्ति प्रसाद (प्रदेश सदस्य), आनंद कुमार, प्यारु राम, देशराज, अश्वनी, बद्री राम, गोपाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह

अनंत ज्ञान



**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला चंबा द्वारा नर्सिंग स्कूल, मेडिकल कॉलेज चंबा (गोल्टी) में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज के सौजन्य से जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि महिला समाज की आधारशिला है और परिवार, समाज तथा राष्ट्र के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की नींव रखती है, इसलिए महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित मातृत्व सेवाएं, प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद की देखभाल, पोषण संबंधी परामर्श तथा नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके साथ ही किशोरियों और महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम, टीकाकरण, परिवार नियोजन तथा स्तन और गर्भाशय कैंसर की जांच को लेकर भी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के लिए पोस्टर मेकिंग, भाषण, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में नर्सिंग कॉलेज की आंचल ने प्रथम, नितिका ने द्वितीय और प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और लैंगिक समानता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने छात्राओं को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करते हुए इसके बचाव और रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में नर्सिंग स्कूल के अध्यापक एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# युवा संसद में चंबा के युवाओं ने बढ़ाया मान, राज्य स्तर पर किया प्रतिनिधित्व

अनंत ज्ञान

**चंबा।** केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के उद्देश्य से विकसित भारत 2047 युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संकल्पित विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को विशेष महत्व दिया गया है। यह कार्यक्रम हर वर्ष माई भारत के तत्वावधान में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी सबसे पहले पूरे देश में जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें चयनित पांच युवा अपने–अपने जिलों का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर पहुंचे। राज्य स्तर पर शीर्ष तीन प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी क्रम में हिमाचल प्रदेश में राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा सांसद 2026 कार्यक्रम का आयोजन 6 मार्च को शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में जिला चंबा का प्रतिनिधित्व करने वाले युवाओं में अदिति ठाकुर, विवेक ठाकुर, तमन्ना, अर्पित जरयाल और राधिका ठाकुर शामिल रहे।

इन सभी युवाओं ने अपने विचारों और प्रस्तुतियों के माध्यम से जिले का गौरव बढ़ाया। विशेष उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी जब इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, तब अर्पित जरयाल, विवेक ठाकुर और राधिका ठाकुर ने जिला चंबा का प्रतिनिधित्व किया था। इस वर्ष भी लगातार दूसरी बार ये युवा चंबा की आवाज बनकर राज्य स्तर पर अपने जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो जिले के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में युवाओं के उत्साह और विचारों ने यह स्पष्ट किया कि देश के युवा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# चोलथरा बाजार में ट्रक की चपेट में आई मसेरन की महिला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर के अंतर्गत चोलथरा के पास एक महिला एलपी ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान ब्यासां देवी (62) पत्नी अमर सिंह, निवासी गांव व डाकघर मसेरन, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्यासां देवी बस से उतरकर पास में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थी। इसी दौरान चोलथरा के पास में संकरी सड़क पर करते समय पास से गुजरते ट्रक की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल हमीरपुर पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है उसके बयान पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और पुलिस जांच कर रही है।

**आयोजन** चंबा साहित्य उत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई आयोजित

# हेरिटेज वॉक से चंबा की सांस्कृतिक धरोहर होगी प्रदर्शित

अनंत ज्ञान



डीसी मुकेश रेपसवाल बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में 12 से 14 मार्च तक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा में आयोजित होने वाले चंबा साहित्य उत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान डीसी ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि यह उत्सव सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। डीसी ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कथा सत्र, कविता उत्सव, ग़ज़ल संध्या, संगीत एवं कविता प्रस्तुति, पैनल चर्चा, थिएटर कलाकारों की प्रस्तुतियां, कवि सम्मेलन तथा संवाद सत्र शामिल रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पुस्तक प्रकाशकों द्वारा पुस्तक मेले का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चंबा की प्रसिद्ध एवं प्राचीन कला तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से हेरिटेज वॉक का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों को चंबा की ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक परंपराओं से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। डीसी ने कहा कि चम्बा साहित्य उत्सव, कला और संस्कृति के क्षेत्र में संवाद और विचार–विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इससे स्थानीय साहित्यकारों, कलाकारों और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा तथा चंबा की सांस्कृतिक पहचान को भी व्यापक स्तर पर प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में सभी लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। उपायुक्त ने विशेष रूप से साहित्य एवं कला प्रेमियों तथा युवाओं से उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने का आग्रह किया। डीसी ने इस दौरान विभिन्न प्रेस प्रतिनिधियों तथा सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से चम्बा साहित्य उत्सव के व्यापक प्रचार–प्रसार करने का आह्वान किया।

# भाषण प्रतियोगिता में 31 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अनंत ज्ञान



**चंबा।** समग्र शिक्षा खंड सलूणी द्वारा सलूणी में उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति सम्मान समारोह एवं खंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि खंड परियोजना अधिकारी श्री प्रवीण धीमान और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी श्री मुहम्मद रफीक बट के आगमन से हुआ। स्वागत भाषण और बैज समारोह के माध्यम से अतिथियों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान खंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुल 31 विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों की अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और विषय की समझ ने दर्शकों और निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझने, निरंतर परिश्रम करने और अपने व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समितियों द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यालयों के विकास में योगदान की भी सराहना की। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्यालय प्रबंधन समितियों को 'बेस्ट सीएमसी अवॉर्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ माध्यमिक और उच्च पाठशालाओं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हिमगिरि को प्रथम और राजकीय उच्च पाठशाला किलोड को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। माध्यमिक पाठशालाओं में राजकीय माध्यमिक पाठशाला गढ़ेन्ना प्रथम, माध्यमिक पाठशाला खंड्याल्ह द्वितीय और माध्यमिक पाठशाला चखड़ी तृतीय स्थान पर रही। प्राथमिक पाठशालाओं में राजकीय प्राथमिक पाठशाला कैंथली प्रथम, राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुंडा द्वितीय और राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुना भड़ोल तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। प्राथमिक विद्यालयों में अर्जुन सिंह (प्रथम), निधि और अंजलि (द्वितीय), तनवी और महक (तृतीय) तथा माध्यमिक विद्यालयों में माही ठाकुर (प्रथम), सागरिका और प्रज्ञा (द्वितीय), अवनी राणा और पूर्वी (तृतीय) रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

अनंत Classifieds

**नाम दुरुस्ती**

मैं, श्रीमति प्रियंका कुमारी (32) पत्नी नरेन्द्र कुमार निवासी गांव बुहला सरूंट डाकघर सरूंट तहसील बड़ोह जिला कांगड़ा हि. प्र. घोषणा करती हूं कि मेरी बेटी शालिनी शर्मा के जन्म प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत सदरपुर द्वारा जारी किया गया है, उसमें मेरा नाम नेहा शर्मा दर्ज है तथा मेरे पति का नाम नीरज कुमार दर्ज है जो कि गलत है। मेरा सही नाम प्रियंका कुमारी तथा मेरे पति का नाम नरेन्द्र कुमार है। अत: मेरी बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम प्रियंका कुमारी तथा मेरे पति का नाम नरेन्द्र कुमार है दर्ज किया जाए। संबंधित नोट करें।

> **सपने** हमेशा सच नहीं होते पर जिंदगी तो उम्मीद पर टिकी होती हैं।
> –रविकिरण शास्त्री

## संपादकीय

# वनरक्षकों पर हमले

हिमाचल प्रदेश की पहचान उसके घने जंगलों, देवदार और चीड़ के विशाल वृक्षों तथा प्राकृतिक संपदा से है। पहाड़ों की हरियाली ही इस प्रदेश की असली पूंजी है, जो न केवल पर्यावरण को संतुलित रखती है, बल्कि यहां की अर्थव्यवस्था, पर्यटन और जल स्रोतों को भी जीवन देती है, लेकिन इन वनों की रक्षा करना कोई आसान काम नहीं है। जंगलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले वनरक्षक दिन-रात जोखिम उठाकर अपनी ड्यूटी निभाते हैं। कई बार उन्हें अपनी जान तक दांव पर लगानी पड़ती है। दूसरी ओर, अवैध कटान करने वाले वन माफिया और लकड़ी तस्कर केवल अपने स्वार्थ और कमाई के लिए जंगलों को नुकसान पहुंचाने से भी नहीं हिचकते। यही कारण है कि प्रदेश में समय-समय पर वनरक्षकों पर हमलों की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जो बेहद चिंता का विषय हैं।

हाल ही में शिमला जिले के रोहड़ू वन मंडल के तहत टिक्कर बीट में तैनात वनरक्षक रोहित नैंटा पर हुआ जानलेवा हमला इस समस्या की गंभीरता को उजागर करता है। वनरक्षक ने ड्यूटी के दौरान देवदार की लकड़ी से भरी एक पिकअप को पकड़ा था। हिमाचल प्रदेश में वनों से लकड़ी काटने पर पूरी तरह प्रतिबंध है, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग अवैध कटान से बाज नहीं आ रहे। जब वनरक्षक ने वाहन को रोका तो वहां लगभग 15 लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने वनरक्षक को बुरी तरह पीटा। इतना ही नहीं, हमलावर उसका मोबाइल फोन भी छीनकर ले गए। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि जंगलों की रक्षा करने वाले कर्मचारी किस तरह के खतरे के बीच अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

दरअसल, यह कोई पहला मामला नहीं है जब वन विभाग के कर्मचारियों पर हमला हुआ हो। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जो यह दर्शाती हैं कि वन माफिया के हौसले किस कदर बुलंद हैं। 27 फरवरी को बिलासपुर जिले में लकड़ी तस्करों ने वन विभाग की टीम को वाहन से कुचलने का प्रयास किया था। इससे पहले 24 फरवरी को चंबा जिले के तीसा वन मंडल की खैरना बीट में वन मित्र पर गाड़ी में सवार लोगों ने हमला कर उसे डंडों से पीटा था। ये घटनाएं बताती हैं कि जंगलों की रक्षा करने वाले कर्मचारी लगातार खतरे के साये में काम कर रहे हैं।

यदि थोड़ा पीछे जाएं तो वर्ष 2017 में मंडी जिले के करसोग में वनरक्षक होशियार सिंह का शव पेड़ से लटका हुआ मिला था, जिसने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। उस घटना ने यह सवाल खड़ा किया था कि आखिर जंगलों की रक्षा करने वालों की सुरक्षा कौन करेगा? इसके बाद फरवरी 2020 में संसारपुर टैरेस के जंडौर क्षेत्र में वन माफिया ने वनरक्षक और स्थानीय ग्रामीणों पर फायरिंग कर दी थी, जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे। इन घटनाओं से साफ है कि वन माफिया अब केवल अवैध कटान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे कानून लागू करने वालों को डराने-धमकाने और हमला करने से भी पीछे नहीं हटते।

असल समस्या यह है कि वनरक्षकों के पास संसाधनों और सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम नहीं होता। उन्हें अक्सर दूर-दराज और सुनसान जंगलों में अकेले या सीमित स्टाफ के साथ गश्त करनी पड़ती है। ऐसे में यदि उन्हें संगठित और हथियारबंद लकड़ी तस्करों का सामना करना पड़ जाए तो उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ना स्वाभाविक है। यही कारण है कि वन विभाग के कर्मचारियों को कई बार असहाय स्थिति का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए यह बेहद जरूरी हो गया है कि सरकार और वन विभाग वनरक्षकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। सबसे पहले उन्हें पर्याप्त स्टाफ, आधुनिक संचार व्यवस्था और परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके अलावा जंगलों में गश्त के दौरान उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस का सहयोग भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

वनरक्षकों को आत्मरक्षा के लिए आधुनिक लाइसेंसी हथियार भी उपलब्ध कराए जाने चाहिए। तकनीक का उपयोग भी जंगलों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ड्रोन निगरानी, जीपीएस ट्रैकिंग और सीसीटीवी जैसी तकनीकों का उपयोग करके अवैध कटान पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकती है। यदि जंगलों में होने वाली गतिविधियों पर तकनीकी नजर रखी जाए तो वन माफिया के लिए अवैध कटान करना उतना आसान नहीं रहेगा। सरकार, प्रशासन और समाज सभी को मिलकर जंगलों की सुरक्षा के लिए गंभीरता से काम करना चाहिए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती


### प्रसिद्ध कांग्रेसी नेता



माधवराव सिंधिया
जन्म : 10 मार्च, 1945
मृत्यु : 30 सितंबर, 2001

**माधवराव सिंधिया** भारतीय कांग्रेस के प्रसिद्ध नेता और ग्वालियर रियासत के सिंधिया परिवार के सदस्य थे। वे राजमाता विजयाराजे सिंधिया और जीवाजी राव सिंधिया के पुत्र थे। माधवराव सिंधिया ने सिंधिया स्कूल से शिक्षा प्राप्त की और इसके बाद ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अध्ययन किया। उनका विवाह माधवीराजे सिंधिया से हुआ और उनके दो संतानें हैं- ज्योतिरादित्य और चित्रांगदा राजे।

माधवराव सिंधिया का राजनीतिक सफर 1971 में शुरू हुआ, जब उन्होंने जनसंघ से पहला चुनाव लड़ा और भारी मतों से विजय हुए। 1977 में वे स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा में विजयी हुए। 1980 में उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा और उसके बाद लगातार ग्वालियर से चुनाव जीतते रहे। 1984 में उन्होंने भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को हराकर अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत की। उनके नेतृत्व में ग्वालियर क्षेत्र कांग्रेस का मजबूत गढ़ बन गया। सिंधिया ने नौ बार लगातार लोकसभा चुनाव जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया। वे कांग्रेस संसदीय दल के उपनेता भी रहे और पार्टी नेतृत्व में सोनिया गांधी के विश्वसनीय सहयोगी माने गए। उनके राजनीतिक करियर में जनता के बीच विकास कार्यों और जनसेवा को प्रमुख स्थान मिला। वे शिक्षा, खेल और समाज सेवा में भी सक्रिय रहे। उन्होंने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक प्रशिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय स्तर का दर्जा दिलाने में योगदान दिया। वे वन्य जीवन संरक्षण, गरीबों की सहायता और सामाजिक कार्यों में भी रुचि रखते थे। 30 सितंबर, 2001 को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में विमान दुर्घटना में उनका असमय निधन हो गया। उनके निधन के बाद उनके पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। माधवराव सिंधिया की दूरदर्शिता, जनसेवा और राजनीति में ईमानदारी उन्हें भारतीय राजनीति के स्मरणीय और प्रेरणादायक नेताओं में शामिल करती है। ■



कविता

### असली क्या है, नकली क्या है!

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अमित मैहरा, एचएएस
एडीएम, चंबा (हि.प्र.)

**तुम** चाहते हो कि मान लूं सही, जो कुछ तुमने कहा?
तुम जानते हो कि सही क्या तुमने कहा!
मेरे कहने पर चांद निकला क्या कभी?
या मेरे सोचने से सूरज डूबा नहीं?
क्या कभी बह निकला कोई दरिया मेरे रोने से?
क्या समंदर सूख गया कोई मेरे न होने से?
जो मेरी दुआओं से तुम न बने, जो तुम बन सकते थे?
तो मेरे आने से दर्द कोई कमतर हो या बढ़ जाए !
ये खुशदिल बाद-ए-सुखन, क्या कहे कि यही सही है?
या किनारा कर ले तुम सब से, कि कुछ भी नहीं है सही!

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# केयर इकॉनमी: विकसित भारत 2047 की आधारशिला



अन्नपूर्णा देवी
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए, हम न सिर्फ भारत की महिलाओं की उपलब्धियों, बल्कि उनकी दृढ़ता, पालन-पोषणकारी, दृढ़ निश्चयी और परिवर्तनकारी अदम्य भावनाओं का भी सम्मान करते हैं। महिला दिवस महज कैलेंडर की एक तारीख भर नहीं है, बल्कि यह इस बात की पुष्टि है कि भारत की विकास यात्रा में महिलाओं की भूमिका परिधि में नहीं, बल्कि केंद्र में रही है। हमारी महिलाएँ केवल संस्थानों और बोर्डरूम तक सीमित नहीं हैं; वे आंगनों, खेतों, प्रयोगशालाओं, कक्षाओं, सुरक्षा बलों और प्रशासनिक तंत्र में नेतृत्व का एक नया अध्याय रच रही हैं।

उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्-श्वरू) के क्षेत्रों में वे नई पहचान गढ़ रही हैं। रक्षा सेवाओं में महिला अधिकारी विशिष्ट सेवाएँ दे रही हैं-लड़ाकू विमान उड़ाने से लेकर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने तक, वे नए क्षितिज का विस्तार कर रही हैं।

समूचे ग्रामीण भारत में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करोड़ों महिलाएँ स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही हैं। वे आर्थिक स्वतन्त्रता की नींव पर सामूहिक समृद्धि का सृजन कर रही हैं। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व वैश्विक स्तर पर नए मानक स्थापित कर रहा है। यह साबित करता है कि जमीनी स्तर का नेतृत्व समावेशी और प्रभावशाली, दोनों ही है। वैश्विक खेल मंच पर, उत्कृष्टता और दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए भारतीय महिलाएँ लगातार देश को गौरवान्वित कर रही हैं।

इतिहास साक्षी है कि भारतीय नारी का सामर्थ्य कोई नई बात नहीं है। रानी लक्ष्मीबाई ने निडर होकर अपने देश की रक्षा की। सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देकर बेटियों की शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई। देवी अहिल्याबाई होलकर ने बुद्धिमत्ता एवं करुणा से जन कल्याण को शासन के केन्द्र में रखा। नीतिगत सुधार और दृढ़ संकल्प की उनकी विरासत आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रही है।

आज, यह अमिट विरासत सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों में परिलक्षित होती है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, महिलाओं को केवल लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि विकास की अग्रदूत के रूप में मान्यता दी गई है। महिला-नेतृत्व वाला विकास आज एक सशक्त नीतिगत-दृष्टि है, जो बजट, कार्य, मों और संस्थागत सुधारों में परिलक्षित होती है। महिला दिवस



हमें याद दिलाता है कि उत्सव को बदलाव के रूप में साकार करना होगा। प्रत्येक महिला- चाहे वह किसी निगम का नेतृत्व करती हो, वर्दी में सेवा करती हो, खेत में पसीना बहाती हो, छोटा उद्यम चलाती हो या घर पर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हो, मोदी सरकार उसका अभिनंदन करती है। हमारी प्राचीन सभ्यतागत परंपरा में नारी शक्ति का सम्मान केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, यह हमारे अस्तित्व का मूल आधार है। वह परंपरा की धरोहर को सहेजती है और बदलाव की बयार को नेतृत्व देती है। उसके व्यक्तित्व में करुणा का सागर भी है और साहस का अडिग शिखर भी; वह जहाँ एक ओर नैतिक मूल्यों की मर्यादा में बंधी है, वहीं दूसरी ओर अपने सपनों को उड़ान देने के लिए उतनी ही महत्त्वाकांक्षी भी है। बहुआयामी भूमिकाओं को एक साथ साधने का उसका कौशल सदियों से भारतीय नारी की जीवन-शैली का अभिन्न हिस्सा रहा है। वह अपनी जिम्मेदारियों को सहज भाव से ओढ़ती है, धैर्य के साथ परिवार की नींव को सींचती है और अपने %शांत नेतृत्व% से समाज को एक नई दिशा और शक्ति प्रदान करती है।

समाज की हर दृश्यमान उपलब्धि के पीछे एक आधारशक्ति अनवरत कार्य करती है- %देखभाल की अर्थव्यवस्था% (ष्टड्डह्म्द्ग श्वष्टश्ठ्ठशद्व4)। यह वह मौन ऊर्जा है जो भारत के अस्तित्व को हर पल संबल प्रदान करती है। यह उस माँ का समर्पण है, जो सूर्योदय से पूर्व अपनों के लिए चूल्हा सुलगाती है और फिर जीविका की चुनौतियों की ओर निकल पड़ती है। यह उस पत्नी की अटूट निष्ठा है, जो कठिन से कठिन समय में भी परिवार की नींव को दरकने नहीं देती। यह उस बेटी का नि:स्वार्थ भाव है, जो दिनभर की थकान के बाद भी रात के पहर अपने वृद्ध माता-पिता के सिरहाने बैठती है। यह शक्ति किसी यश या प्रशंसा की आकांक्षी नहीं है; वह तो बस कर्तव्य की उस अविरल धारा की तरह है, जो बिना शोर मचाए सृजन करती रहती है।

ऐतिहासिक रूप से, महिलाओं के योगदान का एक विशाल हिस्सा- विशेषकर अवैतनिक देखभाल (ठ्ठश्चड्डद्बस्र ष्टड्डह्म्द्ग), अनौपचारिक श्रम और सामुदायिक सेवा- पारंपरिक आर्थिक गणनाओं की परिधि से बाहर रहा है। किंतु इस हकीकत को पहचानते हुए,मोदी सरकार ने हमेशा देखभाल के इस 'अदृश्य पहलू% को कम करने, उसे सामाजिक मान्यता देने और उसके न्यायसंगत पुनर्वितरण पर बल दिया है। सरकार का दृष्टिकोण देखभाल से जुड़ी सेवाओं को पेशेवर स्वरूप प्रदान कर उन्हें समावेशी विकास के एक नए इंजन के रूप में रूपांतरित करना है। भारत में महिला श्रम शक्ति सहभागिता दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41.7 प्रतिशत हो गई है। यह आंकड़ा भारतीय महिलाओं की बढ़ती आकांक्षाओं और आर्थिक गतिविधियों में उनके बढ़ते प्रभुत्व का सूचक है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# लोकतंत्र में सवाल पूछना अब अपराध क्यों बना दिया गया है?



साहिल शर्मा
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लोकतंत्र की असली पहचान चुनाव नहीं, बल्कि सत्ता से सवाल पूछने का अधिकार है। वोट डालना नागरिक का पहला कर्तव्य हो सकता है, लेकिन सवाल पूछना उसका सबसे बड़ा अधिकार है। फिर भी आज देश के सार्वजनिक जीवन में एक डरावनी सच्चाई उभर रही है—जो सवाल पूछता है, वही कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है। सरकारें जवाब देने के बजाय नाराज़ होती दिखती हैं, और व्यवस्था नागरिक को समझाने के बजाय चुप कराने में ज़्यादा रुचि लेती है। क्या यही वह लोकतंत्र है जिसकी कसमें हर मंच से खाई जाती हैं?

आज हालात यह हैं कि सत्ता से असहमति रखने वाला व्यक्ति तुरंत 卐नकारात्मक卐, 卐विकास विरोधी卐 या किसी न किसी टैग से नवाज़ दिया जाता है। सवाल पूछने को राष्ट्रविरोध की भाषा में लपेट दिया जाता है। मानो सरकार से सवाल करना कोई अपराध हो, और चुप रहना देशभक्ति का प्रमाण। यह सोच केवल खतरनाक नहीं, बल्कि लोकतंत्र के लिए घातक है। जिस व्यवस्था में सवाल दबाए जाते हैं, वहाँ जवाबदेही मर जाती है।

संसद, विधानसभा, मीडिया और सोशल मीडिया—हर जगह शोर है, लेकिन जवाब नहीं। बहस की जगह नारे, तर्क की जगह आरोप और नीति की जगह व्यक्ति-विशेष पर हमले हो रहे हैं। सवाल उठाने वाला व्यक्ति मुद्दा नहीं रह जाता, वह खुद 卐मुद्दा卐 बना दिया जाता है। यह एक सोची-समझी रणनीति लगती है—मुद्दे पर बात करने के बजाय सवाल करने वाले की नीयत पर हमला। इससे सत्ता बच जाती है, लेकिन लोकतंत्र हारता है।

मीडिया, जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता था, भी इस गिरावट से अछूता नहीं रहा। कई मंचों पर सत्ता से सवाल करने के बजाय सत्ता की भाषा बोलना आसान रास्ता बन गया है। गंभीर समस्याएँ—महँगाई,



बेरोज़गारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों और कर्मचारियों के मुद्दे—हाशिए पर धकेल दिए जाते हैं। उनकी जगह बहस होती है कि किसने क्या कहा और कौन किस खेमे में है। जब मीडिया सवाल छोड़ दे, तो आम नागरिक की आवाज़ और भी अकेली पड़ जाती है।

सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को मंच दिया, लेकिन साथ ही असहमति को असहज और खतरनाक बना दिया। एक अलग राय रखने पर ट्रोलिंग, गालियाँ, धमकियाँ—यह सब अब सामान्य हो चुका है। नतीजा यह कि लोग बोलने से पहले दस बार सोचते हैं। धीरे-धीरे एक ऐसी खामोशी पैदा होती है, जिसमें लोग जानते हैं कि कुछ गलत है, लेकिन कहते नहीं। डर से पैदा हुई चुप्पी लोकतंत्र की सबसे बड़ी हार होती है।

ग्रामीण भारत और हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में यह समस्या और तीखे रूप में दिखती है। यहां आम आदमी पहले ही दूरी, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक जटिलताओं से जूझता है। जब वह किसी योजना, परियोजना या निर्णय पर सवाल करता है, तो जवाब नहीं मिलता—मिलता है सिर्फ़ एक वाक्य ऊपर से आदेश है। यह ऊपर कौन है? निर्णय किसने लिया? जवाबदेही किसकी है? इन सवालों के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी जाती। नागरिक को प्र्, या का गुलाम बना दिया जाता है, और लोकतंत्र काग़ज़ी बनकर रह जाता है।

सरकारें अक्सर यह तर्क देती हैं कि आलोचना विकास में बाधा डालती है। लेकिन यह आधा सच है। असल में बिना आलोचना के विकास अंधा होता है। इतिहास गवाह है कि हर बड़ा सुधार—चाहे सामाजिक हो, प्रशासनिक हो या नीतिगत—कठिन सवालों से ही जन्मा है। अगर हर असहमति को अव्यवस्था बताकर कुचल दिया जाएगा, तो सुधार की गुंजाइश कहां बचेगी?यह भी सवाल उठता है कि क्या हम नागरिक के रूप में केवल चुनाव के दिन ही महत्वपूर्ण हैं? क्या लोकतंत्र का मतलब सिर्फ़ पाँच साल में एक बार वोट डालना है? अगर मतदान के बाद सवाल पूछना अवांछनीय बना दिया जाए, तो यह लोकतंत्र नहीं, एकतरफा सत्ता का संकेत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सर्पदंश रोकथाम के लिए सरकारों की सराहनीय पहल



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सर्पदंश की घटनाओं उपरांत अब सरकारों को इसकी सूचना दिए जाना जरूरी है। कारण यह की बढ़ती सर्पदंश की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। बरसात का मौसम शुरू होते ही हिमाचल प्रदेश में सर्पदंश की घटनाओं में भी बृद्धि हो जाती है।हर साल सर्पदंश की घटनाओं में इजाफा हो रहा और सरकारें इस बारे जनता का न तो सही उपचार करवा पा रही थी। यही नहीं जागरूकता बगैर अधिकतर लोग सर्पदंश होने पर डर के मारे ही अपने प्राण त्याग देते हैं। सरकार को सर्पदंश की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जनता को जगरूक करने की अब बहुत अधिक जरूरत है। सर्पदंश से पीडित होने बावजुद लोग सर्वप्रथम चिकित्सीय इलाज करवाने की बजाए इधर-उधर भटक कर खुद मौत का ग्रास बन जाते हैं। सर्पदंश होने पर जहर एकदम खून में मिलकर फेफड़ो में सूजन ला देता और पीड़ित व्यक्ति की सांस फूलने से मौत हो जाती है।ऐसे मरीज के साथ सहानुभूति जताते हुए अक्सर उससे बातचीत करते रहना चाहिए। बरसात शुरू होने बावजूद भी स्वास्थ्य बिभाग कभी सर्पदंश की घटनाओँ पर अंकुश लगाए जाने को लेकर सर्तक नहीं दिखता है।जिला अस्पतालों को छोड़कर अन्य में एन्टी स्नेक बेनम की बेकसीन उपलब्ध न होने की बजह से कई बार सर्पदंश पीड़ितों को समय पर उपचार न मिलने की बजह से उन्हें बेमौत ही मरना पड़ता है। जिला स्तरीय अस्पताल करीब सौ किलोमीटर की दुरी पर स्थित होने की बजह से बेकसीन सर्पदंश से पीड़ितों को समय पर मिल पाना आसान काम नहीं है। यह बेकसीन महंगी और कुछेक निजी दवा खानों में ही उपलब्ध होती इसलिए एक गरीब आदमी का इसे खरीद पाना मुश्किल काम बनकर रह जाता है। सर्पदंश की बजह से मरने बालों के परिवार बालों को सरकारें हजारों रुपये बाद में फौरी राहत के रूप में मदद करके सुर्खियां बटोरती आ रही हैं।यही धनराशि खर्च



करके अगर सभी अस्पतालों में एंटी स्नेक बेनम बेकसीन उपलब्ध करवाई जाए तो कई लोगों की जान बचाई भी जा सकती है। मगर हैरानी की बात यह कि सरकारों ने पीड़ितों की आर्थिक मदद करने का रिवाज सा बना लिया हुआ है। अगर समय रहते सभी अस्पतालों में एंटी स्नेक बेनम की बेकसीन खासकर बरसात में मौजूद रहे तो सर्पदंश की घटनाओं पर भी काबू पाकर लोगों को भयमुक्त किया जा सकता है। कहने को कई एनजीओ और सामाजिक संगठन समाज में कार्य करके अपने आपको बड़ा समाज सेबक कहलाने में एक दूसरे से आगे निकल रहे हैं।इस तरह की सामाजिक जागरूकता फैलाने में ऐसे लोगों को आगे बढ़ने की जरूरत है। हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य होने की बजह से कभी हरे भरे जंगलों से शोभामान रहा है।देवभूमि के जंगलों की हालत आजकल के दौर में ऐसी हो चुकी पेड़ पौधे कम और खरपतवार ज्यादा दिखाई देते हैं।जंगल कभी हरे होने की बजह से जीव,जन्तु इनमें अपने आप को सुरक्षित समझते रहे हैं। जंगलों में कुल्हाड़ी इस कदर चल रही कि जंगली जानवर अब मैदानी इलाकों की तरफ आ रहे हैं।यही नहीं जंगलों में जानवरों का अवैध शिकार करने की घटनाओं में भी दिनोंदिन बृद्धि हो रही है।जंगलों में इस तरह अबैध शिकारियों की और से मचाये जा रहे तांडव कारण भी जीव,जन्तु इंसानों पर आत्मघाती हमले नित नए दिन करते जा रहे हैं।बारह सिंघा, हिरण,बाघ और खूंखार चीते अब लोगों के घरों में घुसने शुरू हो चुके हैं। गर्मियों में लोग अपनी स्वार्थसिद्धि के लिए बनों को आग लगा देते और ऐसे कई जीव,जन्तु अपनी जान बचाने के लिए खुले में निकलकर लोगों के लिए मुसीबत बन जाते हैं। बरसात का पानी खड्डों,नालों से होता हुआ डेमों मैं आकर गिरता है।ऐसे पानी में अक्सर जहरीले सांप बहकर चले आते और बाद में प्रजनन करने के लिए खुले इलाकों का रुख कर जाते हैं।एक सांप सौ अंडे देता और इनमें से अधिकतर अंडे खुद ही वह खा जाता ऐसा स्वास्थ्य बिभाग ने माना है। धरती ने अपनी गोद में सब कुछ समाकर रखा हुआ है। गर्मियों में जमीन का तापमान अत्यधिक होने की बजह से जब भी बारिश का पानी जमीन के अंदर बनी गहरी बिलों में जाता तो सांप,विछु वाहर निकलकर लोगों को डसना शुरू कर देते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वैश्विक राजनीति में नैतिकता, हस्तक्षेप और उत्तरदायित्व का सवाल



डॉ. प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बीसवीं सदी का मध्य मानव इतिहास का निर्णायक मोड़ था। जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने अगस्त 1945 में जापान के नगर हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए, तब केवल दो नगर नष्ट नहीं हुए बल्कि पूरी मानव सभ्यता ने अपनी ही निर्मित विनाशकारी शक्ति का भयावह स्वरूप देखा। लाखों लोग तत्काल मारे गए और असंख्य लोग विकिरण के दीर्घकालिक प्रभाव से वर्षों तक पीड़ित रहे। इस घटना ने द्वितीय विश्वयुद्ध को समाप्त करने में भूमिका निभाई, किंतु यह प्रश्न भी छोड़ गई कि क्या किसी भी परिस्थिति में इतना व्यापक संहार उचित ठहराया जा सकता है।

इसके बाद विश्व राजनीति ने एक नया रूप धारण किया। एक ओर संयुक्त राज्य अमेरिका था और दूसरी ओर सोवियत संघ। वैचारिक संघर्ष ने संसार को दो गुटों में विभाजित कर दिया। इसी पृष्ठभूमि में 1950 से 1953 तक चला कोरियाई युद्ध केवल कोरिया की भूमि का संघर्ष नहीं था बल्कि दो विचारधाराओं की टकराहट था। इस युद्ध ने कोरियाई प्रायद्वीप को स्थायी रूप से दो भागों में बाँट दिया और असंख्य परिवारों को पीड़ा दी।

इसके कुछ वर्षों बाद 1955 से 1975 तक चला वियतनाम युद्ध विश्व इतिहास के अत्यंत विवादास्पद संघर्षों में गिना जाता है। व्यापक बमवर्षा, रासायनिक पदार्थों का प्रयोग और ग्रामीण अंचलों का विध्वंस इस युद्ध की पहचान बन गए। इस संघर्ष ने न केवल वियतनाम को गहरी क्षति पहुंचाई, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर भी व्यापक जनविरोध और नैतिक मंथन को जन्म दिया।

इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ में 2003 में आरंभ हुआ इराक युद्ध इस तर्क के साथ प्रारंभ किया गया कि वहाँ व्यापक विनाश के हथियार मौजूद हैं और विश्व सुरक्षा को गंभीर खतरा है। किंतु समय के साथ ऐसे हथियारों के स्पष्ट प्रमाण सामने नहीं आए। परिणामस्वरूप इराक की राजनीतिक संरचना अस्थिर हो गई, सांप्रदायिक हिंसा में वृद्धि हुई और पूरे क्षेत्र



में असुरक्षा का वातावरण फैल गया।

2001 से 2021 तक चला अफगानिस्तान का युद्ध आतंकवाद के विरुद्ध अभियान के रूप में प्रारंभ हुआ। उद्देश्य था उन शक्तियों को समाप्त करना जिन्हें वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा माना गया। परंतु दो दशकों के लंबे संघर्ष, भारी आर्थिक व्यय और असंख्य जनहानि के उपरांत भी स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकी। अंतत: विदेशी सेनाओं की वापसी के बाद वही संगठन पुन: सत्ता में आ गया जिसे हटाने के लिए यह अभियान आरंभ किया गया था।

मध्य और पश्चिम एशिया में उभरे आतंकी संगठन केवल किसी एक राष्ट्र की नीतियों का परिणाम नहीं थे। उनके उदय के पीछे क्षेत्रीय अस्थिरता, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक विषमता, बाहरी हस्तक्षेप और सत्ता का रिक्त स्थान जैसे अनेक कारण रहे। फिर भी यह धारणा व्यापक है कि महाशक्तियों की नीतियों और युद्धों ने ऐसी परिस्थितियाँ निर्मित कीं जिनमें इन्हें पनपने का अवसर मिला।

लैटिन अमेरिका के अनेक देशों में भी बीसवीं सदी के दौरान राजनीतिक उथल-पुथल देखी गई। विभिन्न समयों पर बाहरी प्रभावों और गुप्त हस्तक्षेपों के आरोप लगे। कुछ स्थानों पर सैन्य शासन स्थापित हुए, तो कहीं लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ कमजोर पड़ीं। इन घटनाओं ने यह धारणा सुदृढ़ की कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आदर्शों की अपेक्षा सामरिक और आर्थिक हितों को अधिक प्राथमिकता दी जाती है। तेल, प्राकृतिक संसाधन, व्यापार मार्ग और सामरिक ठिकाने आधुनिक विश्व व्यवस्था के महत्वपूर्ण घटक हैं। आलोचकों का मत है कि कई बार जनतंत्र, मानवाधिकार और शांति की भाषा इन हितों को वैध ठहराने का माध्यम बन जाती है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# रामनगर संपर्क सड़क बनी जानलेवा

## उखड़ी कंक्रीट और धंसे चैंबर से बढ़ा हादसों का खतरा, मरम्मत की मांग तेज

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा



**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट-लाका वाया रामनगर संपर्क सड़क की हालत इन दिनों काफी खराब हो चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी चिंता का माहौल है। सड़क पर डाली गई कंक्रीट कई जगहों से उखड़ रही है और पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियां भी लगभग समाप्त हो गई हैं। इसके कारण बारिश या पानी सीधे लोगों की जमीनों और घरों की ओर बह जाता है, जिससे नुकसान का खतरा बना रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2023 और 2025 में आई भारी आपदा के बाद से सड़क की स्थिति लगातार खराब होती गई है, लेकिन अभी तक इसकी मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सड़क के बीचों-बीच बनाए गए सीवरेज चैंबर भी सड़क के स्तर से करीब आधा फुट नीचे हैं, जो छोटे वाहनों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। साथ ही पैदल चलने वाले बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए भी यह स्थिति बेहद जोखिम भरी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई बार लोग यहां गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

### खुद करूंगा वार्ड का दौरा : ईओ

**नगर** परिषद सरकाघाट के कार्यकारी अधिकारी एवं तहसीलदार सरकाघाट मनीष कुमार ने कहा कि वह खुद वार्ड नंबर 2 का दौरा कर मौके का निरीक्षण करेंगे और अतिशीघ्र समस्याओं को दूर किया जाएगा उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास कार्यों के लिए कई टेंडर लगाए जा चुके हैं। कार्य क्यों नहीं किए गए इसे लेकर वह जांच करेंगे।

### आज तक नहीं लगी रेलिंग

**देवी** चंद के घर के आगे खड्ड पर बने पुल पर आज तक रेलिंग नहीं लगाई गई है, जबकि इस पुल से दिनभर छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। बिना रेलिंग के पुल पर वाहन चलाना काफी जोखिम भरा बना हुआ है। इसी तरह वी.आर. सुमन के घर के नीचे की ओर जाने वाले रास्ते पर खड्ड के ऊपर बने फुटब्रिज की लोहे की रेलिंग भी जंग लगकर टूट चुकी है, जिससे वहां पैदल चलना भी डरावना हो गया है।

### खतरे में सरकारी स्कूल

**स्थानीय** लोगों ने बताया कि कई रास्ते अभी भी अधूरे पड़े हैं और पास का सरकारी स्कूल भी खतरे की जद में है। खड्ड के किनारे बने कुछ घरों को भी संभावित खतरा बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि चैनलाइजेशन कार्य में भी भाई-भतीजावाद के चलते कई जरूरी जगहों को नजरअंदाज किया गया है। अब बरसात का मौसम नजदीक होने के कारण ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# स्वास्थ्य व पशु चिकित्सा सेवाएं ठप, महिलाओं का फूटा गुस्सा

## डॉक्टर और वेटरनरी फार्मासिस्ट के बिना जूझ रहा थाची क्षेत्र, महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** सराज के थाची क्षेत्र में लंबे समय से स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा सेवाएं चरमराने पर महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा है। क्षेत्र में करीब एक वर्ष से वेटरनरी फार्मासिस्ट का पद खाली पड़ा है, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले तीन महीनों से चिकित्सक तैनात नहीं है। इससे पशुपालकों और आम लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

सोमवार को जनवादी महिला समिति, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह तथा सेब उत्पादक संघ के सदस्यों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार थाची को मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से क्षेत्र में वेटरनरी फार्मासिस्ट की शीघ्र नियुक्ति, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की तैनाती तथा दूध उठान के लिए मिल्क फेडरेशन का वाहन शुरू करने की मांग उठाई।

प्रतिनिधियों ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में लोगों को इलाज के लिए बालीचौकी, नगवांई, कुल्लू और मंडी जाना पड़ रहा है। वहीं पशु चिकित्सा सेवाएं प्रभावित होने से पशुपालन पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो 13 मार्च को बालीचौकी में एकत्रित होकर पशु औषधालय का घेराव किया जाएगा और आंदोलन को तेज किया जाएगा।

इस अवसर पर जनवादी महिला समिति थाची की अध्यक्ष शकुंतला, किसान सभा राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र सिंह राणा, सेब उत्पादक संघ के सदस्य प्रकाश, महिला मंडल अध्यक्ष योगेश्वरी, सचिव मथुरा, लता देवी, रेशमा देवी, कौशल्या और फुला देवी सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।



मांगपत्र सौंपते हुए महिलाएं। अनंत ज्ञान

### दूध उत्पादन, शुरू नहीं हो पाया वाहन

**थाची** क्षेत्र में बड़े पैमाने पर दूध का उत्पादन होता है। इसके बावजूद लगभग एक वर्ष पहले सहकारी सभा पंजीकृत होने के बाद भी मिल्क फेडरेशन का वाहन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इसके चलते दुग्ध उत्पादकों को अपना दूध बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें उचित दाम भी नहीं मिल पा रहा है।

### पशुपालक हो रहे परेशान

**क्षेत्र** में वेटरनरी फार्मासिस्ट का पद लंबे समय से खाली होने के कारण पशुओं के टीकाकरण के लिए लोगों को लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित चौकी से टीके लाने पड़ते हैं। खासकर गायों के टीकाकरण में भारी परेशानी आ रही है। कई बार समय पर टीकाकरण और इलाज न मिलने से पशु बीमार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### स्मार्ट मीटर का किया विरोध

**मांग** पत्र सौंपने के दौरान महिलाओं ने क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध जताया। उनका कहना था कि स्मार्ट मीटर से बिजली उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने और आम उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को रोकने की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** औट थाना क्षेत्र में देर रात हुई सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार संदीप कुमार पुत्र दौलत राम निवासी गांव लोट डाकघर बालू तहसील औट ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह अपने साथी सुनील कुमार पुत्र तारा चंद निवासी तहसील औट के साथ अपनी-अपनी स्कूटी पर टकोली स्थित चांद ढाबा में खाना खाने गए थे। भोजन करने के बाद जब दोनों वापस अपने क्वार्टर लौट रहे थे तो रास्ते में सुनील कुमार अपनी अस्थायी नंबर वाली स्कूटी को तेज गति और गलत दिशा में चला रहा था। इसी दौरान मंडी की ओर से आ रही बुलेट (एचपी 66 ए-2256) से उसकी स्कूटी की टक्कर हो गई। बुलेट को रोहित ठाकुर पुत्र बुद्धि सिंह निवासी तहसील औट चला रहा था, जबकि उसके साथ चिराग शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा निवासी तहसील औट सवार था। दुर्घटना में सुनील कुमार, रोहित ठाकुर और चिराग शर्मा घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने की है।

### हटली में ढाबे के बाहर मारपीट, युवक घायल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हटली थाना क्षेत्र में ढाबे के बाहर मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता रमन ठाकुर ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई कि बीती रात पुनीत सोनी और उसके पिता ने ढाबे के बाहर उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ लात-मुक्कों से मारपीट कर दी, जिससे उसके चेहरे और बाईं आंख पर चोटें आईं। घटना के बाद घायल युवक ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने की है।

### रास्ता रोककर मारपीट, युवक के कान में चोट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हटली थाना क्षेत्र में रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। तेज सिंह पुत्र डंडू राम निवासी गांव व डाकघर टिक्करी तहसील बल्द्वाड़ा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई कि वह सुबह बतैल बाजार की ओर पैदल जा रहा था। इस दौरान हवाणी गांव की एक दुकान के सामने सुनीता देवी पत्नी रतन चंद निवासी गांव बतैल डाकघर भाम्बला, जो पूर्व प्रधान बताई जा रही है, ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करने लगी। शिकायतकर्ता के अनुसार जब उसने इसका कारण पूछा तो महिला ने जूती से उसके कान पर वार कर दिया, जिससे उसके कान से खून निकलने लगा। आरोप है कि इस दौरान उसकी कमीज भी फाड़ दी गई और गला दबाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने की है।

### घर में नौ हजार मिलीलीटर देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** धनोटू थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के घर से देसी शराब बरामद की है। पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और सुराग बुरारी पर थी। इसी दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि सुरांडी सड़क क्षेत्र में प्रकाश चंद पुत्र टोडर राम निवासी तहसील बल्ह अपने रिहायशी मकान में अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसके मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वहां से नौ हजार मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने की है।

### नियम तोड़ने पर वसूला 2900 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार मोटर वाहन अधिनियम के तहत 339 चालान किए गए, जबकि कोटपा अधिनियम के तहत 29 चालान कर 2900 रुपए जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान से बचने की अपील की है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने की है।

### दिव्यांग कल्याण समिति कल करेगी मंथन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति सरकाघाट की मासिक बैठक समिति के कार्यालय रोपा कॉलोनी में प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति की अध्यक्षता में 11 मार्च को आयोजित की जाएगी। इस बैठक में, सरकार की तरफ से दिव्यांगों के लिए बनाई गई योजनाओं तथा उन्हें अमलीजामा पहनाने पर चर्चा की जाएगी। दिव्यांगों के लिए भेजे गए बजट और इस पर पारदर्शिता बरतने पर भी चर्चा की जाएगी और दिव्यांगों के हित में हालही में उच्च न्यायालय में दर्ज की गई जनहित याचिका में अतिरिक्त मांगों को भेजने पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश महासचिव रमेश चेद भारद्वाज ने बताया कि दिव्यांगों के लिए पैरा खेलो में कई अवसर उपलब्ध हैं तथा हम भविष्य के लिए, प्रदेश स्तर पर सक्षम दिव्यांग खिलाड़ियों की टीमों का गठन करेंगे।

### महिलाओं को बताए कानूनी अधिकार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में महिला प्रकोष्ठ शिकायत एवं निवारण सेल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सरकाघाट की अधिवक्ता नेहा ठाकुर रहीं, जिन्होंने छात्राओं को उनके अधिकारों और कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल की अध्यक्षता में किया गया। इस वर्ष का विषय 'For All Women and Girls: Rights, Equality, Empowerment' रखा गया, जिसमें महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता रेखा के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें अर्चना, मोनिका और प्रीति भी उपस्थित रहीं। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

### आर्थिक सहयोग देने वाले सदस्यों की सराहना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** श्री हरि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से हरि मोक्ष धाम रत्ती से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक लोकेश कपूर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जितेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र चौधरी, दीक्षित नारंग, तरुण गुप्ता और राजेश गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने मोक्ष धाम में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। बैठक के दौरान जीत गुप्ता और तरुण गुप्ता द्वारा सीढ़ियों के निर्माण के लिए दिए गए आर्थिक सहयोग की विशेष प्रशंसा की गई। इसके अलावा नरेश कपूर और नरेन्द्र कपूर द्वारा एक कमरे के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए दिए गए सहयोग की भी सराहना की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगले चरण में शव स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र को पक्का किया जाएगा तथा पानी की व्यवस्था और टैंक निर्माण का खर्च अमित प्लाटिया और गणेश वहन करेंगे। शेष राशि कमेटी द्वारा एकत्रित धन से पूरी की जाएगी।

# अनुराग शर्मा को राज्यसभा भेजकर सीएम ने किया आम वर्करों का सम्मान: केशव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश की राजनीति में संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता अनुराग शर्मा को राज्यसभा भेजे जाने के निर्णय की प्रदेशभर में सराहना हो रही है। इसी कड़ी में राज्य सहकारी बैंक के निदेशक केशव नायक ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह फैसला कांग्रेस की लोकतांत्रिक कार्यसंस्कृति और कार्यकर्ताओं के सम्मान की भावना को दर्शाता है।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी में जमीनी स्तर पर काम करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान और अवसर मिलता है। केशव नायक ने कहा कि अनुराग शर्मा लंबे समय से संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहे हैं तथा उन्होंने हमेशा पार्टी की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। उनके सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और संगठनात्मक क्षमता ने उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच विशेष पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का यह निर्णय उन हजारों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो वर्षों से पार्टी को मजबूती देने के लिए मेहनत कर रहे हैं। केशव नायक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी, संवेदनशील और जनहितैषी शासन की नई मिसाल कायम हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाते हुए आम कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की जो पहल की है, उससे कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा। केशव नायक ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यसभा में अनुराग शर्मा हिमाचल प्रदेश के हितों की प्रभावी पैरवी करेंगे और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती के साथ उठाएंगे।

# पेंशनरों की लंबित अदायगी जल्द जारी करे सरकार

**अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन खंड गोहर की त्रैमासिक बैठक सोमवार को चैलचौक स्थित पंचायत सभागार में प्रधान दिलेराम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई व सरकार से लंबित अदायगियों को शीघ्र जारी करने की मांग उठाई गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की कई देय अदायगियां अभी तक लंबित पड़ी हुई हैं। एसोसिएशन का कहना है कि लंबे समय से भुगतान न होने के कारण पेंशनरों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने सरकार से आग्रह किया कि पेंडिंग अदायगियों को जल्द जारी कर पेंशनरों को राहत प्रदान की जाए। इसके अलावा बैठक में पेंशनरों के मेडिकल रिम्बर्समेंट (एमआर) बिलों के भुगतान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने मांग की कि एमआर बिलों का निपटारा शीघ्र किया जाए ताकि पेंशनरों को उपचार संबंधी खर्चों के लिए इंतजार न करना पड़े। बैठक में हिमाचल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन चच्योट के सचिव युद्धवीर सिंह पठानिया, महासचिव नरेश कुमार गुप्ता सहित खंड गोहर के कई सेवानिवृत्त पेंशनरों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए।

# गुरकोठा उपडाकघर स्थानांतरण को लेकर विरोध तेज

## एपीएमसी चेयरमैन संजीव के साथ प्रतिनिधिमंडल ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



एडीसी को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

**टेकचंद, लेदा।** बल्ह उपमंडल के गुरकोठा क्षेत्र में उपडाकघर के प्रस्तावित स्थानांतरण को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार को आंदोलन का नौवां दिन रहा। रविवार को महिला मंडल गुरकोठा ने विरोध स्वरूप अधीक्षक डाकघर मंडी को खून से लिखा प्रार्थना पत्र भेजकर अपना तीखा रोष व्यक्त किया था। जिससे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन महिलाओं ने सबको चौका दिया था। महिला मंडल की ओर से भेजे गए इस पत्र में कहा गया था कि 8 मार्च को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि गुरकोठा उपडाकघर का स्थानांतरण अनुचित है और इसे तुरंत प्रभाव से रोका जाना चाहिए। इसके संबंध में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल एपीएमसी चेयरमैन संजीव गुलेरिया के साथ एडीसी मंडी से मिलकर मामले को उठाया व प्रशासन को इस पूरे मामले में मध्यस्थता करने के लिए आग्रह किया।

इसी कड़ी में एक अलग घटनाक्रम में धरने पर बैठी महिलाओं द्वारा मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद कंगना से बात करके मामले में संज्ञान लेने के लिए कहा व अपनी इस जायज मांग को मजबूती के साथ केंद्रीय संचार मंत्री के समक्ष रखने के लिए आग्रह किया सांसद ने तुरंत संज्ञान लेते हुए केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से दिल्ली में मुलाकात करके इस मामले को मजबूती से उठाया।

वही संघर्ष समिति के अध्यक्ष भिखम राम ने जानकारी दी की अगर यह स्थानांतरण नहीं रुका तो वह इसके लिए स्थानीय ग्रामीणों के साथ अब कोर्ट का रास्ता भी अपना सकते हैं। माननीय अदालत अभी इस संबंध में स्टे आर्डर कर सकती है उन्होंने कहा कि सभी तरह के विकल्प हमारे पास उपलब्ध है। हम अपनी इस बात को मजबूती से रखेंगे व अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का पूर्ण रूप से उपयोग करते हुए अपने संघर्ष को तेज करेंगे। आने वाले कुछ समय में अधीक्षक डाकघर मंडी कार्यालय का भी घेराव स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किया जा सकता है, लेकिन हम उपडाकघर को यहां से जाने नहीं देंगे।

# लेखराज बने लिपिक वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष

अनंत ज्ञान



लिपिक वर्ग की नवगठित कार्यकारिणी। अनंत ज्ञान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन (लिपिकीय वर्ग) के चुनाव मुख्य अभियंता कार्यालय लोक निर्माण विभाग जेल रोड मंडी के सभागार में संपन्न हुए। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के रूप में लेखराज को सर्वसम्मति से जिम्मेवारी दी गई। नीरज कौशल वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा लेखराज शिमला को प्रदेश महासचिव बनाए गए तारा सिंह को मुख्य सलाहकार व चंद्रशेखर को मुख्य लेखाकार बनाया गया है।

चुनाव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिटर्निंग ऑफिसर रोशन लाल शर्मा सेवानिवृत अधीक्षक वर्ग वन, एडिशनल रिटर्निंग ऑफिसर उमेश ठाकुर सेवानिवृत अधीक्षक, भूपेश शर्मा सेवानिवृत रजिस्ट्रार, रहे। विशेष अतिथि के तौर पर हरदेव ठाकुर रिटायर्ड अधीक्षक, खेम सिंह तथा हितेश परमार, विजय कुमार अधीक्षक ग्रेड वन, रविकांत अधीक्षक वर्ग वन उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी जिला अध्यक्ष, महासचिव, अध्यक्ष हेडक्वार्टर यूनिट शिमला तथा सभी महासचिवों लगभग 150 चुनावी डेलिगेट्स ने भाग लिया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को मुख्य अतिथि ने संगठन के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित दीं। इसके अलावा प्रताप ठाकुर अतिरिक्त महासचिव, रजनीश शर्मा कानूनी सलाहकार व पुष्पराज को चीफ पैटर्न बनाया गया। लेखराज को कोषाध्यक्ष तथा विजय शर्मा चंबा, पंकज राणा कांगड़ा, सुधीर चंदेल बिलासपुर, रितेश राज टौर शिमला को उपाध्यक्ष बनाया गया। सुरेंद्र कुमार उन्ना, रामचंद्र कपूर सिरमौर, रामगोपाल सोलन, तेज सिंह मंडी विजय कुमार शिमला को ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री बनाया गया।

सुरेश शिमला, पवन कुमार चंबा, लाल सिंह कांगड़ा को कार्यालय सचिव बनाया गया। शमा शिमला, दोरजे पलजम मंडी, विक्रम सिंह हमीरपुर को प्रेस सचिव बनाया गया। रोशन लाल कल्लू, विनोद कुमार लाहौल स्पीति, रविकांत मंडी, दिनेश शिमला को सह सचिव बनाया गया तथा अश्वनी कुमार कुल्लू, कविता राणा लाहौल स्पीति, ममता ठाकुर मंडी तथा कमल कुमार हरोली उन्ना ने एग्जीक्यूटिव मेंबर के रूप में शपथ ग्रहण की।

# नाचन में सीएम की जनसभा में भीड़ देखकर भाजपा विधायक खो बैठे आपा: लाल सिंह

**अनंत ज्ञान, बग्गी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के दियारगी में मुख्यमंत्री के हालिया दौरे को लेकर हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के चेयरमैन लाल सिंह कौशल ने भाजपा विधायक विनोद कुमार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर विधायक अपना आपा खो बैठे और मंच से अनावश्यक बयानबाजी करने लगे। कौशल ने कहा कि हजारों लोगों के सामने यह स्थिति हास्य का विषय बन गई और लोगों ने उनके भाषण को बंद करने के नारे भी लगाए, जिसके चलते उन्हें अपना संबोधन बीच में ही समाप्त करना पड़ा। जल शक्ति विश्राम गृह बग्गी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कौशल ने कहा कि भाजपा सरकार के समय कई परियोजनाओं का केवल उद्घाटन कर दिया गया, लेकिन मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गईं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अग्निशमन केंद्र का उद्घाटन तो कर दिया गया था, लेकिन वहां बिजली की व्यवस्था तक नहीं थी, जिसे वर्तमान सरकार ने ट्रांसफार्मर लगाकर पूरा किया। इसी तरह देवीदढ़ रेस्ट हाउस का उद्घाटन भी बिना फर्नीचर और आवश्यक व्यवस्थाओं के कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के इस दौरे के दौरान लगभग 60 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास हुए हैं, जिससे नाचन क्षेत्र के लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

# स्लापड़ में स्थायी रूप से की जाए डॉक्टर की नियुक्ति



मांगों को लेकर बीबीएमबी अध्यक्ष को मांगपत्र सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भीम सिंह बसेड़ू, महादेव।** डैहर पावर हाउस में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी से कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान यूनियन की ओर से केंद्रीय कार्यकारिणी के प्रधान इंद्र राज ने कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में स्लापड़ में स्थायी रूप से डॉक्टर की नियुक्ति, राजस्थान के कर्मचारियों को स्केल देने, पार्ट टाइम कर्मचारियों के कार्य समय को चार घंटे से बढ़ाकर छह घंटे करने, कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को स्थायी करने व वित्तीय लाभ देने, बीबीएमबी स्कूलों में शिक्षकों की कमी पूरी करने, बीबीएमबी कॉलोनी में पेयजल और सफाई के लिए ट्रक की व्यवस्था करने तथा मेडिकल सुविधा को पूरी तरह कैशलैस करने की मांग रखी गई।

इस दौरान बीबीएमबी अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों को सभी मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में डैहर पावर हाउस की ओर से अधीक्षण अभियंता विकास शर्मा, मुख्यालय के अधीक्षण अभियंता कश्मीरी सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं यूनियन की ओर से सचिव खुशहाल सिंह, नितिन जैन, किशोरी लाल, बचेश्वर प्रसाद और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जोगिंद्रनगर में नया मेला और झूला मैदान की निविदाओं की तिथि बदली

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले के अंतर्गत नया मेला मैदान व झूला मैदान की नीलामी के लिए आमंत्रित निविदाओं की तिथि में प्रशासनिक कारणों से परिवर्तन किया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम एवं मेला अध्यक्ष जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि पहले इन मैदानों की नीलामी के लिए निविदाएं 12 मार्च को आमंत्रित की गई थीं। इसके अनुसार इच्छुक व्यापारी 11 मार्च को प्रातः 11:30 बजे तक अपनी निविदाएं जमा कर सकते थे तथा 12 मार्च को दोपहर 12:15 बजे के बाद एसडीएम एवं मेला अध्यक्ष की उपस्थिति में निविदाओं को खोला जाना निर्धारित था।

इस संदर्भ में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रशासनिक कारणों से इस प्रक्रिया की तिथि बदलकर 16 मार्च कर दी गई है। इच्छुक व्यापारी 16 मार्च को प्रातः 11 बजे तक अपनी निविदा जमा करवा सकेंगे तथा उसी दिन दोपहर 3 बजे के बाद एसडीएम एवं मेला अध्यक्ष की उपस्थिति में प्राप्त निविदाओं को खोला जाएगा। मेला अध्यक्ष ने सभी इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित नई तिथि व समय के अनुसार अपनी निविदाएं समय पर जमा कराना सुनिश्चित करें।

## सरकाघाट में 20 अभ्यर्थियों में से 19 का चयन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रोजगार कार्यालय सरकाघाट में सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों को भरने के लिए कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया गया। इसमें 20 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिनमें से 19 अभ्यर्थियों का चयन एसआईएस इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा किया गया।हिमाचल प्रदेश रोजगार विभाग समय-समय पर विभिन्न कैंपस साक्षात्कार और रोजगार मेलों का आयोजन करवाता रहता है। विभाग ने नौकरी के इच्छुक युवाओं से आग्रह किया है कि वे इन रोजगार मेलों और कैंपस साक्षात्कारों में अवश्य भाग लें, ताकि अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें।

**जनगणना** मंडी में प्रथम चरण के लिए तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

# पहले चरण में होगा मकानों का सूचीकरण: दीपशिखा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सफल संचालन के लिए तीन दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला डीआरडीए सभागार में आरंभ हुई। कार्यशाला का शुभारंभ निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी हिमाचल प्रदेश दीपशिखा शर्मा ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी अपूर्व देवगन भी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को जनगणना-2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

दीपशिखा शर्मा ने कहा कि जनगणना का कार्य समयबद्ध प्रक्रिया है, इसलिए सभी गतिविधियों को निर्धारित समय के भीतर पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 देश की 16वीं जनगणना होगी। कोविड-19 महामारी के कारण जनगणना 2021 में नहीं हो सकी थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जनगणना मार्च 2027 में की जाएगी, जबकि इसकी प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होती है। पहले चरण में मकानों का सूचीकरण किया जाता है और दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होती है।

उन्होंने बताया कि पहला चरण 12 मई से 11 जून तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, आयुक्त नगर निगम रोहित राठौर, जिला राजस्व अधिकारी हरीश शर्मा, सभी एसडीएम, तहसीलदार (चार्ज अधिकारी) तथा क्लर्क (चार्ज सहायक) उपस्थित रहे।



जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ करतीं निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी दीपशिखा शर्मा। अनंत ज्ञान

### जनगणना से प्राप्त डेटा होता अत्यंत महत्वपूर्ण

**दीपशिखा** शर्मा ने कहा कि जनगणना से प्राप्त डेटा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और इसकी गुणवत्ता नीति निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है। यदि डेटा सटीक होगा तो योजनाएं भी प्रभावी बनेंगी और उनका लाभ सही तरीके से लोगों तक पहुंच सकेगा।

### पहली बार स्व-गणना सुविधा

**दीपशिखा** शर्मा ने कहा कि जनगणना-2027 में पहली बार स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके तहत नागरिक मोबाइल या वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इस प्रक्रिया में लगभग 34 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। बाद में जब जनगणना कर्मचारी घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे, तो वे इन जानकारियों का सत्यापन कर पोर्टल पर दर्ज करेंगे। मास्टर ट्रेनर प्रियांशु सहित अन्य प्रशिक्षक डीसीओ नोडल अधिकारी हिमांशु और आनंद सोनी इस तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी देंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन छात्रों ने हासिल की नेशनल मींस छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं के कक्षा 8 के तीन छात्रों अक्षज संख्यान, तनिश कुमार और केशव सहगल ने नेशनल मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के तहत तीनों छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12,000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अध्यापकों व अभिभावकों को दिया। प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता से विद्यालय और अभिभावकों को गर्व का अनुभव हुआ है।

### समिति जल्द ही पत्रिका का प्रकाशन करेगी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना समिति हिमाचल प्रदेश की प्रांत कार्यकारिणी की बैठक रविवार को बिलासपुर जिले में प्रांत मार्गदर्शक इंद्र डोगरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में समिति के प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर सूरत ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में समिति की आगामी गतिविधियों व विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान समिति के प्रांत स्तरीय व जिला स्तरीय वर्षभर चलने वाले कार्यक्रमों का एक विस्तृत कैलेंडर तैयार किया गया, जिसे केंद्र को भेजा जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि अप्रैल माह से पूर्व उन जिलों में समितियों का पुनर्गठन कर नई समितियां बनाई जाएंगी, जहां अब तक यह कार्य नहीं हो पाया है। साथ ही समितियों को और अधिक विस्तार देने के लिए नए सदस्यों को जोड़ने पर भी सहमति बनी। समिति के प्रांत मार्गदर्शक इंद्र डोगरा ने बैठक में घोषणा करते हुए बताया कि समिति जल्द ही एक पत्रिका का प्रकाशन शुरू करेगी, जिसकी जिम्मेदारी समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार सोनी को सौंपी गई है। इस पत्रिका में हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और गौरवशाली इतिहास से जुड़ी सामग्री प्रकाशित की जाएगी। इस बैठक में प्रांत सचिव डॉ. डीडी वर्मा, संगठन महामंत्री डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. विक्रांत, गुलेरीया सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक, सभी जिला समितियों के अध्यक्ष तथा प्रांत और जिला कार्यकारिणी के सदस्य मिलाकर 40 से अधिक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में दीक्षा देवी प्रथम

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में महिला सशक्तिकरण, समानता और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. सुमिक्षा गुप्ता रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं की बदलती भूमिका, उनके अधिकारों तथा शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला और छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. उमा रानी ने भी महिलाओं की उपलब्धियों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार साझा किए। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। हिमानी ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किया, जबकि वंशिका ने महिला सशक्तिकरण विषय पर प्रभावशाली भाषण दिया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में दीक्षा देवी प्रथम, सुखजीत द्वितीय तथा ममता देवी तृतीय रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा शर्मा ने किया।

### डिप्टी डायरेक्टर को शिवकाली पत्रिका भेंट की

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के कार्यकारी प्रिंसिपल व स्टाफ के द्वारा डिप्टी डायरेक्टर इंस्पेक्शन क्वालिटी एवं कंट्रोल ऊना नीलम कुमारी को स्कूल द्वारा प्रकाशित पत्रिका शिवकाली भेंट की गई। इस अवसर पर कार्यकारी प्रिंसीपल राजन शर्मा, अधीक्षक दिनेश कुमार, लेक्चरर अनु शर्मा, अंकुर सूद, मुकेश कुमार, सीमा सोहाल, मधु ठाकुर एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### पीटीए की बैठक में कॉलेज के विकास पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय कॉलेज में पीटीए (अभिभावक शिक्षक संघ) की बैठक आयोजित की गई। इसमें पीटीए प्रधान भूपिंदर सिंह ने मुख्य रूप से शिरकत की। बैठक के दौरान कॉलेज के कल्याण, विकास तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने महाविद्यालय के समग्र विकास, विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य तथा शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए पीटीए के सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर पीटीए सचिव डॉ. शाम सिंह बैंस तथा मुख्य सहालकार अशोक ऐरी भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पीटीए के अन्य सदस्य भी बैठक में मौजूद रहे और उन्होंने महाविद्यालय के विकास से संबंधित विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। पीटीए प्रधान भूपिंदर सिंह ने कॉलेज के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### जिलाध्यक्षों ने जिलों से जुड़े विषयों पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** फोरलेन के किनारे बसे ऐतिहासिक कस्बा औहर में हिंदू रक्षा मंच की प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय प्रांत कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। सिरमौर, शिमला और चंबा समेत प्रदेश भर से प्रमुख कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान नरसिंह और भारत माता पूजन तथा वंदेमातरम के साथ हुई। बैठक में संगठन के संरक्षक स्वामी राजेंद्र गिरी जी महाराज और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनसा राम ने मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान किया। प्रदेश अध्यक्ष कमल गौतम और कार्यकारी अध्यक्ष खुशहाल सिंह गुलेरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश सचिव प्रीतम सिंह ठाकुर ने पिछले चार माह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी वार्षिक कैलेंडर जारी किया। सभी जिलाध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों से जुड़े विषयों पर चर्चा की। बैठक में लव जिहाद मुक्त हिमाचल, नशा मुक्त हिमाचल और देव संस्कृति संरक्षण जैसे अभियानों पर भी जोर दिया गया। कुल 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### महिला सशक्तिकरण के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मेरा युवा भारत बिलासपुर ने महिला मंडल के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। महिला मोर्चा अध्यक्ष रचना ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय था 'अच्छी परवरिश में महिलाओं की भूमिका और प्रौद्योगिकी एवं परंपराओं में संतुलन '। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों और महिला मंडलों से 145 महिलाओं की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही, जो महिलाओं की सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने की, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया। रचना ठाकुर ने विषयवस्तु का वर्णन करते हुए और अगली पीढ़ी को आकार देने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करते हुए एक विचारोत्तेजक भाषण दिया। कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संवादात्मक सत्र और परवरिश में परंपरा और प्रौद्योगिकी के बीच संतुलन बनाने पर चर्चाएं शामिल थीं। इस उत्सव का उद्देश्य समाज में महिलाओं के योगदान को मान्यता देना और उन्हें नई चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाना था। बिलासपुर में महिलाओं की एकता, शक्ति और दृढ़ता का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के बीच नए सिरे से संकल्प और एकजुटता की भावना के साथ समाप्त हुआ।

### नारी शक्ति व रचनात्मक अभिव्यक्ति पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाषा एवं संस्कृति विभाग ने लता मंगेश्कर कला केंद्र, समूरकलां में एक साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार ओम देवी सैनी ने की। जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम और अनेक वरिष्ठ एवं नवोदित साहित्यकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय नारी विषय पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ, जिसमें समाज में नारी की भूमिका, संघर्ष और सशक्तिकरण पर चर्चा हुई। अल्का, स्वप्ना जसवाल, विशाली भारद्वाज, दीपक शर्मा और अन्य साहित्यकारों ने नारी पर आधारित कविताएं और रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर जिला ऊना के कलाकार सोनिया शर्मा और सुनील कुमार को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 77वें गणतंत्र दिवस परेड में हिमाचल झांकी में योगदान दिया। महिला साहित्यकारों को भी उनके साहित्यिक योगदान के लिए स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन के सख्त निर्देश, नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

# स्कूल बसों-वैन की होगी व्यापक जांच

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला प्रशासन ऊना ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल बसों व अन्य स्कूली वाहनों के संचालन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं।

जारी आदेशों के अनुसार जिले में संचालित सभी स्कूल बसों और वैन संचालकों को परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना होगा। यह आदेश जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा तथा आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 और 34 के तहत जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सभी स्कूल बसों और वैन में वैध फिटनेस प्रमाण पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा, प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से होने चाहिए। निरीक्षण के दौरान इन दस्तावेजों को सक्षम अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करना

### जिला ऊना के संपूर्ण क्षेत्राधिकार में तत्काल प्रभाव से लागू होंगे आदेश



**उपायुक्त** ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि स्कूलों के आसपास तथा प्रमुख मार्गों पर नियमित जांच अभियान चलाकर सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही उपायुक्त ने जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे इन सुरक्षा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। आदेशों का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 तथा अन्य लागू कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश जिला ऊना के संपूर्ण क्षेत्राधिकार में तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

**◆आरटीओ और एसडीएम अगले 15 दिनों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाएंगे**

आवश्यक होगा। प्रत्येक स्कूल वाहन के लिए प्रशिक्षित चालक का होना भी अनिवार्य है, जिसके पास परिवहन वाहन चलाने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों को ले जाते समय वाहन में सहायक अथवा परिचालक की उपस्थिति भी सुनिश्चित करनी होगी। डीसी ने बताया कि सभी स्कूल बसों और वैन में अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक उपचार बॉक्स, आपातकालीन निकास, सुचारू रूप से कार्य करने वाले दरवाजे, उचित बैठने की व्यवस्था तथा स्पीड गवर्नर जैसे आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होना अनिवार्य है।

साथ ही वाहनों की गति निर्धारित सीमा के भीतर रखी जाएगी और किसी भी परिस्थिति में बच्चों को ओवरलोड करके ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने सभी स्कूल बसों और वैन के आगे तथा पीछे स्पष्ट रूप से 'स्कूल बस/वैन' अंकित करने के साथ-साथ निर्धारित मानदंडों के अनुसार स्कूल का नाम और संपर्क नंबर भी वाहन पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ऊना तथा जिले के सभी उपमंडलाधिकारियों (एसडीएम) को निर्देश दिए हैं कि वे अगले 15 दिनों के भीतर विशेष निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान चलाकर स्कूल बसों और वैन की जांच सुनिश्चित करें तथा इसकी विस्तृत रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को प्रस्तुत करें। इसके बाद भी नियमित रूप से निरीक्षण जारी रखा जाएगा ताकि सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित हो सके। यदि कोई स्कूल बस या वैन निर्धारित सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए पाई जाती है तो उसके विरुद्ध चालान, वाहन जब्ती अथवा संचालन पर रोक जैसी कार्रवाई की जा सकती है तथा संबंधित प्रावधानों के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

# नलवाड़ी मेला: 'डेढ़ करोड़ का ठेका जनता से होगी वसूली': डॉ. तेज प्रताप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के ऐतिहासिक राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले की तैयारियां शुरू होते ही एक बार फिर ठेका प्रथा को लेकर तीखी बहस छिड़ गई है।



मेले के मैदान का ठेका लगभग डेढ़ करोड़ रुपए में जाने की खबर के बाद सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। विश्व मानव कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर तेज प्रताप पांडेय ने इस पूरे सिस्टम पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह मेला अब परंपरा और संस्कृति से ज्यादा कमाई का जरिया बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैदान का ठेका इतनी बड़ी राशि में दिया जाता है, तो साफ है कि ठेकेदार अपनी रकम निकालने के लिए मेले में आने वाले हर दुकानदार और झूले वाले से भारी किराया वसूलेगा और अंत में इसका बोझ सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। डॉ. पांडेय ने सवाल उठाया कि आखिर यह कैसी व्यवस्था है जिसमें मेला जनता का होता है, लेकिन मुनाफा कुछ ठेकेदारों और प्रभावशाली लोगों की जेब में चला जाता है। उन्होंने कहा कि मेले में लगने वाले झूले, खाने-पीने के स्टॉल और दुकानों के किराए आसमान छूने लगते हैं, जिसके कारण मेले में मिलने वाला हर सामान महंगा हो जाता है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया। डॉ. पांडेय ने कहा कि हर साल सांस्कृतिक संध्याओं के नाम पर मुंबई और बड़े शहरों के कलाकारों पर लाखों रुपये पानी की तरह बहा दिए जाते हैं, लेकिन हिमाचल के अपने कलाकारों और लोक कलाकारों को केवल दो-तीन हजार रुपए देकर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। यह न केवल स्थानीय कलाकारों का अपमान है, बल्कि हिमाचल की लोक संस्कृति को भी हाशिये पर धकेलने का काम है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेले का मंच अब हिमाचली संस्कृति का नहीं, बल्कि मुंबईया चमक-दमक का प्रदर्शन बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि यदि नलवाड़ी मेला वास्तव में प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर है, तो फिर इसे ठेकेदारी और मुनाफाखोरी के हवाले क्यों किया जा रहा है? उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया और स्थानीय कलाकारों व आम जनता के हितों को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो इस मुद्दे को लेकर जन आंदोलन किया जाएगा।

# घरेलू गैस के नाम पर लूट बर्दाश्त नहीं की जा सकती: संदीप सांख्यान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने केंद्र की भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि घरेलू गैस के नाम पर आम जनता से अतिरिक्त बोझ वसूलना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के अधीन संचालित गैस कंपनियों ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए की वृद्धि कर दी है। संदीप सांख्यान ने आंकड़े जारी करते हुए कहा कि देश में लगभग 32 करोड़ घरेलू गैस कनेक्शन हैं। यदि प्रति सिलेंडर 60 रुए की वृद्धि का विश्लेषण किया जाए, तो इससे केंद्र सरकार को लगभग 2 अरब रुपए से अधिक की अतिरिक्त कमाई होगी। उन्होंने कहा कि यह अतिरिक्त बोझ सीधे देश के आम नागरिकों की जेब पर डाला गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में घरेलू गैस की आपूर्ति लगभग 25,532 रिटेलरों के माध्यम से की जाती है। संदीप सांख्यान ने आरोप लगाया कि 'विकसित भारत' की बात करने वाली सरकार आज अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और युद्ध जैसे मुद्दों का बहाना बनाकर घरेलू गैस के दाम बढ़ा रही है और उसका बोझ आम जनता पर डाल रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर के नाम पर यह लूट ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में देश की जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि घरेलू गैस के नाम पर की जा रही लूट बर्दाश्त नहीं की जा सकती। संदीप सांख्यान ने आशंका जताई कि यदि इसी तरह कीमतों में वृद्धि जारी रही, तो आने वाले समय में डीजल व पेट्रोल के दाम भी बढ़ सकते हैं, जिससे सामान्य उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में और वृद्धि होगी। इसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा।

अनुसूचित जाति आयोग कार्यालय में बैठक हुई आयोजित

# आयोग के समक्ष प्राप्त हुए 17 मामलों पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के कार्यालय रामपुर में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार धीमान ने की।



आयोग के अध्यक्ष और सदस्य के साथ लोग। अनंत ज्ञान

बैठक के दौरान आयोग के समक्ष प्रस्तुत विभिन्न मामलों पर विस्तार से चर्चा करके कुल 17 मामलों पर सुनवाई की गई। इस दौरान कुलदीप कुमार धीमान ने बताया कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए उनकी विस्तृत समीक्षा की गई है। जिन मामलों का संबंध विभिन्न विभागों से है, उन्हें आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाएगा, ताकि प्रभावित व्यक्तियों को समयबद्ध तरीके से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। साथ ही श्री धीमान ने बताया कि आगामी 15 मार्च को थानाकलां स्थित अंबेडकर भवन हॉल में एक विशाल जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान के राज्य महासचिव राजमहे तथा (एनसीडीएचआर) की कार्यकारी समन्वयक निधि ने भी आयोग के समक्ष अपने विचार रखे। उन्होंने दलित समुदाय के साथ हो रही विभिन्न चुनौतियों और उनके संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर आयोग को अवगत करवाया। साथ ही समाज में जागरूकता बढ़ाने और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा, शालिनी, सदस्य सचिव वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# बैंक की योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत घनेत के गांव ठठूह में आज कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा बंगाणा ने वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। बैंक की ओर से शाखा प्रबंधक विनोद पाल सिंह ने बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड महिला समृद्धि योजना, प्रधामंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधामंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना व डिजिटल बैंकिंग के बारे में जानकारी दी। प्रबंधक विनोद पाल सिंह ने ऑनलाइन किए जा रहे फ्रॉड के बारे में भी जानकारी दी ओर समझाया कि किसी भी व्यक्ति या अनजान कॉल पर अपनी जानकारी व ओटीपी सांझा न करें अन्यथा आपका बैंक खाता खाली हो सकता है। आप धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। कोई भी बैंक अधिकारी कॉल पर ओटीपी की जानकारी नहीं मांगता है। यह आपकी गोपनीयता रखने के लिए ही भेजा जाता है। इस शिविर में बैंक की ओर से सुनील कुमार, राम कृष्ण सहित गांववासी भी मौजूद रहे।

# सुन्हाणी पुल-शेर चौक मुख्य सड़क मार्ग 31 मार्च तक बंद

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र को झंडूता से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण सड़क मार्ग सुन्हाणी पुल से कजैल होते हुए शेर चौक तक 31 मार्च तक पूर्ण रूप से बंद रहेगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग का तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें नई आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। सहायक अभियंता बरठीं सचिन नड्डा ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए इसे बंद रखना आवश्यक हो गया है यदि कार्य निर्धारित समय पर पूरा नहीं होता है या कोई अप्रत्याशित कारण उत्पन्न होता है, तो बंद की अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आम लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए सुन्हाणी पुल से पनौल की ओर वैकल्पिक सड़क का उपयोग करें। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस दौरान वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

# भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी में नजर आए वीपीएस के बच्चे




वशिष्ट पब्लिक स्कूल के नन्हें-मुन्ने छात्रों ने भारत की टी-20 विश्व कप जीत का उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल के नन्हें-मुन्ने छात्रों ने भारत की टी-20 विश्व कप जीत का उत्साहपूर्वक जश्न मनाया।

भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर शानदार जीत हासिल की। यह मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम (अहमदाबाद) में खेला गया। इस जीत की खुशी में स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने हाथों में ट्रॉफी लेकर खुशी जाहिर की। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने नारे लगाए, डांस किया व जोर-जोर से हूटिंग कर अपनी खुशी व्यक्त की। सभी छात्र भारत की जीत से बेहद उत्साहित नजर आए। स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी नन्हें -मुन्ने बच्चों के साथ इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया व उन्हें खेल भावना व देशभक्ति का महत्व बताया।

स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरी बार टी-20 विश्व कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है।

# अभिषेक बने बरमाणा प्रेस क्लब के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**बरमाना।** प्रेस क्लब बरमाणा के चुनाव मत्स्य विश्राम गृह देवली में संपन्न हुए। इसमें युवा पत्रकार अभिषेक मिश्रा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, जबकि वरिष्ठ पत्रकार गीतांजली शर्मा को महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई। राजेश मिश्रा को क्लब का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।




**◆गीतांजली शर्मा महासचिव और राजेश मिश्रा कोषाध्यक्ष**

यह चुनाव जिला पत्रकार संघ के महासचिव विजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इसमें फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के जिला अध्यक्ष कश्मीर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। चुनावों से पूर्व बैठक में पत्रकारों के हित एवं उनके संरक्षण को लेकर विचार विमर्श हुआ। इसमें सभी पत्रकारों ने अपने विचार रखे। जिला पत्रकार संघ के महासचिव विजय कुमार ने नई कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा 10 दिनों के भीतर उन्हें कार्यकारिणी विस्तार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही क्लब के पंजीकरण व बैंक खाता खुलवाने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि क्लब हर चार माह में एक बैठक कर क्लब की गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाएंगे व पत्रकारों को आ रही समस्यायों को इस बैठक में हल करेंगे। फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के जिलाध्यक्ष कश्मीर ने कार्यकरिणी को क्लब में नए सदस्य जोड़ने की बात रखी व विस्वाश दिलवाया कि फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर व जिला पत्रकार संघ हमेशा प्रेस क्लब बरमाना के साथ खड़ा है। इस बैठक में विजय कुमार, कश्मीर ठाकुर, अभिषेक मिश्रा, गीतांजली शर्मा, राजेश मिश्रा, गोपाल शर्मा, सतीश शर्मा, रणजीत कुमार, अजय ठाकुर सहित बरमाना, हरनोड़ा, घागस, जुखाला, ब्रहाम्पुखर, खारसी तथा मलोखर के दर्जनों पत्रकारों ने भाग लिया। वहीं, नई कार्यकरिणी ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि यह कार्यकरिणी पत्रकारों के हितो को ध्यान में रखते हुए कार्य करेगी और पत्रकार हित के लिए सभी सदस्यों के सुझाव सादर आमंत्रित है। जल्द ही कार्यकरिणी का विस्तार करके क्लब पंजीकरण करवाया जाएगा और पत्रकारों की किसी भी समस्या के लिए कार्यकारिणी 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

**आयोजन** महिला दिवस पर कल्याण कला मंच बिलासपुर की पहल

# मीरा व सरोज को 'काले बाबा प्रेरक नारी सम्मान'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल्याण कला मंच बिलासपुर द्वारा ग्राम पंचायत बैहना जट्टा के कल्लर गांव में गुरु नानक देव उद्योग परिसर में मासिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच की अध्यक्षा तृप्ता कौर मुसाफिर ने की। इस अवसर पर महिला मंडल भजवाणी की अध्यक्ष मीरा देवी को उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए 'काले बाबा उत्कृष्ट समाज सेवा सम्मान' से सम्मानित किया गया। वहीं, सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आशा कार्यकर्ता सरोज कुमारी को भी सम्मानित किया गया। दोनों को पुष्पहार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना तथा काले बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मंच के महासचिव बाबू राम धीमान ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच के निदेशक सुरेंद्र मिन्हास ने कहा कि




सम्मानित की गई महिलाएं। अनंत ज्ञान

महिला मंडल भजवाणी जिला बिलासपुर का सक्रिय महिला मंडल है, जो सामाजिक क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रहा है।

इस अवसर पर जिला भाषा, कला एवं संस्कृति अधिकारी नीलम चंदेल तथा नगर परिषद घुमारवीं की पूर्व अध्यक्षा रीता सहगल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों को मंच की ओर से दिव्य चुनरी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जगदीश सहोता, सुशील पुंडीर, अमर नाथ धीमान, बृज लाल लखनपाल, कर्म सिंह, सरदार भगत सिंह, सुमन चड्ढा, कैप्टन सुरेंद्र शर्मा, रबिंद्र कमल, राज कुमार कौंडल, गायत्री शर्मा, रणजीत वर्धन तथा कर्मवीर कंडेरा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंच का संचालन बाबू राम धीमान ने किया।

# स्वस्थ जीवन में नींद के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग द्वारा 6-7 मार्च 2026 को 'निद्रा देखभाल का निरंतर क्रम: निदान से उपचार तक' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सीएमई-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया।

हाइब्रिड माध्यम से हुए इस कार्यक्रम में देश भर के 150 से अधिक विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्थान के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. दलजीत सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और स्वस्थ जीवन में नींद के महत्व पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने निद्रा संबंधी विकारों के गंभीर प्रभावों और उनके उपचार पर तकनीकी सत्र लिए। इस दौरान स्लीप लैब में पॉलीसोम्नोग्राफी जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य निद्रा रोगों के प्रबंधन को बेहतर बनाना और समाज में स्वस्थ नींद के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विंग्स स्केल-अप प्रोजेक्ट के विभिन्न घटकों की जानकारी दी



हरोली विंग्स प्रोजेक्ट के तहत कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय हरोली में विंग्स स्केल-अप प्रोजेक्ट के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी(सीडीपीओ) शिव सिंह वर्मा ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता को सशक्त बनाकर महिलाओं और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार लाना है। कार्यक्रम के सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विंग्स स्केल-अप प्रोजेक्ट के विभिन्न घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्री-कन्सेप्शन महिलाओं की पहचान कर उनकी लाइन-लिस्टिंग तैयार करने और समय-समय पर उसे अपडेट करने की भी जानकारी दी। साथ ही उन्हें बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) की गणना करने और बीएमआई के आधार पर पोषण संबंधी खाद्य पदार्थ प्रदान करने की प्रक्रिया भी बताई। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से विंग्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, प्रसवोत्तर महिलाओं तथा 6 से 24 माह के बच्चों को उनकी पसंद के अनुसार फूड प्रोडक्ट, दूध और अंडा उपलब्ध करवाया जाएगा।

इस दौरान जल स्वच्छता व हाइजन से संबंधित विषयों पर भी कार्यकर्ताओं को काउंसलिंग और जागरूकता प्रदान की गई, ताकि समुदाय में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी बेहतर व्यवहार को बढ़ावा दिया जा सके। इस अवसर पर सुपरवाइजर पुष्पा देवी तथा एसएएस टीम से डॉ. अंशिका, सोम और शिवानी सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं।

# हिमाचल में खुलेंगे 6 नए मिल्क प्लांट : बुद्धि सिंह ठाकुर

## दुग्ध उत्पादकों को मिलेगा लाभ, हिमाचल में दूध उत्पादन को लेकर प्रदेश के 250 किसानों को दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अब मिल्क फेडरेशन द्वारा 6 नए मिल्क प्लांट खोले जाएंगे। करीब 400 करोड़ की लागत से यह मिल्क प्लांट तैयार किए जाएंगे।

यह बात जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित देव सदन में आयोजित दूध उत्पादन प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे प्रदेश मिल्क फेडरेशन के अध्यक्ष बुद्धि ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि 'धर्मशाला में भी चार जिला के दूध उत्पादकों को फायदा देने के लिए एक मिल्क प्लांट की स्थापना की जाएगी। जहां पर कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर और ऊना के किसानों से दूध एकत्र किया जाएगा। इसके अलावा 35-35 करोड़ की लागत से नाहन व नालागढ़ में भी मिल्क प्लांट शुरू किया जाएगा। वहीं, रोहड़ू, हमीरपुर, ऊना, मोहल में भी चिलिंग प्लांट खोले जाएंगे, ताकि दूध उत्पादन से जुड़े हुए किसानों को अधिक फायदा मिल सके'। मौहल में 35 करोड़ की लागत का प्लांट स्वीकृत है। इसके लिए तीन महीने के जमीन को चिन्हित करने की प्रक्रिया पूर्ण होगी। बुद्धि सिंह ने कहा कि जिस तरह से सेब हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी में अहम योगदान देता है, अब दुग्ध उत्पादन को भी इस तरह बढ़ावा दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में 5000 करोड़ से अधिक की आर्थिकी सेब बागवानी से आती है। वहीं, प्रदेश सरकार का भी यह प्रयास है कि हिमाचल प्रदेश में दुग्ध उत्पादन से हो रही आर्थिकी को 2000 करोड़ तक पहुंचाया जाए ताकि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में दूध उत्पादन से जुड़े हुए किसानों तथा महिलाओं को सीधा फायदा मिल सके।

प्रदेश के मुख्यमंत्री का लक्ष्य प्रत्येक गांव के दुग्ध उत्पादक महिलाओं व पुरुषों की आर्थिकी को समृद्ध करना है। हिमाचल प्रदेश में दूध उत्पादन में सबसे अधिक भूमिका महिला किसानों की है, उनको भी दूध की फैट और डिग्री मापने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए नेशनल डेयरी ट्रेनिंग बोर्ड से अधिकारी सत्यव्रत ने कहा, 'पहाड़ी इलाकों में विदेशी नस्लों की गाय का अब किसान पालन कर रहे हैं। इसके अलावा साहिवाल और पहाड़ी गाय भी दूध उत्पादन में अपनी अहम भूमिका निभा रही है, लेकिन किसानों को कई बार पशुओं के पालन तथा दूध उत्पादन को लेकर सही जानकारी नहीं होती है, ऐसे में पूरे प्रदेश में इस तरह के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही दूध उत्पादन से जुड़े हुए किसानों और महिलाओं को इस बात की जानकारी दी जा रही है कि वह किस तरह से अपने पशुओं का ख्याल रखें, ताकि उन्हें अधिक से अधिक दूध का उत्पादन मिल सके'। इस अवसर पर आईटीआई शमशी के अध्यक्ष सेस राम चौधरी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उत्तम परमार, एसडीम बंजार पंकज शर्मा मिल्कफेड मंडी यूनिट इंचार्ज विश्व कांत शर्मा, मोहल यूनिट इंचार्ज अमित ठाकुर, लाभ सिंह, रजत ठाकुर सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।


मुख्यातिथि दुग्ध उत्पादकों को पशु स्वास्थ्य किट व दूध के लिए बर्तन भेंट करते हुए। अनंत ज्ञान

### गुणवत्ता के लिए परीक्षण जरूरी

**हिमाचल** का घी देशभर में बेहतर है जिसकी काफी मांग है परन्तु हमें अपना उत्पाद पूर्ण रूप से गुणवत्ता पूर्ण बनाना होगा। जिसके लिये गुणवत्ता परीक्षण ज़रूरी है। भविष्य में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जल्द शुरू होगा जिससे पैसा सीधे महिलाओं के खाते में आएगा तथा ईआरपी व्यवस्था भी दत्तनगर प्लांट से शुरू होगी- जिसमे गाड़ी में दूध कलेक्शन, टेस्टिंग से लेकर चिलिंग प्लांट तक लाने पर पूरा निगरानी होगी। जिससे पूरी श्रंखला सुव्यवस्थित होगी। उन्होंने कहा कि दूध के लिए प्लास्टिक के बर्तनों का प्रयोग न करें। उन्होंने सभी लोगों को 5 लीटर का स्टील का डोलू तथा पशु स्वास्थ्य किट प्रदान की।

### कुल्लू जिले में 52 सोसायटियां

**कुल्लू** जिले में 52 सोसाइटियां हैं। जिले में कुल्लू, मनाली, सैंज से वर्तमान में औसतन 35 लीटर हजार दुग्ध एकत्रित हो रहा है। मिल्क प्लांट लगने से दूध से विभिन्न उत्पाद तैयार होंगे।

# गुठलीदार फलों में फूल ब्लूम, बारिश न होने से चिंता

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** कुल्लू घाटी में इन दिनों बागवानी गतिविधियां एक साथ तेज हो गई हैं। एक ओर गुठलीदार फलों के पेड़ों में फ्लावरिंग अपने चरम यानी फूल ब्लूम पर पहुंच चुकी है। वहीं, दूसरी ओर लंबे समय से बारिश न होने के कारण बागवानों की चिंता भी बढ़ गई है।

इसी बीच बागानों में संजोस स्केल की रोकथाम के लिए ट्री स्प्रे ऑयल के छिड़काव का दौर भी तेजी से चल रहा है। घाटी के पतलीकूहल, नग्गर, कटराईं, डोभी व आसपास के क्षेत्रों में आड़ू, प्लम, खुमानी व नाशपाती के पेड़ों पर इस समय फूलों की भरमार देखने को मिल रही है। सफेद और गुलाबी फूलों से लदे बागान प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं, लेकिन मौसम में नमी की कमी और बारिश न होने से बागवानों को आने वाले उत्पादन की चिंता भी सताने लगी है। बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार गुठलीदार फलों में इस समय का मौसम बेहद महत्वपूर्ण होता है। यदि फ्लावरिंग के दौरान हल्की बारिश या वातावरण में पर्याप्त नमी बनी रहे तो फल बनने की प्रक्रिया बेहतर होती है, लेकिन यदि मौसम लगातार शुष्क बना रहे तो फूलों के झड़ने व फल सेटिंग पर असर पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। इसी दौरान बागवान अपने बागानों में संजोस स्केल नामक कीट से बचाव के लिए ट्री स्प्रे ऑयल का छिड़काव भी कर रहे हैं। यह कीट सेब और अन्य फलों के पेड़ों की छाल पर चिपककर धीरे-धीरे पेड़ को कमजोर कर देता है। इसलिए बागवानी विभाग की सलाह के अनुसार इस समय ट्री स्प्रे ऑयल का छिड़काव करना जरूरी माना जाता है। स्थानीय बागवानों का कहना है कि इस समय घाटी में तीनों गतिविधियां एक साथ चल रही हैं गुठलीदार फलों की फ्लावरिंग, ट्री स्प्रे ऑयल का छिड़काव और बारिश का इंतजार। यदि मौसम थोड़ा नम हो जाए और हल्की बारिश हो जाए तो फलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों बेहतर हो सकते हैं। बागवानी विभाग के जानकारों का कहना है कि बागवानों को मौसम के अनुसार वैज्ञानिक सलाह का पालन करना चाहिए। स्प्रे का छिड़काव सुबह या शाम के समय करना चाहिए, ताकि फूलों और मधुमक्खियों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। साथ ही फलों के बेहतर उत्पादन के लिए बागानों में उचित देखभाल और पोषण प्रबंधन भी जरूरी है। फिलहाल कुल्लू घाटी के बागानों में जहां फूलों की बहार से सुंदर नजारा बना हुआ है। वहीं, बागवानों की नजर आसमान पर टिकी हुई है। सभी को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मौसम करवट लेगा और समय पर बारिश होने से बागवानी सीजन बेहतर साबित होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### यूनिक फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पीएम किसान योजना के सभी लाभार्थी किसानों के लिए यानी यूनिक फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना इस डिजिटल आईडी के आगामी 22वीं किस्त (2000/-) का लाभ मिलना मुश्किल हो सकता है। यह आईडी किसानों की डिजिटल पहचान होगी, जिसमें आधार, जमीन का वितरण, फसल और अन्य कृषि संबंधी जानकारी दर्ज होगी। कृषि उपनिदेशक कुल्लू, डॉ. ऋतु गुप्ता ने जिला के सभी किसानों से अनुरोध किया है कि जिन किसानों ने Agristack पोर्टल पर पंजीकरण नहीं जल्द करवाया है, वह जल्द से पंजीकरण करवाएं। इसके लिए किसान Agristack पोर्टल httpsÑ//hpfr.Agristack .gov.in/ farmer /e&egistry-hp/#/ पर स्वयं रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं या ऑफलाइन अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र जाकर अपना निःशुल्क पंजीकरण करवाएं। इस यूनिक आईडी के लिए किसानों को कुछ जरूरी डिटेल्स जैसे कि आधार कार्ड, भूमि के दस्तावेज (खसरा) खतौनी नं) तथा आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर ओटीपी प्राप्त करने के लिए। एक बार यह आईडी बनने बाद ही पात्र किसान प्रधान बनवाने बनवाने के मंत्री किसान सम्मान निधि योजना अथवा अन्य केंद्र योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकते हैं।

### 12 मार्च को जन संघर्ष जत्था अभियान

**अनंत ज्ञान, आनी।** सीपीआईएम आनी 23 मार्च तक आनी में जनविरोधी अधिनियमों को लेकर जनसंघर्ष अभियान छेड़ेगी और 24 मार्च को सैंकड़ो किसान -मजदूर दिल्ली जाएंगे। कामरेड नेता पदम प्रभाकर ने यहां प्रेस को जारी एक ब्यान में बताया कि भाजपा की एनडीए सरकार देश में किसान मजदुरों के अधिकारों और आजिविका पर लगातार हमला बोल रही है। सभी नीतियां देशी -विदेशी कम्पनी के हितों के लिए बनाई जा रही है। यह सरकार लगातार कानून में संशोधन करके देश की आम जंनता को लूटने का काम कर रही है ।देश में चार श्रम कोड,बिजली विधेयक, बिज बिल, टैरिफ बार, देश की आम जनता के उपर सीधा हमला है। पदम्कें प्रभाकर ने कहा कि केंद्र सरकार साम्राज्यवादी अमेरिका के सामने नतमस्तक है। विदेशी सेबों पर कोई नियंत्रण नहीं बल्कि निशुल्क सेबों को भारत भेजा जा रहा है, जबकि हिमाचल के सेबों को लूट का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 12 मार्च को जनसंघर्ष जत्था अभियान आनी पहुंचेगा ,जिसमें पूर्व बिधायक शिमला, ठियोग कामरेड नेता राकेश सिंघा शामिल होंगे। किसानों की जमीन, स्मार्ट मीटर को लेकर ग्रामीण स्तर जन संघर्ष अभियान शुरू किया गया है। आनी की जन समस्याओं को लेकर एसडीएम आनी को मांग पत्र सौंपेंगे।

### दिलीप चंद बने भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**अनंत ज्ञान, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के घारी गांव के दिलीप चंद को भारतीय जनता पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। दिलीप चंद ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से जिले की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाएगा तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि ठाकुर ने दिलीप चंद को जिला संयोजक बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### बंजार व मंगलौर मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग शुरू

**अनंत ज्ञान, बंजार।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर तक सुदृढ़ करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 शुरू किया। यह अभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक और संगठनात्मक विकास को ध्यान में रखकर आयोजित किया जा रहा है। 7 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। बंजार विधानसभा क्षेत्र के बंजार और मंगलौर मंडलों में सोमवार से प्रशिक्षण वर्ग शुरू हुए। बंजार मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा और मंगलौर मंडल में जिला अध्यक्ष अमित सूद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक सुरेंद्र शौरी भी विभिन्न सत्रों में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक ढांचा, सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नमो और सरल ऐप्स का उपयोग, चुनाव और बूथ प्रबंधन, कार्यालय संचालन तथा नेतृत्व विकास पर विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

# योग सत्र से बच्चों को सिखाए तनावमुक्त रहने के गुर

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** जिला कुल्लू स्थित तीर्थन घाटी की शांत वादियों में हाल ही में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जब वरिष्ठ कस्टम अधिकारी स्मिता सोमाने ने अपने प्रवास के दौरान स्थानीय समुदाय के बीच समय बिताते हुए सेवा कार्य भी किया। हाल ही में वह अपने निजी प्रवास के दौरान तीर्थन घाटी स्थित सनशाइन हिमालयन कॉटेज में ठहरी हुई थीं।

तीर्थन की इस यात्रा के दौरान उन्होंने अपने व्यस्त प्रशासनिक दायित्वों के बावजूद पास के एक सरकारी स्कूल का दौरा किया और विद्यार्थियों के साथ समय बिताया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के लिए परीक्षा से पहले एक घंटे का तनाव-मुक्त योग सत्र आयोजित किया। योग सत्र के माध्यम से उन्होंने छात्रों को सरल योग अभ्यास और सांस संबंधी तकनीकें सिखाईं, जिससे बच्चों को मानसिक तनाव कम करने और पढ़ाई में बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिल सके।योग सत्र के बाद उन्होंने विद्यार्थियों से खुलकर बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक साधारण पृष्ठभूमि से आगे बढ़कर ऊंचे पद तक पहुंचने के लिए उन्हें किन चुनौतियों और संघर्षों का सामना करना पड़ा। उन्होंने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



उनके प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों में नया उत्साह देखने को मिला। अपने दौरे के दौरान स्मिता सोमाने ने राष्ट्रीय राजमार्ग 305 की खराब सड़क स्थिति का भी संज्ञान लिया। स्थानीय निवासियों ने उन्हें सड़क की खराब हालत के बारे में एक आवेदन पत्र भी सौंपा और बताया कि इस कारण क्षेत्र के लोगों और पर्यटकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तक पहुंचाने का प्रयास करेंगी, ताकि सड़क सुधार के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। इस अवसर पर हिमाचली एसेंशियल सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्यों को भी उनसे मिलने का अवसर मिला। उन्होंने समूह द्वारा किए जा रहे सामाजिक और सामुदायिक कार्यों की जानकारी ली और उनकी सराहना की। साथ ही उन्होंने हिमालयन वालंटियर्स टुरिज्म फाउंडेशन के प्रयासों की भी प्रशंसा की, जो हिमालयी क्षेत्र में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने, शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने और स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इस प्रकार स्थानीय बच्चों और समुदाय के बीच समय बिताना सराहनीय पहल है।

### दो उद्घोषित अपराधी सैनिक चौक भुंतर से काबू

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** उद्घोषित अपराधी सेल, कुल्लू की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को टीम ने सैनिक चौक भुंतर के समीप कार पार्किंग से दो वांछित आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सौरभ शर्मा (33 वर्ष) पुत्र अशोक शर्मा तथा गौरव शर्मा (36 वर्ष) पुत्र अशोक शर्मा, दोनों निवासी गांव शूरड, डाकघर खोखन, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। दोनों आरोपी अभियोग संख्या 74/21 दिनांक 06 अप्रैल 2021, धारा 452, 323, 504, 506 और 427 भारतीय दंड संहिता के तहत थाना भुंतर में दर्ज मामले में वांछित थे। न्यायालय सीजेएम, एल एंड एस, कुल्लू द्वारा उन्हें 27 दिसंबर 2025 को उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है व मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# जिला स्तर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आगामी जनगणना की तैयारियां शुरू


बैठक के दौरान चर्चा करते हुए अधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के अंतर्गत जिला एवं चार्ज अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बचत भवन, कुल्लू में आरंभ हुआ।

इस प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश से आए प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ एडीसी कुल्लू की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में आगामी जनगणना 2027 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जो प्रशासनिक एवं विकासात्मक योजना निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। एडीसी कुल्लू ने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लें ताकि जनगणना 2027 कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके।इस अवसर पर डीआरओ, सभी उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) एवं संबंधित चार्ज अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें जनगणना कार्य की प्रक्रियाओं, मोबाइल ऐप के उपयोग तथा फील्ड संचालन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

# पर्यटन निगम के होटलों को निजी हाथों में सौंपने पर बिफरा कर्मचारी संघ

अनंत ज्ञान



**मनाली।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के आठ होटलों को निजी हाथों में देने का विरोध किया है।

संघ के अध्यक्ष हुक्म राम ने कहा कि पर्यटन निगम की ये आठ संपत्तियां ओ एंड एम यानी ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस के आधार पर निजी हाथों में सौंपने के निर्णय का कर्मचारी संघ कड़ा विरोध करता है। सरकार ने निगम के कर्मचारियों के हितों को ध्यान में नहीं रखा है। उन्होंने बताया कि जिला शिमला की तीन, सोलन जिला की दो संपत्तियों सहित मंडी, बिलासपुर और कुल्लू जिले के एक-एक होटल शामिल हैं। इन संपत्तियों में रेस्टोरेंट, बार, कॉन्फ्रेंस हॉल और पार्किंग जैसी सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं। इन होटलों को संचालन के लिए निजी हाथों में सौंपना गलत है। उन्होंने कहा कि निगम के कर्मचारी दिनरात मेहनत कर पर्यटन निगम को आगे बढ़ाने में जुटे हैं, ऐसे समय में होटलों को निजी हाथों में देने का फैसला कर्मचारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि 1972 में स्थापना के बाद पहली बार निगम की आय 100 करोड़ रुपये से अधिक पहुंची है। जो कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण का नतीजा है। ऐसे में सरकार का यह फैसला हैरान करने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई निगम और बोर्ड हजारों करोड़ रुपये के घाटे में चल रहे हैं। पर्यटन निगम का घाटा केवल करीब 36 करोड़ रुपए है। सरकार द्वारा केवल पर्यटन निगम को ही निशाना बनाना समझ से परे है। पहले भी सरकार और निगम प्रबंधन की ओर से यह आश्वासन दिया गया था कि निगम के होटलों को निजी हाथों में नहीं दिया जाएगा। इस दौरान कुल्लू मनाली इकाई के अध्यक्ष अरुण सकलानी, महासचिव ठाकुर दास, मुख्य सलाहकार राम लाल, संगठन सचिव महेंद्र लाल, कार्यालय सचिव देवेंद्र ने भी अपने विचार रखे।

### पीज स्कूल के तीन छात्रों ने किया स्कूल का नाम रोशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीज जिला कुल्लू के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि एनएमएमएस परीक्षा 2026 में विद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थियों आलोक ठाकुर, तनुज श्याम सिंह तथा गौरव ठाकुर ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में आलोक ठाकुर ने 108 अंक प्राप्त कर जिला कुल्लू में द्वितीय स्थान हासिल किया, जो विद्यालय के लिए विशेष उपलब्धि है। विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व मार्गदर्शक अध्यापकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन तथा सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विद्यालय में इन विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया तथा उनकी इस सफलता की खुशी में विद्यार्थियों व स्टाफ के बीच मिठाई वितरित की गई। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

# कैप्टन किशन सिंह को एक बार फिर जिभी वैली टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन की कमान

अनंत ज्ञान

**बंजार।** जिभी वैली टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन के चुनाव हुए। इसमें दूसरी बार नई कार्यकारिणी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

नई कार्यकारिणी में कैप्टन किशन सिंह को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया है। इसके अतिरिक्त एलु राम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, टोपेंद्र ठाकुर को उपाध्यक्ष, ललित ठाकुर को मुख्य सचिव, जगदीश चंद को महासचिव एवं प्रवक्ता लाल सिंह, कोषाध्यक्ष खेम वर्मा, सह सचिव गौरव शर्मा, संयुक्त सचिव अंकित सूद, मुख्य सलाहकार, संदीप कंवर, पदम सिंह, वरिष्ठ सलाहकार बिजनेस डेवलपर, जय सिंह, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता विनय डोगरा, मीडिया प्रभारी, दूनी चंद मनदीप ठाकुर और ब्रिज मोहन सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। अध्यक्ष किशन सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सभी सदस्यों का एवं सभी मतदाताओं का दूसरी बार अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए दिल की गहराई से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गत दो वर्षों की उपलब्धियों को जनरल हाउस के समक्ष पेश किया गया तथा आने वाले दो वर्षों के लिए संगठन के बिजन को साझा करते हुए बताया कि आने वाले पर्यटन सीजन को देखते हुए सबसे पहले क्षेत्र में गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन, गाड़ियों की बढ़ती आवाजाही क्षमता को संतुलित करने तथा सभी पर्यटन व व्यावसायिक इकाइयों का पंजीकरण सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।


जिभी वैली टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन की कार्यकारिणी। अनंत ज्ञान

अध्यक्ष किशन सिंह ने कहा कि जो होम स्टे, या अन्य इकाइयां अभी तक पंजीकृत नहीं हुई हैं, उन्हें पंजीकृत करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि इलाके में पर्यटन गतिविधियों को व्यवस्थित करने में सक्षम बनाया जा सके। इसके साथ उन्होंने नैशनल हाईवे 305, औट टनल से वाली चौकी, बंजार, जीभी, घयागी, सोझा की दयनीय सड़कों की हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क की मरम्मत के लिए प्रदेश सरकार को एक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से सड़कों की स्थिति पर भी अवगत करवाया जाएगा यदि सरकार सड़कों की दयनीय स्थिति को सुधारने में जल्द ही कोई उचित कार्रवाई नहीं करती है, तो अप्रैल महीने में इस मुद्दे को लेकर एक बड़े जन आंदोलन की रणनीति बना कर प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा किया जाएगा।

**नारेबाजी** विभाग ने अलेऊ में दिया 31 मार्च तक साफ पानी की आपूर्ति करने का आश्वासन

# गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

अनंत ज्ञान

**मनाली।** गंदे पानी की आपूर्ति होने के कारण मनाली के निकटवर्ती गांव अलेऊ के ग्रामीणों का सोमवार को गुस्सा फूट गया। ग्रामीण सुबह जल शक्ति विभाग के खिलाफ आक्रोश रैली निकालते हुए अलेउ से जल शक्ति विभाग मनाली के कार्यालय पहुंचे। सैकड़ों की संख्या में मनाली पहुंचे ग्रामीणों ने माल रोड में भी जल शक्ति विभाग सहित मनाली प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग के कार्यालय में जाकर अपना रोष प्रकट किया।

ग्रामीण महिलाएं भी विभाग के परिसर में धरने पर बैठ गई। भारी रोष प्रकट करते देख एसडीओ मनाली दीक्षांत शर्मा ग्रामीणों के बीच में आए ओर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से बर्फ तेजी से पिघल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि गांव अब शहर बन गया है तथा पानी की खपत कई गुणा बढ़ गई है। ग्राम कमेटी के सदस्यों ने विभाग के अधिकारियों के साथ बात करने के बाद कहा कि उन्हें विभाग से आश्वासन मिला है कि 31 मार्च से पहले पहले उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा। कमेटी के सदस्य चमन ठाकुर ने कहा कि वह विभाग की हर मदद करने को तैयार हैं। उन्होंने विभाग से आग्रह किया कि जब तक स्थायी समाधान नहीं निकलता, तब तक स्वच्छ पानी पीने के लिए दें तथा शौचालय के लिए मटमेला पानी सप्लाई करें। एसडीओ मनाली दीक्षांत शर्मा ने कहा कि 31 मार्च तक अलेऊ में पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को ग्रामीणों के साथ मौके पर जाएंगे व समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने के प्रयास करेंगे।


गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। अनंत ज्ञान

# 'ईट राइट स्कूल' का उद्देश्य स्कूली बच्चों में खाद्य सुरक्षा, पोषण व स्वच्छता बारे जागरूक करना : अनिल

अनंत ज्ञान

**केलांग।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा 'ईट राइट स्कूल' पंजीकरण जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को क्षेत्रीय अस्पताल केलंग में किया गया। शिविर में लाहौल के पांच स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उदयपुर, शकोली, त्रिलोकनाथ, जाहलमा व गौशाल के अध्यापकों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत युवाओं में स्वस्थ खान-पान की आदतों को विकसित करने के उद्देश्य से, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने इस जागरूकता शिविर का आयोजन किया। यह शिविर विद्यालयों को 'ईट राइट स्कूल' कार्यक्रम से जोड़ने और उनके पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने पर केंद्रित था। भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा ने कहा कि एफएसएसएआई की ईट राइट इंडिया पहल की प्रमुख योजना 'ईट राइट स्कूल' का उद्देश्य स्कूली बच्चों में खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता पैदा करना है। बच्चों को परिवर्तन के सशक्त माध्यम (चेंज एजेंट) के रूप में देखते हुए, यह कार्यक्रम उनके माध्यम से पूरे समुदाय में सुरक्षित एवं स्वस्थ भोजन की संस्कृति विकसित करने का कार्य करता है।


शिविर के दौरान जानकारी देते हुए अधिकारी। अनंत ज्ञान

जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। स्कूलों को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कराने की चरण-दर-चरण प्रक्रिया समझाई गई। यह पोर्टल स्कूलों को ईट राइट गतिविधियों को अपनाने और क्रियान्वयन में सहायता करता है। विद्यालयों में शिक्षकों या अभिभावकों को एचडबल्यूए के रूप में नामित करने और एफएसएसएआई द्वारा प्रमाणित कराने की जानकारी दी गई। ये राजदूत स्कूल में खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे। एफएसएसएआई द्वारा विकसित समृद्ध शैक्षणिक सामग्री जैसे 'येलो बुक' (पोषण शिक्षा के लिए), 'डार्ट बुक' (मिलावट जांच के लिए) और शिक्षक प्रशिक्षण मैनुअल की जानकारी दी गई ।ईट राइट मैट्रिक्स' के माध्यम से स्कूलों द्वारा किए गए प्रयासों के मूल्यांकन की प्रक्रिया समझाई गई। यह प्रमाणन दो वर्षों के लिए वैध होता है और यह आत्म-मूल्यांकन (सेल्फ-कम्प्लायंस) के आधार पर दिया जाता है।

### रायसन स्कूल के चार स्टूडेंट्स ने पास की स्कॉलरशिप परीक्षा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायसन के चार विद्यार्थी एनसीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप एग्जामिनेशन में पास हुए हैं। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायसन से शुभम, ओशीन नेगी, सृष्टि नेगी और संध्या ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के प्रधानाचार्य हंसराज आचार्य ने बताया कि ये सभी विद्यार्थी बहुत होनहार व मेहनती हैं। इस विद्यालय से पिछले 4 वर्षों से हर वर्ष दो या तीन विद्यार्थी इस परीक्षा को उत्तीर्ण करते आ रहे हैं। इस बार भी विद्यालय से इन चार विद्यार्थियों ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण करके विद्यालय के साथ-साथ इस पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि उन्होंने स्वयं इन विद्यार्थियों का परीक्षा के लिए मार्गदर्शन किया व साथ में विद्यालय के सभी अध्यापकों का सहयोग भी प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य हंसराज आचार्य ने इन सभी विद्यार्थियों को इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं ।

# लंबे अरसे से अपने वजूद की लड़ाई लड़ रहा 'चौगान'

## नाहन के ऐतिहासिक चौगान की दुर्दशा के पीछे नगर परिषद की पैसा कमाने की प्रवृत्ति

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** रियासत काल में आन-बान-शान का प्रतीक रहा ऐतिहासिक चौगान अब लंबे अरसे से अपने वजूद की लड़ाई लड़ रहा है। चौगान की लगातार हो बर्बादी का एक बड़ा कारण 20 सालों से चुनकर आए कांग्रेस-भाजपा के पार्षदों की नगर परिषद के लिए आमदनी बढ़ाने की सोच रही है। चौगान आज नगर परिषद के लिए इसी सोच के कारण कमाऊ पूत बन गया है। किराए नाम पर सालाना लाखों रुपए वसूले जा रहे हैं। अनदेखी के चलते रखरखाव जीरो हो कर रह गया है। ऐसे में चौगान का प्रमुख गेट अकसर खुला रहता है, क्योंकि आए दिन कोई न कोई कार्यक्रम चलता रहता है। नगर परिषद में किराए की पर्ची कट जाती है। गेट कब कौन करेगा यह किसी की जिम्मेदारी तय नहीं है और न किसी की जवाबदेही।




ऐतिहासिक चौगान का किसी भी तरह से दुरुपयोग नही होने दिया जाएगा। 26 जनवरी को प्रवेश द्वार के तोड़े गए एक गेट की मरम्मत करके मैन गेट पर ताला लगा दिया गया है। नप प्रशासन को नियमित ताला लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मैदान का दुरुपयोग करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस एक्शन लिया जाएगा।

**राजीव संख्यान, एसडीएम, नाहन**

### व्यवसायिक कार्यक्रमों पर लगे रोक

**सुबह** से चौगान में आवारा पशुओं को जमावड़ा लगना शुरु हो जाता है। दिन चढ़ते अवैध पार्किंग शुरू हो जाती है। खिलाड़ी भी अपना दम दिखाते हुए नजर आते हैं, लेकिन देर शाम फिर यही चौगान ड्राइविंग स्कूल बन जाता है। ऐतिहासिक चौगान के गौरव, इसकी गरिमा को बरकरार रखने के लिए, मिटते वजूद को बचाने के लिए यह जरूरी है कि सभी किस्म के व्यवसायिक कार्यक्रमों पर रोक लगाई जाए।

### चंबा वाला ग्राउंड होने चाहिए आयोजन

**ऐसे** सभी किस्म के कार्यक्रम चंबा वाला ग्राउंड में कराए जाने चाहिए। क्योंकि चंबा वाला ग्राउंड वैसे भी सालों से विवाह समारोहों के किराए पर उपलब्ध हो रहा है। नगर परिषद को अब चौगान को लेकर अपनी पैसा कमाने की प्रवृत्ति को बदलना चाहिए। यहां केवल राष्ट्रीय पर्वो का आयोजन होना चाहिए जैसा कि रियासत के जमाने से होता आया है।

# नशा मुक्ति का संदेश लेकर राजगढ़ पहुंचे अंतरराष्ट्रीय पैरा धावक वीरेंद्र कुमार

## शिरगुल चौक पर चूड़ेश्वर सेवा समिति ने किया भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रखने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित मैराथन कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय पैरा धावक वीरेंद्र कुमार का राजगढ़ पहुंचने पर चूड़ेश्वर सेवा समिति ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह मैराथन सिरमौर कल्याण मंच और चूड़ेश्वर सेवा समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित की जा रही है। मैराथन के पहले चरण में अंतरराष्ट्रीय पैरा धावक वीरेंद्र कुमार के राजगढ़ पहुंचने पर स्थानीय लोगों और समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। वीरेंद्र कुमार ने सोमवार को राजगढ़ के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य व समाजसेवी सतीश ठाकुर ने कहा कि वर्तमान समय में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। कार्यक्रम के दौरान चूड़ेश्वर सेवा समिति के सदस्यों ने वीरेंद्र कुमार को सम्मानित भी किया। इसके उपरांत वीरेंद्र कुमार ने नशा मुक्ति का संदेश देते हुए राजगढ़ से इटरनल यूनिवर्सिटी बड़ू साहिब की ओर मैराथन दौड़ शुरू की, जिसे समाजसेवी सतीश ठाकुर ने फ्लैग ऑफ किया।



नशा मुक्ति का संदेश लेकर राजगढ़ पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय पैरा धावक — अनंत ज्ञान

# कुशाग्र वर्मा ने एनएमएमएस परीक्षा में हासिल किया जिला में पहला स्थान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित नेशनल मीन कम मैरिट स्कॉलरशिप (एमएमएमएस) में धरोट मिडल स्कूल के छात्र कुशाग्र वर्मा ने जिलाभर में प्रथम स्थान हासिल का स्कूल का और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से कुशाग्र के पिता विकास वर्मा, माता दीपिका ने खुशी जताई है। कुशाग्र की स्कूल टीचर रही सरस्वती शर्मा और पूनम शर्मा ने उसे बधाई देते हुए, उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुशाग्र वर्मा की माता दीपिका ने बताया कि जब कुशाग्र बचपन से ही पढने में होशियार रहा है। उसने आठवीं की परीक्षा मिडिल स्कूल धरोट से पूर्ण कर अब नवम कक्षा में सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुग्गाघाट में प्रवेश लिया।



## तन्मय ने राष्ट्रीय मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा की उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय शमलाटी मझगांव से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र तन्मय ने राष्ट्रीय मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 2 नवंबर 2025 को आयोजित की गई इस परीक्षा में विद्यालय के छात्र तन्मय ने 85 अंक लेकर यह उपलब्धि अपने नाम की है। तन्मय वर्तमान में नौवीं कक्षा में अध्ययन कर रहा है। विद्यालय प्रभारी संजय अत्री ने बताया कि तन्मय एक अत्यंत प्रतिभाशाली छात्र है जो खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रणी रहता है।

## आठवीं कक्षा की नव्या ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनंत ज्ञान, कसौली।** राजकीय उच्च विद्यालय दांवटा की आठवीं कक्षा की मेधावी छात्रा नव्या ने राज्य स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति योजना परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। इस सफलता के बाद नव्या को अब कक्षा 12 तक प्रतिमाह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी। नव्या ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उसकी सफलता से विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# सपरून में फोरलेन पर प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज न बनने पर कड़ी नाराजगी

## नगर निगम के समाधान शिविर में वार्ड-14 के लोगों ने विभिन्न मुद्दों पर जाहिर किया रोष

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन द्वारा वार्ड-14 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में आयोजित समाधान शिविर में स्थानीय लोगों ने सपरून में फोरलेन पर प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज न बनने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इसी तरह सपरून में निर्माणाधीन फुटपाथ का कार्य बंद होने से स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को वाहनों की चहल-पहल के बीच जान जोखिम में डालकर चलना पड़ रहा है। लोगों ने पब्लिक टॉयलेट की कमी से हो रही परेशानी और सपरून बाइपास में बनी पार्किंग के शुरू न होने पर भी सवाल उठाए। पार्किंग न चालू होने से वहां शराबियों का अड्डा बन गया है, जिससे सुरक्षा को खतरा बढ़ा है।



समाधान शिविर में अपनी बात रखते स्थानीय लोग। — अनंत ज्ञान

### कॉलोनी की सड़कों पर जल्द लगें पेवर ब्लॉक

**रेजिडेंट** वेलफेयर सोसाइटी (आरडब्ल्यूए) एचबीसी के प्रतिनिधियों ने कॉलोनी की सड़कों पर लंबित पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य तत्काल शुरू करवाने की मांग की। कॉलोनी के मुख्य रास्ते में वर्षों से चली आ रही सीवरेज समस्या पर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए गए। निवासी संत कुमार चौधरी ने बताया कि उनके घर के निकट खुले में बहते सीवरेज से दुर्गंध फैल रही है।

### नाले को कवर कर हो सड़क निर्माण

**कमल** ऑर्चिड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष केएल शर्मा ने नाले को कवर कर सड़क निर्माण का सुझाव दिया। उन्होंने वार्ड से सटे फोरलेन पर प्रस्तावित फुटपाथ और फुट ओवरब्रिज का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की। निर्मल ठाकुर और नवीन अरोड़ा ने वार्ड में पेयजल की नियमित आपूर्ति और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही।

### निगम से मिला समाधान का आश्वासन

**नगर** निगम सोलन के एसडीओ गोपी सिंह ने निवासियों को आश्वस्त किया कि विभाग प्राथमिकता के आधार पर सभी लंबित कार्य पूरे करेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर समृद्ध शहर मुहिम के तहत घर-घर से गीला और सूखा कूड़ा पृथक कर उठाना सुनिश्चित किया गया है। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि सपरून फोरलेन पर फुट ओवरब्रिज के लिए एनएचएआई अधिकारियों से बात चल रही है। सड़क पर पेवर लगाने और सीवरेज कार्यों को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। फुटपाथ का मामला भी सुलझ गया है जल्द काम शुरू होगा।

# क्राइम : युवक से 10 .20 ग्राम चिट्टा व 2 .34 ग्राम मेथामफेटामाइन बरामद

अनंत ज्ञान

**सोलन।** पुलिस की एसआईटी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी के दौरान एक वाहन सवार एक युवक से 10.20 ग्राम चिट्टा तथा 2.34 ग्राम मेथामफेटामाइन बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। मामले में संलिप्त वाहन को पुलिस कब्जे में लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में आगामी जांच जारी है।

### 11040 कैप्सूल और 4200 नशीली गोलियां बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस ने पांवटा साहिब में नशीली दवाओं की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने एक कार से 11040 नशीले कैप्सूल और 4200 नशीली गोलियां बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि बेहट (सहारनपुर) के दो युवक कार में भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल और गोलियां लेकर पांवटा साहिब की ओर आ रहे हैं।

## पांवटा साहिब में युवक से 8 .75 ग्राम चिट्टा बरामद



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस ने पांवटा साहिब क्षेत्र से एक युवक को 8.75 ग्राम चिट्टा सहित गिरफ्तार किया है। एसआईयू नाहन की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति चिट्टा की तस्करी में लिप्त है और उसके पास नशीले पदार्थ की खेप हो सकती है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मनोज कुमार पुत्र स्वर्गीय रघुबीर सिंह को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान आरोपी से कुल 8.75 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### तेंदुए के हमले से युवक घायल

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत सरली के गांव सरली में 18 वर्षीय प्रवेश शर्मा के ऊपर तेंदुए ने हमला किया। प्रवेश शर्मा के अनुसार वह प्रातः दूध लेकर खेतों से बने रास्ते से जा रहा था। तभी पास ही झाड़ियों में घात लगाए तेंदुए ने उस पर पीछे से आक्रमण कर दिया। लगभग 15 मिनट की भिड़ंत के पश्चात प्रवेश के हाथों आत्म रक्षा में तेंदुआ मारा गया। इस भिड़ंत में प्रवेश शर्मा को बहुत चोटें आई है। जिसका उपचार अर्की अस्पताल में हो रहा है।

### छोटी कक्षाओं को पढ़ाने के लिए बाध्य किया तो होगा प्रिंसिपल का घेराव : जलापाईक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला सोलन की बैठक यहां प्रधान जयलाल जलपाईक की अध्यक्षता में हुई। सोलन में आयोजित की गई जिसमें प्रवक्ताओ की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। प्रधान जय लाल जलपाईक ने कहा कि हिमाचल के सभी स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं और साथ ही शीतकालीन स्कूलों में छटी से 9वीं कक्षा तक की कक्षाएं भी शुरू हो चुकी हैं। देखने में आया है जिला के कुछ एक स्कूलों के प्रिंसिपल प्रवक्ताओं को जबरन छोटी कक्षाओं को पढ़ाने के लिए बाध्य कर रहे हैं जबकि विद्यालयों में सभी अध्यापक उपस्थित हैं। इस सिलसिले में प्रवक्ता सघं जिला सोलन पहले भी अपनी स्थिति साफ कर चुका है कि जिन स्कूलों मे अध्यापकों की कमी है, उन स्कूलों में नीड बेस पर ही कक्षाओं को पढ़ाया जाएगा, जबरदस्ती किसी को बाध्य नहीं किया जाएगा। इसके लिए प्रवक्ता सघं जिला सोलन उप शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा जिला सोलन से भी इस विषय में मिला था। फिर भी विद्यालय प्रमुख अगर नहीं मानतें है तो सघं उन प्रिंसिपलों की शिकायत व घेराव करने में पीछे नहीं हटेगा।

### अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल दाड़लाघाट में प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर के मार्गदर्शन में अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पढ़ाई से संबंधित जानकारी देना ही नहीं, बल्कि विद्यालय, अभिभावकों और विद्यार्थियों के बीच मजबूत भावनात्मक संबंध स्थापित करना भी था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य और उपस्थित अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय और अभिभावकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। जब घर और विद्यालय मिलकर बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं, तभी उनका सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता: कुफ्टू, रौडी बखालग को हराकर अगले दौर में

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल के देवरा पंचायत के गांव जखौली में भद्रकाली रोवर्स जखौली द्वारा इन दिनों वाईएमए मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर रविवार को समाजसेवी दुनीचंद गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं देवी चंद विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर खेलों का आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखवाने का अवसर मिलता है। खेले गए मुकाबले में कोलका ने कुफ्टू, रौडी ने बखालग को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। शीर्ष पर रहने वाली दो टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला होगा। जिसमें विजेता को 41 हजार रुपए व उप विजेता को 25 हजार नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

### सोलन में पानी का गंभीर संकट, कांग्रेस की नगर निगम पूरी तरह विफल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन शहर में पिछले काफी समय से पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। शहर के कई वार्डों में लोगों को एक-एक सप्ताह तक पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (आईटी विभाग) अरुष गुप्ता ने कहा कि जब कांग्रेस नगर निगम में सत्ता में आई थी, तब बड़े-बड़े वादे किए गए थे कि सोलन की जनता को निःशुल्क पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि न केवल पानी के दाम कई बार बढ़ाए गए हैं, अपितु अब तो शहर के लोगों को समय पर पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने नाहन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण



नाहन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री। — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सिरमौर जिला के नाहन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के उपरांत डॉक्टरों के साथ संवाद किया। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि वह आज उनकी बात सुनने आए हैं, ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी वह अन्य मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सकों के साथ इसी तरह संवाद कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज सिर्फ रैफरल स्वास्थ्य संस्थान बन कर रह गए हैं, इनमें सुधार करके प्रदेश में ही लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जाएंगी। राज्य सरकार मेडिकल सुविधाओं में सुधार के लिए हाई-एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी ला रही है, जिसके लिए आने वाले समय में 3 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे।

सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों का स्टाइपंड 40 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए, जबकि सीनियर रेजिडेंट सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों का स्टाइपंड एक लाख से बढ़ाकर 1.30 लाख रुपए किया है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेजों में पीजी की सीटें बढ़ाई जाएंगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, विधायक एवं एचपीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार, विधायक अजय सोलंकी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## पुलिस जवान को धक्का देकर फरार आरोपी हिरासत में, कांस्टेबल निलंबित : एसपी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** बीते शनिवार शाम पुलिस चौकी गुंनुघाट में पूछताछ के दौरान एक आरोपी पुलिस जवानों को अचानक धक्का देकर फरार हो गया, लेकिन कुछ घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने फरार आरोपी की धर दबोचा। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने इस मामले में एक पुलिस कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार 15 जुलाई 2024 को एनडीपीएस एक्ट के तहत नाहन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने मामले में करीब डेढ़ साल बाद आरोपी अब्दुल मजीद (24) निवासी छटेला, तितावी, जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को उसके घर से 5 मार्च को दबोचा था। आरोपी को अदालत ने 10 मार्च तक पुलिस रिमांड में रखने के आदेश दिए थे। करीब 5:15 बजे आरोपी ने पुलिसकर्मी को धक्का देकर मौके से फरार हो गया। आरोपी के पुलिस हिरासत से फरार होते ही आसपास के थानों में सूचित कर दिया गया जिसे कुछ घंटों बाद ही धर दबोचा गया।

### नाहन दौरे पर मुख्यमंत्री को लेकर डॉ. बिंदल का हमला

# उम्मीद थी विकास की, पर विपक्ष को कोसकर चले गए सुक्खू : बिंदल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** लंबे समय के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खूका नाहन विधानसभा क्षेत्र का दौरा हुआ। क्षेत्र की जनता को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री विकास योजनाओं की घोषणा करेंगे और बंद पड़े संस्थानों को फिर से शुरू करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह आरोप राजीव बिंदल ने लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आए, लेकिन जनता की समस्याओं पर बात करने की बजाय विपक्ष को कोस कर चले गए।

डॉ. बिंदल ने कहा कि पिछले लगभग 40 महीनों में वर्तमान सरकार ने जिला सिरमौर को कई झटके दिए हैं। उनके अनुसार सत्ता में आते ही सरकार ने 50 से अधिक संस्थानों को बंद कर दिया। नाहन विधानसभा क्षेत्र में एक उप-तहसील, पांच पटवार सर्कल, पांच वेटनरी अस्पताल, चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और नौ स्कूल बंद कर दिए गए, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि सिरमौर जिले का एकमात्र मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भवन पहले तेजी से बन रहा था, लेकिन पिछले साढ़े तीन साल से उसका निर्माण कार्य ठप पड़ा है। लगभग 261 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस प्रोजेक्ट का काम रुकने से जिले के हजारों मरीजों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।डॉ. बिंदल ने यह भी आरोप लगाया कि माता एवं शिशु अस्पताल के निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। अस्पताल के लिए स्थान और नक्शा भी तय हो गया था, लेकिन 40 माह बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में नाहन के लिए नर्सिंग कॉलेज का भी प्रावधान किया गया था और इसके लिए लगभग 70 करोड़ की राशि निर्धारित की गई थी, लेकिन अभी तक निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है।

डॉ. बिंदल ने नाहन अस्पताल की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 25 वेंटिलेटर होने के बावजूद उनका उपयोग नहीं हो रहा है। सीटी स्कैन के लिए मरीजों को दो से तीन सप्ताह तक इंतजार करना पड़ता है और अभी तक एमआरआई मशीन भी नहीं लगाई गई है। अंत में डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस सरकार से मोहभंग हो चुका है और झूठी गारंटियों के सहारे बनी यह सरकार अब जनता का विश्वास खो चुकी है।

## यूजीसी मुद्दे पर भाजपा पर बरसे रूमित सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूमित सिंह ठाकुर ने यूजीसी से जुड़े प्रावधानों को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे बन रहे हैं कि 'भाजपा के रूप में देश में काले अंग्रेज आ गए हैं', जो समाज को बांटकर शासन करने की राजनीति कर रहे हैं। रूमित सिंह ठाकुर ने कहा कि यूजीसी से जुड़े प्रावधान समाज में जातीय विभाजन को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की नीतियां देश को टकराव और गृह संघर्ष की स्थिति की ओर धकेल सकती हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने हाल ही में भाजपा के प्रदेश कार्यालय का घेराव कर इस कानून का विरोध किया था। उनके अनुसार इस आंदोलन के बाद भाजपा के भीतर भी इस विषय को लेकर असहजता देखने को मिली है।

### 22 लाख रुपए से निर्मित होने वाली देलग से शिवघाटी संपर्क मार्ग की रखी आधारशिला

# सड़कें सामाजिक, आर्थिक विकास का आधार : संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि सड़कें प्रदेश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास का मुख्य आधार हैं और प्रदेश सरकार सभी गांव को बेहतर संपर्क सुविधा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्प है। संजय अवस्थी सोमवार को अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सानण में 22 लाख रुपए की लागत से देलग से शिवघाटी तक निर्मित होने वाले संपर्क मार्ग की आधारशिला रखने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं व अन्य को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देलग से शिवघाटी संपर्क मार्ग के निर्माण से न केवल स्थानीय पंचायत के लोगों को बल्कि आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ पहुंचेगा।



जनसमस्याएं सुनते विधायक संजय अवस्थी। — अनंत ज्ञान

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को विकसित कर ही प्रदेश विकसित हो सकता है। उन्होंने देलग से शिवघाटी संपर्क मार्ग के निर्माण को पूर्ण करने के लिए 20 लाख रुपए की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मार्ग का निर्माण कार्य निकट भविष्य में पूरा कर लिया जाएगा और लोगों को शीघ्र इसका लाभ मिलेगा। विधायक ने सेरी सेरला में पार्किंग निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता व अन्य औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सरौण गांव में खेल मैदान के निर्माण के लिए 01 लाख रुपए, सेरी गांव में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 02 लाख रुपए तथा युवक मंडल देलग को 11 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की।

संजय अवस्थी ने तदोपरांत 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जन समस्याएं सुनीं तथा इनके शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

## बसाल पंचायत के जंगल में खुले में फेंकी गई एक्सपायरी दवाइयां

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगती बसाल पंचायत के जंगल क्षेत्र में सोमवार को बड़ी मात्रा में खराब और एक्सपायरी दवाइयों के डिब्बे खुले में फेंके मिले। स्थानीय निवासियों ने इसकी शिकायत की है, जो पर्यावरण प्रदूषण और जंगली पशुओं की जान के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। जंगल में बिखरी दवाइयों को अगर जानवर खा लेते हैं, तो उनके लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इस घटना ने पूरे इलाके में आक्रोश पैदा कर दिया है। बसाल पंचायत की निवर्तमान प्रधान ऋचा ठाकुर ने कहा कि जंगल में दवाइयों को इस तरह फेंकना बेहद लापरवाही पूर्ण और गंभीर अपराध है। हम इसकी तुरंत जांच करवाएंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। फिलहाल पंचायत स्तर पर जांच शुरू हो गई है।

# सोना 817 रुपए बढ़कर ₹1.60 लाख पर पहुंचा

## चांदी में भी उछाल, 2,080 रुपए बढ़कर 2.63 रुपए लाख पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सोना**-चांदी के दाम में लगातार तीन दिन गिरावट के बाद सोमवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 817 रुपए बढ़कर 1.60 लाख रुपए पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी 2,080 रुपए बढ़कर 2.63 रुपए लाख पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.60 लाख रुपए प्रति किलो थी।



इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 26,373 रुपए और चांदी 32,383 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

यूबीएस को भरोसा है कि 2026 में सोने की कीमतें और ऊपर जाएंगी। रिपोर्ट के अनुसार, साल के बीच तक सोना 6,200 डॉलर प्रति औंस के ऊंचे स्तर को छू सकता है। अगर रुपए के हिसाब से बात करें तो सोने का भाव 1.80 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# बार काउंसिल चुनाव की निगरानी करने वाली समिति पर एफआईआर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**बार** काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए बनाई गई हाई-पावर कमेटी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के मामले में सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह जानकारी दी। इस मामले में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और वरिष्ठ वकिल मनन कुमार मिश्रा ने बताया कि एक वकील ने समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

◆ **सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई**

मिश्रा ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है। उनके अनुसार, एक वकील की अपील पर विचार नहीं किया गया, इसलिए उसने समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। यह मामला महाराष्ट्र और गोवा राज्य बार काउंसिल चुनाव से जुड़ा है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामले की सुनवाई मंगलवार को की जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए एक विशेष समिति बनाई थी। इस समिति के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया हैं। इसके अन्य सदस्य न्यायमूर्ति रवि शंकर झा जो पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं, और वरिष्ठ वकील वी गिरी हैं। इसके अलावा 18 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि राज्य बार काउंसिल चुनाव से जुड़े किसी भी मामले की याचिका सीधे अदालत में सूचीबद्ध न की जाए। यदि किसी को शिकायत है, तो वह पहले अदालत द्वारा बनाई गई इस समिति के पास जाए। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि पूरे देश में बार काउंसिल चुनाव समय पर, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से कराए जाएं। इसी वजह से अदालत ने पहले निर्देश दिया था कि सभी राज्यों में बार काउंसिल चुनाव सेवानिवृत्त हाईकोर्ट जजों की निगरानी में कराए जाएं। (अनंत ज्ञान)

# तुर्किये ने उत्तरी साइप्रस में तैनात किए छह एफ-16 लड़ाकू विमान

**एजेंसी, अंकारा**

**अमेरिका**-इसराइल और ईरान के बीच सैन्य संघर्ष ने पूर्वी भूमध्यसागर क्षेत्र में सुरक्षा चिंताएं बढ़ा दी हैं। तनाव के बीच इलाके की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तुर्किये ने उत्तरी साइप्रस में अपने एफ-16 लड़ाकू विमान और वायु रक्षा प्रणाली तैनात किए हैं। तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह कदम सुरक्षा उपायों के तहत तैयार की जा रही चरणबद्ध योजना का हिस्सा है।

सऊदी अरब की सरकारी समाचार संस्था अरब न्यूज, तुर्किये की सरकारी समाचार संस्था अनादोलु एजेंसी और विभिन्न मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए तुर्किये ने घोषणा की कि तनाव के बीच इलाके की सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिशों के तहत तुर्किए रिपब्लिक ऑफ नॉर्दर्न साइप्रस



(टीआरएनसी) में छह एफ-16 लड़ाकू विमान और वायु रक्षा प्रणाली तैनात किए गए हैं। टीआरएनसी को केवल तुर्किये ही मान्यता देता है। एक बयान में तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हमारे इलाके में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए टीआरएनसी की सुरक्षा बढ़ाने के लिए धीरे-धीरे कदम उठाने के तहत, आज से टीआरएनसी में छह लड़ाकू विमान एफ-16 फाल्कन और वायु रक्षा प्रणाली तैनात किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि हालात जैसे-जैसे बदलते रहेंगे। इसके आधार पर सरकार आगे और भी कदम उठाती रहेगी। इसके अलावा, यह बयान उस घटना के कुछ दिन बाद आया है जब साइप्रस में एक ब्रिटिश सैन्य अड्डे के पास ईरान में बना ड्रोन गिरा था। साइप्रस का कहना है कि यह ड्रोन संभवतः लेबनान स्थित ईरान समर्थित संगठन हिज्बुल्लाह ने दागा था, न कि सीधे ईरान ने। इस घटना के बाद कई यूरोपीय देशों ने साइप्रस को एयर डिफेंस सिस्टम और अन्य सैन्य संसाधन उपलब्ध कराने का वादा किया है। साइप्रस यूरोपीय संघ का सदस्य भी है और फिलहाल ब्लॉक की रोटेटिंग प्रेसीडेंसी संभाल रहा है। दूसरी ओर, तुर्किये के रक्षा मंत्री यासर गुलर ने कहा कि तुर्किये और इसराइल के बीच सीधे सैन्य टकराव की संभावना 'बेहद कम' है। संभावित गलतफहमियों को रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच संचार चैनल बनाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# संघर्ष के बीच अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के साथ शुरू किया बड़ा सैन्य अभ्यास

**एजेंसी, सियोल**

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिका ने सोमवार को दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर एक बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू किया, जिसमें हजारों सैनिकों के हिस्सा ले रहे हैं। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि लगभग 18,000 कोरियाई सैनिक इस 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास में हिस्सा लेंगे, जो 19 मार्च तक चलेगा। अमेरिकी सेना ने दक्षिण कोरिया में इस अभ्यास में शामिल अपने सैनिकों की संख्या नहीं बतायी है।



इन दोनों सहयोगी देशों का यह संयुक्त अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है जब दक्षिण कोरियाई मीडिया में अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका कुछ सैन्य संसाधनों को दक्षिण कोरिया से हटाकर ईरान के खिलाफ लड़ाई में ले जा रहा है। 'यूएस फोर्सेज कोरिया' ने पिछले सप्ताह कहा था कि सुरक्षा कारणों से वह सैन्य संसाधनों की विशिष्ट गतिविधियों पर टिप्पणी नहीं करेगी। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने भी इस खबर पर टिप्पणी करने से इनकार किया कि कुछ अमेरिकी पैट्रियट मिसाइल सिस्टम और अन्य उपकरण पश्चिम एशिया भेजे जा रहे हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे सहयोगी देशों की संयुक्त रक्षा रणनीति पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास को लेकर उत्तर कोरिया की ओर से तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है। उत्तर कोरिया लंबे समय से सहयोगी देशों के संयुक्त अभ्यासों को आक्रमण का पूर्वाभ्यास बताता रहा है और इसे अपने सैन्य प्रदर्शनों और हथियार परीक्षणों को बढ़ाने का बहाना बनाता रहा है। अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया का कहना है कि ये अभ्यास रक्षा उद्देश्य के लिए होते हैं। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में 2 उग्रवादी किए गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में पुलिस एवं सुरक्षा बल लगातार उग्रवादियों, अवैध हथियार एवं धन उगाही से जुड़े लोगों के विरुद्ध अभियान चला रहे हैं। जिसमें लगातार सफलता मिल रही है।

वहीं, संवेदनशील इलाकों में वाहनों की आवाजाही को सुरक्षित बनाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के थंगल बाजार के प्रजातंत्र गली से एक उग्रवादी संगठन प्रीपाक के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया। एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने इसी दिन धन उगाही में लिप्त सोरेपा संगठन के एक सक्रिय कैडर लाईहाओरुंगबाम सनतोम्बा सिंह (48) उर्फ अशोक उर्फ तायई को गिरफ्तार किया। उसे इंफाल ईस्ट जिला के पोरोमपट स्थित उसके वर्तमान घर गिरफ्तार किया गया। उसे पास से एक टू-व्हीलर, यामाहा सिग्नस रे स्कूटर, एक मोबाइल फोन और एक आधार कार्ड बरामद किया गया। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'खराब'



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में सोमवार सुबह वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह सूचकांक (एक्यूआई) 206 दर्ज किया गया जो 'खराब' श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 'समीर' ऐप के अनुसार, दिल्ली के द्वारका सेक्टर-8 में सबसे अधिक एक्यूआई (280) दर्ज किया गया।

सीपीसीबी के अनुसार, 0 से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बहुत खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली (एक्यूईडब्ल्यूएस) के अनुसार, अगले छह दिनों तक वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में रह सकता है।

वहीं,दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, फलस्वरूप राष्ट्रीय राजधानी में सुबह गर्म रही। पालम में न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि लोधी रोड में यह 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक न्यूनतम तापमान 17 एवं 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। (अनंत ज्ञान)

# नांगलोई में डीटीसी बस ने कई लोगों को कुचला, दो की मौत

## गुस्साई भीड़ ने किया पथराव और आगजनी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नांगलोई** इलाके में बेकाबू डीटीसी बस ने कुछ लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। आक्रोशित लोगों ने बस को रोक कर उसपर पथराव कर दिया। तोड़फोड़ करने के बाद भीड़ ने एक बस को आग के हवाले कर दिया। पथराव में छह बसों के शीशे टूट गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया।



पुलिस मौके पर मौजूद भीड़ को तितर-बितर कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 9.45 बजे नजफगढ़ की तरफ से आ रही डीटीसी क्लस्टर बस ने एक स्कूटी, एक बाइक, एक रिक्शा और कुछ पैदल चलने वालों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया गया है। हादसे के तुरंत बाद लगभग 500 लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। आक्रोशित भीड़ ने दुर्घटना में शामिल डीटीसी बस को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं, नंगलोई की ओर से आ रही एक अन्य डीटीसी बस भी आग को आग के हवाले कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### प्रतिबंधित दवाइयां बेचने पर मेडिकल स्टोर सील

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पुलिस व ड्रग विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सिरसा शहर में एक मेडिकल स्टोर को नशीली गोलियां व अनियमितताएं पाए जाने पर सील किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि पुलिस व ड्रग विभाग की टीम ने महत्त्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डिकॉय कस्टमर बनकर मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाइयां खरीदने के लिए भेजा। जैसे ही डिकॉय कस्टमर ने मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर नशीली दवाइयां मांगी तो मेडिकल स्टोर संचालक ने तुरंत उसे नशीली दवाइयां निकाल कर दे दी। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मेडिकल स्टोर संचालक को नशीली दवाइयां सहित काबू कर लिया। पुलिस टीम ने मेडिकल स्टोर संचालक अभिषेक को हिरासत में लेकर मेडिकल स्टोर की तलाशी ली, तो मेडिकल स्टोर से लाखों रुपये की करीब 23 हजार नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां बरामद हुई। उन्होंने बताया कि नशीली दवाइयां मिलने पर मेडिकल स्टोर संचालक को दवाईयों की खरीद बेच के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया जिस पर मेडिकल स्टोर संचालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस व ड्रग विभाग के अधिकारियों ने मेडिकल स्टोर पर अनियमितताएं पाए जाने पर संज्ञान लेते हुए मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है।

### नशा तस्कर की 83 लाख रुपए की संपत्ति फ्रीज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** स्थानीय पुलिस ने एक नशा तस्कर की करीब 83 लाख रुपए की संपत्ति को फ्रीज किया है। डीएसपी कपिल अहलावत ने सोमवार को बताया कि जिले के गांव रघुआना निवासी प्रगट सिंह लंबे समय नशे के अवैध धंधे में संलिप्त था और उसके खिलाफ आठ मामले दर्ज हैं। आरोपी द्वारा नशा तस्करी से अर्जित की गई संपत्ति को फ्रीज कर दिया है। डीएसपी कपिल अहलावत ने बताया कि पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनकी संपत्ति को फ्रीज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब नशा तस्करों को सिर्फ जेल नहीं भेजा जाएगा बल्कि नशे के कारोबार से बनाई गई उनकी संपत्ति भी कानून के तहत जब्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि आरोपी प्रगट सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत आठ मामले दर्ज हैं। इनमें 190 किलो चूरापोस्त से जुड़ा मामला भी शामिल है। आरोपी फिलहाल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत पर है।

# हाई कोर्ट का फैसला: श्री आनंदपुर साहिब में मांस की बिक्री पर फिलहाल नहीं कोई रोक

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि श्री आनंदपुर साहिब में मांस और मांस उत्पादों की बिक्री पर फिलहाल कोई रोक नहीं है।

अदालत के अनुसार, जब तक सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिबंध लगाने की कोई औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं की जाती, तब तक ऐसी किसी भी बिक्री को रोका नहीं जा सकता। श्री आनंदपुर साहिब में मांस व मांस उत्पादों की बिक्री से जुड़े छोटे व्यापारियों ने पंजाब सरकार की 15 दिसंबर 2025 की अधिसूचना को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस अधिसूचना में अमृतसर श्री आनंदपुर साहिब व तलवंडी साबो को 'पवित्र शहर' घोषित कर शराब और मांस पर प्रतिबंध का प्रस्ताव दिया गया था। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि यह प्रतिबंध भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1) के तहत उन्हें प्राप्त 'आजीविका के मौलिक अधिकार' का उल्लंघन करता है। यह याचिका अधिवक्ता आदित्य कोचर और टेक तेजिंदर पाल सिंह (टीटीपी सिंह) के माध्यम से दायर की गई थी। 25 फरवरी, 2026 को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने न्यायालय को सूचित किया हालांकि 15 दिसंबर, 2025 को अधिसूचना जारी की गई थी, लेकिन वास्तविक प्रतिबंध लागू करने के लिए संबंधित प्रशासनिक सचिव द्वारा अभी तक कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की गई है। राज्य सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए न्यायमूर्ति हरसिमरन सिंह सेठी और न्यायमूर्ति विकास सूरी की खंडपीठ ने याचिका को 'समयपूर्व' (प्रीमैच्योर) मानते हुए निस्तारित कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब तक विधिवत अधिसूचना के माध्यम से प्रतिबंध औपचारिक रूप से लागू नहीं किया जाता, तब तक याचिकाकर्ताओं को नियमों के अनुसार अपना वैध व्यापार करने से नहीं रोका जा सकता।



हाई कोर्ट ने आगे निर्देश दिया कि यदि औपचारिक अधिसूचना जारी होने से पहले याचिकाकर्ताओं को पुलिस या प्रशासन द्वारा किसी भी तरह से परेशान किया जाता है, तो वे सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपना प्रतिवेदन (रिप्रेजेंटेशन) दे सकते हैं। संबंधित अधिकारियों को ऐसे किसी भी आवेदन पर प्राप्ति की तिथि से चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का आदेश दिया गया है। यह आदेश श्री आनंदपुर साहिब के व्यापारियों को बड़ी अंतरिम राहत और स्पष्टता प्रदान करता है, जिससे वे किसी भी औपचारिक प्रतिबंध के लागू होने तक कानून के दायरे में रहकर अपना व्यवसाय जारी रख सकेंगे।

# एसटीएफ ने दो माह में पकड़े 145 अपराधी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने जनवरी और फरवरी 2026 के दौरान एसटीएफ हरियाणा ने कुल 145 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 71 गैंग सदस्य और 22 इनामी अपराधी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में कई कुख्यात गिरोहों से जुड़े अपराधी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य संगठित अपराधों में शामिल 20 अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया। हरियाणा पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि एसटीएफ द्वारा की गई प्रमुख कार्रवाइयों में अंबाला विस्फोटक प्रकरण का सफल खुलासा विशेष रूप से उल्लेखनीय है। जनवरी 2026 में थाना बलदेव नगर, अंबाला परिसर में खड़ी एक मारुति 800 कार में पाकिस्तान से जुड़ा गैंगस्टर-आतंकी एवं आतंकी संगठन के इशारे पर विस्फोट की साजिश रची गई थी। एसटीएफ ने समय रहते इस साजिश को विफल कर दिया तथा अब तक 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया शुभ फ्लेक्सी पेंशन प्लान

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** कल्पना कीजिए एक ऐसी रिटायरमेंट की जहां आपको इस बात की कोई चिंता न हो कि पैसा खत्म हो जाए, तो क्या होगा एक ऐसा बुढ़ापा जहां आपकी बचत न केवल आपको स्थिरता दे, बल्कि महंगाई के साथ बढ़ती भी रहे, ताकि आपकी लाइफस्टाइल वैसी ही बनी रहे।

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने 'शुभ फ्लेक्सी पेंशन प्लान' के साथ इस सपने को सच कर दिया है। यह एक ऐसा समाधान है, जो आपको आत्मविश्वास, लचीलापन व पूरी आर्थिक सुरक्षा के साथ रिटायर होने में मदद करता है। जीलानी बाशा, अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी (सीडीओ), वैकल्पिक एवं उभरते चैनल, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंसने कहा, भारत में रिटायरमेंट की प्लानिंग अब बदल रही है। लंबी होती औसत उम्र, इलाज के बढ़ते खर्चों और ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव को देखते हुए, लोग अब ऐसे समाधान चाहते हैं जो न केवल स्थिरता दें बल्कि उनके साथ बढ़ते भी रहें। 'शुभ फ्लेक्सी पेंशन प्लान' हमारा इसी का जवाब है, जो ग्राहकों को गारंटीड इनकम और अपनी संपत्ति को बढ़ाने का अवसर, दोनों एक साथ देता है। रिटायरमेंट की प्लानिंग अब सिर्फ भविष्य के लिए पैसे बचाने तक सीमित नहीं है; यह जीवन की बदलती सच्चाइयों के साथ तालमेल बिठाने के बारे में है। बढ़ती उम्र और इलाज के बढ़ते खर्चों के कारण, आज के रिटायर लोगों पर आर्थिक दबाव बहुत बढ़ गया है। साथ ही, अब ज्यादातर लोग अपनी लाइफस्टाइल और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बरकरार रखना चाहते हैं, इसलिए वे ऐसे स्मार्ट विकल्पों की तलाश में हैं जो स्थिरता और बढ़त दोनों दे सकें। आज कई रिटायर लोगों का सपना सिर्फ गुजारा करना नहीं, बल्कि कारें और विदेश यात्रा जैसे शौक पूरे करना है। चाहे वो जल्द रिटायर होकर आजाद होने वाली 'FIREÓ पीढ़ी हो, नए उद्यमी हों या करियर में बदलाव चाहने वाले लोग—पारंपरिक रिटायरमेंट प्लान अब उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इसके अलावा, एक डर जो आज सबको सताता है वह यह है कि कहीं उनकी जमा-पूंजी उनके जीवनकाल से पहले ही खत्म न हो जाए।

# 'इंगको' के विशेष स्टोर 'टूल बाजार' का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** ट्राइसिटी क्षेत्र में उपकरण व हार्डवेयर उद्योग को एक नई पहचान देते हुए आज 'टूल बाजार' विश्व प्रसिद्ध उपकरण ब्रांड 'इंगको' का विशेष स्टोर बलटाना, जीरकपुर में भव्य रूप से प्रारंभ किया गया।




यह शोरूम पूरे क्षेत्र में कंपनी का सबसे बड़ा विशेष स्टोर माना जा रहा है, जहां ग्राहकों को हाथ से चलने वाले उपकरण तथा विद्युत उपकरणों की अत्यंत विस्तृत श्रृंखला एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, तकनीशियन तथा स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि राजीव रत्तन, भारतीय प्रशासनिक सेवा, आयुक्त करनाल एवं रोहतक मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. राजेश गोयल, प्रबंध निदेशक, हरियाणा कौशल विकास मिशन तथा सचिव, हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड, हरियाणा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर इंगको भारत प्रमुख विकास अहलावत, के साथ सौरभ तथा संदीप सहित कंपनी के अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। समारोह में सुमित सिंघल, अध्यक्ष, फर्नीचर मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन, बलटाना भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने इस नए शोरूम के उद्घाटन पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने शोरूम का अवलोकन किया तथा वहां प्रदर्शित इंगको के आधुनिक हाथ उपकरणों तथा बिजली उपकरणों की विस्तृत श्रृंखला की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कुछ उपकरणों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को उनके उपयोग, गुणवत्ता तथा तकनीकी विशेषताओं के बारे में जानकारी मिली। टूल बाजार में इंगको ब्रांड के हाथ उपकरणों तथा बिजली उपकरणों की बहुत बड़ी श्रृंखला उपलब्ध है। आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखते हुए कंपनी के कई उपकरण एक ही बैटरी प्रणाली पर आधारित हैं, जिनसे लगभग आठ सौ से अधिक उपकरण संचालित किए जा सकते हैं, जिससे उपयोगकर्ताओं को सुविधा, समय की बचत तथा बेहतर कार्यक्षमता प्राप्त होती है। इस शोरूम के स्वामी साहिल बंसल (हिसार)हैं, जिनका उद्देश्य चंडीगढ़ ट्राइसिटी क्षेत्र में ऐसा आधुनिक स्टोर स्थापित करना था, जहां ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण एक ही स्थान पर, उचित मूल्य तथा सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ उपलब्ध हो सकें।

# सीएम के एक क्लिक से लाभार्थियों के खाते में पहुंची 1884 करोड़ की राहत

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के एक क्लिक से लाभार्थियों के खाते में सीधी 1884 करोड़ की राहत राशि पहुंची।

मुख्यमंत्री ने वृद्धा सम्मान भत्ता और दिव्यांगजन भत्ता सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 842 करोड़ 92 लाख रुपए की राशि सीधे 26 लाख 12 हजार लाभार्थियों के खातों में डाली गई है। सोमवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2025 फसलों के लिए किसानों को बीमा क्लेम वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आज एक लाख 67 हजार 460 किसानों के बैंक खातों में 711 करोड़ 69 लाख रुपये की बीमा राशि वितरित की गई है। इसे मिलाकर प्रदेश में पिछले 11 सालों में किसानों को फसल के मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 16 हजार 160 करोड़ रुपये की राशि दी गई है, जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासनकाल में केवल 1 हजार 138 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि जारी की गई थी। यही नहीं, कांग्रेस सरकार तो किसानों की 269 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि बकाया छोडक़र चली गई थी। इसे वर्तमान सरकार ने वर्ष 2014 में जनसेवा का दायित्व संभालने के बाद जारी किया। नायब सिंह सैनी ने बताया कि आढ़तियों को राज्य सरकार द्वारा दिया जाने वाला अतिरिक्त कमीशन भी आज लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा केंद्रीय भंडारण हेतु खरीदे जाने वाले खाद्यान्नों पर आढ़तियों को गेहूं पर 46 रुपये प्रति क्विंटल, धान पर 45 रुपये 88 पैसे तथा बाजरा पर 11 रुपये 75 पैसे प्रति क्विंटल की दर से कमीशन प्रदान किया जाता है। इस निर्धारित दर के अनुसार खरीफ खरीद सत्र 2025-26 के दौरान आढ़तियों को कुल लगभग 239 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि दी जा चुकी है। इसके अलावा राज्य सरकार ने प्रदेश के आढ़तियों के हितों को ध्यान में रखते हुए रबी खरीफ सत्र 2024-25 से गेहूं, धान और बाजरा पर आढ़तियों को 55 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कमीशन देने का निर्णय लिया था।

# रेवड़ी बांटकर जनता को गुमराह कर रही पंजाब की 'आप' सरकार : सैनी

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आप सरकार और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दल चुनावी रेवड़ी बांटने और लोक-लुभावने वादों से जनता को गुमराह कर रहे हैं। चंडीगढ़ में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पंजाब सरकार बजट में महिलाओं को नकद सहायता जैसी घोषणाएं कर रही है, लेकिन इससे जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता। सैनी ने दावा किया कि पंजाब के लोग मौजूदा सरकार से तंग आ चुके हैं और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह दिल्ली में आम आदमी पार्टी को झटका लगा, उसी तरह पंजाब में भी उसका राजनीतिक भविष्य तय है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र की आयुष्मान भारत योजना के लाभ में बाधा डाल रही है। सैनी ने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पंजाब को भी विकास के मामले में नंबर-वन राज्य बनाएगी।



पंजाब की आप सरकार द्वारा बजट में एससी वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपए तथा अन्य महिलाओं को 1000 रुपए देने की घोषणा के सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को नजदीक देख कर आप सरकार रेवड़ी बांट रही है लेकिन इससे उनकी पार्टी को कोई फायदा नहीं होगा क्योंकि पंजाब की जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। सैनी ने चुटकी लेते हुए कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी चुनाव के समय लोक लुभावनी घोषणाएं करते थे, जैसा हाल उनका हुआ है वैसा ही हाल पंजाब में भगवंत मान की सरकार का अगले विधानसभा चुनाव में होगा। उन्होंने कहा कि जब भी पंजाब के लोग उनसे मिलने आते हैं तो वे बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बनाई गई आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने में पंजाब की आप सरकार रोड़े अटका रही है। पात्र लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिला पा रहा है। नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार पर पिछले दिनों उनके पंजाब राज्य के दौरे के दौरान हुए कार्यक्रमों में अड़ंगा डालने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के हरियाणा आगमन पर उनके मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल का सम्मान करते हुए पूरा उन्हें पूरा आदर सम्मान दिया जाता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### सफेद गेंद के तीनों आईसीसी खिताब जीत सकती है टीम इंडिया : आथर्टन

**एजेंसी, अहमदाबाद।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन का मानना है कि विश्व क्रिकेट में सफेद गेंद वाले प्रारूप में भारतीय टीम का इस कदर दबदबा हो गया है कि वे सीमित ओवरों के तीनों खिताब जीत सकती है। भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार टी20 विश्व कप जीता। आथर्टन ने "स्काय स्पोर्ट्स क्रिकेट" से कहा, "भारत सिर्फ बेहतरीन टी20 टीम ही नहीं बल्कि इस समय सीमित ओवरों की भी सबसे खास टीम है।" पिछले कुछ आईसीसी वैश्विक टूर्नामेंटों में उन्होंने 32 में से 30 (इस फाइनल से पहले) मैच जीते। सिर्फ एक बार यहां 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में आस्ट्रेलिया ने और इस टी20 विश्व कप में सुपर आठ के मैच में दक्षिण अफ्रीका ने उसे हराया। उन्होंने कहा, 'सीमित ओवरों के क्रिकेट में यह सबसे मजबूत टीम है और इस जीत की हकदार भी।" रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम 2023 वनडे विश्व कप में लगातार दस जीत के साथ फाइनल में पहुंची जहां उसे आस्ट्रेलिया ने हराया। इसके बाद भारत ने 2024 टी20 विश्व कप अपराजेय रहकर जीता और 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी में भी खिताब अपने नाम किया। आथर्टन ने कहा, 'मुझे लगता है कि वे सारे खिताब जीत लेंगे।' (अनंत ज्ञान)

### इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब ने जीती पुष्पा शुक्ला स्मारक वॉलीबॉल स्पर्धा

**एजेंसी, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद के मांडा क्षेत्र के बामपुर चेहरा ग्राउंड पर लहरी मैया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इसमें इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब प्रयागराज की टीम ने फाइनल मैच में अंसार क्लब मंडेर फूलपुर की टीम को 25-17, 22-25 व 25-19 अंकों से हराकर पुष्पा शुक्ला स्मारक ओपेन वॉलीबॉल प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीत ली। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया था। विजेता टीम इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब प्रयागराज के कप्तान खिलाड़ी विवेक शुक्ला, अक्षय श्रीवास्तव व आशीष यादव तथा उपविजेता टीम अंसार क्लब मंडेर के खिलाड़ी आजम खां व अफसर खान का खेल विशेष रूप से सराहनीय रहा। खेल प्रारंभ होने से पूर्व डिस्ट्रिक्ट वॉलीबॉल एसोसिएशन के महासचिव आरपी शुक्ला तथा कोषाध्यक्ष केपीएल श्रीवास्तव ने स्व. पुष्पा शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। (अनंत ज्ञान)

### 50 मीटर 3पी राइफल में तिलोत्तमा सेन की लगातार तीसरी जीत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन तिलोत्तमा सेन ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहे नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स (ग्रुप ए) में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशंस के फाइनल में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स टी3 का समापन मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल महिला वर्ग की क्वालिफिकेशन और फाइनल के साथ होगा। उन्होंने इससे पहले जनवरी में हुए नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स टी1 और टी2 के फाइनल भी जीते थे और अब टी3 का फाइनल भी अपने नाम कर लिया। पुरुष वर्ग के फाइनल में किरण अंकुश जाधव ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि 10 मीटर एयर पिस्टल टी3 फाइनल में उधयवीर सिद्धू विजेता बने। तिलोत्तमा प्रोन सीरीज के बाद चौथे स्थान पर थीं, लेकिन उन्होंने स्टैंडिंग सीरीज में शानदार वापसी करते हुए 357.0 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया। निश्छल सिंह 356.6 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जो तिलोत्तमा से सिर्फ 0.4 अंक पीछे थीं। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में हॉली फर्लिंग

**ऑस्ट्रेलिया।** हॉली फर्लिंग ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेटर हैं, जिन्होंने 2013 में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के लिए पदार्पण किया और वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की घरेलू प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी के लिए खेलती हैं।



# भारत ने 3 साल में जीते 3 आईसीसी खिताब

## एक टी-20 वर्ल्ड कप में 100+ सिक्स लगाए; संजू ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी, अहमदाबाद**

भारत ने तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। साथ ही टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी, जबकि संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में एक एडिशन में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

भारत एक टी-20 वर्ल्ड कप में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में 106 छक्के लगाए। इस रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज है, जिसने 2026 में ही 76 छक्के लगाए। इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। टीम इंडिया ने अब तक सात बार 200+ रन बनाए हैं। साउथ अफ्रीका 6 बार 200+ स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड 4-4 बार यह आंकड़ा पार कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



### तीन टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम

**भारत** ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नया अध्याय लिख दिया। टीम इंडिया 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था। अब भारत के नाम तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

### दो टी-20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी जीती

**भारत** ने सिर्फ तीन साल में तीन आईसीसी ट्रॉफियां अपने नाम कीं। टीम ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर 17 साल बाद यह खिताब हासिल किया। इसके बाद 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर जीत की लय बरकरार रखी और अब 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी हासिल कर ली। टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में दो-दो बार हारने वाली टीमों में पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पाकिस्तान 2007 और 2022 में, श्रीलंका 2009 और 2012 में, जबकि न्यूजीलैंड 2021 और 2026 में फाइनल हार चुका है।


## भारत की जीत पर दिग्गजों के रिएक्शन

**संजू सैमसन ने स्मार्ट बैटिंग की : सचिन तेंदुलकर**



**सचिन** तेंदुलकर फाइनल के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक्टिव नजर आए। उन्होंने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और जसप्रीत की तारीफ की। संजू पर उन्होंने कहा, 'सैमसन बड़ी स्मार्ट बैटिंग कर रहे हैं, वे जानते हैं कि कहां अटैक करना है और कहां डिफेंड करना है। ईशान किशन ने भी बेहतरीन शॉट्स खेले।' मैच के बाद तेंदुलकर बोले, 'भारत और न्यूजीलैंड के बॉलर्स में यही अंतर रहा कि इंडिया ने स्लोअर गेंदें बहुत ज्यादा इस्तेमाल कीं। अहमदाबाद में शॉर्ट पिच गेंदें और वैरिएशन ही कारगर रहे।'

**अहमदाबाद में अद्भुत जीत : विराट कोहली**



**विराट** कोहली ने टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान क्रिकेट से जुड़ी 2 ही पोस्ट शेयर कीं। एक 27 फरवरी को, जब रिंकू सिंह के पिता का निधन हो गया था। तब कोहली ने रिंकू के पिता को श्रद्धांजलि दी थी। कोहली की दूसरी पोस्ट भारत के चैंपियन बनने के बाद आई। विराट बोले, 'चैंपियंस। अहमदाबाद में टीम इंडिया की अद्भुत जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमारा कोई मुकाबला नहीं रहा। मुश्किल सिचुएशन में भी टीम इंडिया ने अटैकिंग क्रिकेट खेला और लगातार दूसरा टी-20 टाइटल जीता। प्लेयर्स और मैनेजमेंट को इस जीत पर बधाइयां। जय हिंद।'

**संजू, ईशान, अभिषेक का बेहतरीन प्रदर्शन : युवराज**



**भारत** के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन युवराज सिंह ने कहा, 'सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने अलग खेल दिखाया। संजू, ईशान और अभिषेक ने फाइनल में बेहतरीन पारियां खेलीं। सैमसन ने फिर एक बार दिखाया कि वे क्यों मैच विनर हैं। शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या ने मोमेंटम को टीम इंडिया के हाथ से जाने नहीं दिया। बुमराह मुश्किल सिचुएशन में बहुत स्पेशल रहे, अक्षर, अर्शदीप और वरुण ने भी उनका बखूबी साथ निभाया। कोच गौतम गंभीर और पूरे सपोर्ट स्टाफ को बधाई।

**भारत ने दिग्गजों का सम्मान किया : अख्तर**



**पाकिस्तान** के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी टीम इंडिया की तारीफ की। उन्होंने पाकिस्तानी टीवी शो में कहा, 'भारत की पॉलिसी, सिस्टम और मेरिट ने उन्हें ये जीत दिलाई। गौतम गंभीर ने प्लेयर्स को मेरिट और प्रदर्शन के आधार पर चुना। रोहित और कोहली के संन्यास के बावजूद टीम ने टाइटल जीत लिया। भारत ने अपने दिग्गजों का सम्मान किया। तीनों वर्ल्ड चैंपियन कप्तान फाइनल में मौजूद रहे, सभी ने एक साथ सेलिब्रेट किया।'

**भारत को नॉकआउट में हराना आसान नहीं : सैमी**



**वेस्टइंडीज** क्रिकेट टीम के हेड कोच डैरेन सैमी ने कहा, 'मैं पहले दिन से कह रहा हूं कि टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए आपको नॉकआउट स्टेज में भारत को हराना ही होगा। ये आसान काम नहीं है। भारत को तीसरे टी-20 टाइटल के लिए बधाई, न्यूजीलैंड ने भी अच्छा खेल दिखाया।'

**भारत की जीत से कोई हैरानी नहीं : लतीफ**



**पूर्व** कप्तान राशिद लतीफ ने कहा कि भारत की जीत कोई हैरानी की बात नहीं थी। उन्होंने कहा, 'जब आप नियमित तौर पर बड़ी प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचते हैं तो खिलाड़ी भी जीतने के आदी हो जाते हैं।' राशिद ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम में निरंतरता और स्थिरता भी उनकी सफलता का एक अहम कारण है जबकि इसके विपरीत पाकिस्तान में बार-बार बदलाव और बेसब्री ने कई समस्याएं पैदा की हैं।


## एमएस धोनी बोले, 'कोच साहब आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है'

**एजेंसी, अहमदाबाद।** भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत ने एमएस धोनी को भी सोशल मीडिया पोस्ट करने पर मजबूर कर दिया। पूर्व कप्तान धोनी ने चैंपियन टीम की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की और लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। कोच साहब (गौतम गंभीर), आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है। धोनी की पोस्ट में उनकी खास गर्मजोशी साफ झलक रही थी। उन्होंने टीम में नए नेतृत्व के तहत हुए बदलाव को भी उजागर किया। उन्होंने आगे लिखा, 'अहमदाबाद में इतिहास बन गया। टीम, सपोर्ट स्टाफ और भारतीय क्रिकेट टीम के सभी फैंस को बहुत-बहुत बधाई।



## गंभीर बोले, 'मुस्कुराने की कितनी अच्छी वजह, आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा'

**आईसीसी** टी-20 विश्व कप 2026 की चैंपियन टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के इंस्टाग्राम पर मजेदार रिप्लाई किया। अपने इस इंस्टा पोस्ट में धोनी ने खास तौर से गंभीर का जिक्र करते हुए लिखा, 'कोच साहब, आपकी मुस्कान बहुत शानदार लग रही है। मुस्कान के साथ आपकी जीत कमाल की है, बहुत अच्छा किया।' धोनी के पोस्ट पर गौतम गंभीर का भी जवाब आया। गंभीर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'और मुस्कुराने की कितनी अच्छी वजह है, आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। जीत का आनंद लीजिए।'



## संजू सैमसन ने सचिन को दिया अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय

**एजेंसी, अहमदाबाद**

टी-20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के आखिरी तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन के कारण सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल की अहम पारियां शामिल हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के 5 मैचों में 321 रन बनाए। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय सचिन तेंदुलकर से हुई बातचीत को दिया। सैमसन ने बताया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज उनके लिए बेहद मुश्किल रही। उस सीरीज में उन्होंने पांच पारियों में सिर्फ 46 रन बनाए थे और बाद में प्लेइंग इलेवन से भी बाहर हो गए थे। इस सीरीज के बाद मैं टूट गया था। (अनंत ज्ञान)



### कहा- दो महीने से सचिन सर के संपर्क में था

**सैमसन** ने कहा, जब मैं ऑस्ट्रेलिया में टी-20 सीरीज के दौरान बाहर बैठा था और खेलने का मौका नहीं मिल रहा था, तब मैंने सोचा कि मुझे किस तरह का मानसिक नजरिया चाहिए। पिछले दो महीनों से मेरी सचिन सर से लगातार बात हो रही थी। मैंने उनसे संपर्क किया और लंबी बातचीत की। उनसे मार्गदर्शन मिलना बहुत बड़ी बात है। मैच से पहले भी उन्होंने फोन कर पूछा कि मैं कैसा महसूस कर रहा हूं। उनसे मिली सलाह, तैयारी और खेल को समझने की बात मेरे लिए बहुत मददगार रही।

## धर्मशाला स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने 5वें दिन भी बहाया पसीना

**अनंत ज्ञान**

ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला स्टेडियम में आईपीएल सीजन 2026 से पहले अपनी तैयारियों को मजबूती देने पहुंची पंजाब किंग्स टीम का प्रेक्टिस सैशन सोमवार को 5वें दिन भी जारी रहा।

पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने सुबह के सत्र में वॉर्मअप के साथ अपने प्रैक्टिस सैशन की शुरुआत की। पूरे सत्र के दौरान टीम का फोक्स बॉलिंग-बैटिंग व फील्डिंग पर रहा। टीम के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सहित मध्य क्रम के बल्लेबाज शशांक सिंह ने बल्लेबाजी की प्रैक्टिस करते हुए शॉट सिलेक्शन पर फोकस किया। जबकि अन्य टीम खिलाड़ियों ने भी बॉलिंग व बैटिंग करते हुए मैदान में जमकर अपना पसीना बहाया। गौरतलब है कि पंजाब किंग्स की टीम 5 मार्च से यहां अपने प्रेक्टिस सेशन के लिए पहुंची है।

6 दिवसीय इस खास प्रेक्टिस सेशन के माध्यम से पंजाब किंग्स के सभी खिलाड़ी स्वयं को एक टीम के रूप में ढालते हुए यहां मैदान में उतकर प्रेक्टिस कर रहे हैं, ताकि पिच और मैदान को अच्छी तरह से समझ सकें।

## वतन वापसी का इंतजार कर रही ईरान की टीम

**एजेंसी, गोल्ड कोस्ट।** ईरान की महिला फुटबॉल टीम को एशियाई कप में अपना आखिरी ग्रुप मैच हारने के बाद ऐसे समय में स्वदेश लौटने पर विचार करना पड़ रहा है जब उनका देश युद्ध की स्थिति में उलझा हुआ है। ईरान की महिला टीम पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए जब पहुंची थी तब अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमला और उसके बाद युद्ध शुरू नहीं हुआ था। आम तौर पर ग्रुप चरण से बाहर होने वाली टीमें कुछ ही दिनों में लौट जाती हैं, लेकिन आयोजकों ने अभी तक ईरान के दल की वापसी को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। (अनंत ज्ञान)

## यूकी भांबरी और आंद्रे की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**एजेंसी, इंडियन वेल्स**

भारत के शीर्ष डबल्स खिलाड़ी यूकी भांबरी और उनके स्वीडिश जोड़ीदार आंद्रे गोरान्सन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इंडो-स्वीडिश जोड़ी ने पहले दौर के मुकाबले में फ्रांस के फैब्रिस मार्टिन और नीदरलैंड्स के डेविड पेल की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-1, 6-3 से हराया। अनसीडेड भांबरी और गोरान्सन की जोड़ी ने मुकाबले में शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। उन्होंने पहले दौर के इस मुकाबले में विरोधी जोड़ी की सर्विस को पांच बार तोड़ा। 66 मिनट तक चले इस मुकाबले में भांबरी और गोरान्सन ने पांच ऐस लगाए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सिर्फ तीन ऐस ही लगा सके।

वहीं पेल और मार्टिन ने मैच के दौरान छह डबल फॉल्ट भी किए, जिसका फायदा इंडो-स्वीडिश जोड़ी को मिला। प्री-क्वार्टर फाइनल में अब भांबरी और गोरान्सन का सामना नीदरलैंड्स के सैंडर एरेंड्स और चेक गणराज्य के जीरी लेहेका की जोड़ी से होगा। एरेंड्स और लेहेका की जोड़ी ने दूसरे वरीय ब्रिटिश खिलाड़ियों जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। (अनंत ज्ञान)


### भांबरी टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी

**विश्व** रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज यूकी भांबरी इस साल के पहले मास्टर्स सीरीज टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।भांबरी का यह प्रदर्शन भारतीय टेनिस के लिए भी सकारात्मक संकेत माना जा रहा है और उनसे टूर्नामेंट में आगे भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।मैचों में कंबाइंड वॉलीबाल क्लब बामपुर चेहरा ने फ्रेंड्स क्लब मेंजा को, मदन मोहन मालवीय स्टेडियम ने युवा वॉलीबाल क्लब को, वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर ने मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर को, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में शिवाजी क्लब एडीए नैनी को, इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब ने कमासिन वॉलीबाल क्लब को, लालगंज स्पोर्टिंग क्लब ने भास्कर क्लब महेवा को, सिगरा स्पोर्टिंग क्लब ने यूनाइटेड वॉलीबाल क्लब को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया था।

## फोन की मरम्मत से हुआ था स्पॉट-फिक्सिंग का खुलासा : रज्जाक

**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला और राष्ट्रीय चयनकर्ता अब्दुल रज्जाक ने बताया कि 2010 के 'स्पॉट-फिक्सिंग' कांड की जानकारी टीम प्रबंधन के सामने इंग्लैंड दौरे के दौरान ही आ गयी थी। रज्जाक ने यह भी बताया कि तत्कालीन कप्तान शाहिद अफरीदी ने इस फिक्सिंग में शामिल होने से इनकार करने पर तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को थप्पड़ भी जड़ा था। रज्जाक ने पाकिस्तान के एक टेलीविजन कार्यक्रम में बताया कि 2010 के लॉर्ड्स टेस्ट में हुई फिक्सिंग की साजिश का पर्दाफाश मोबाइल फोन की मरम्मत करने वाले लंदन के उनके एक दोस्त ने किया था। रज्जाक ने कहा, 'मजहर माजीद ने मेरे दोस्त से अपने फोन की मरम्मत करने के लिए कहा। मेरे दोस्त ने जब देर रात फोन ठीक किया, तो उसे मजहर और तीनों खिलाड़ियों के बीच कई संदेश मिले जिनमें मैच में स्पॉट-फिक्सिंग की योजना का ब्यौरा था।' मजीद को बाद में पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान सलमान बट और तेज गेंदबाज मोहम्मद आसिफ तथा मोहम्मद आमिर के साथ मिलकर टेस्ट मैच के दौरान 'स्पॉट-फिक्सिंग' की साजिश रचने के आरोप में जेल भेजा गया। रज्जाक के मुताबिक, उनके दोस्त ने तुरंत उन्हें ये संदेश दिखाए, जिसके बाद उन्होंने उस समय टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी शाहिद अफरीदी को इसकी जानकारी दी।



अफरीदी ने उस श्रृंखला से पहले टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी, लेकिन वे सीमित ओवरों की टीम के कप्तान बने हुए थे। रज्जाक ने कहा, 'अफरीदी ने उस समय 18 साल के रहे आमिर को अपने कमरे में बुलाया और मुझसे बाहर इंतजार करने को कहा। अंदर से मैं अफरीदी की तेज आवाज सुन सकता था, वे गुस्से में उससे सच बताने को कह रहे थे। जब वह लगातार इनकार करता रहा तो मुझे एक जोरदार थप्पड़ की आवाज सुनाई दी और मैं तुरंत अंदर चला गया। उसके बाद आमिर रोने लगा और साजिश में शामिल होने की बात कबूल कर ली। इसके बाद तो जैसे हंगामा मच गया।' रज्जाक का मानना है कि अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम प्रबंधन ने तुरंत सख्त कदम उठाए होते तो यह विवाद इतना नहीं बढ़ता। (अनंत ज्ञान)

**लक्ष्य**

### टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कप्तान सूर्यकुमार यादव बोले -

# अब भारतीय टीम की नजरें ओलंपिक स्वर्ण पर

**एजेंसी, अहमदाबाद**

रोहित शर्मा की कप्तानी में 2024 में भारतीय टीम ने बारबाडोस में जब टी-20 विश्व कप जीता तो आईसीसी टूर्नामेंटों में पिछली कई नाकामियों से मिले जख्मों पर मरहम लगा था लेकिन सूर्यकुमार यादव की टीम की जीत को शुरू ही से तय माना जा रहा था। डेढ साल में दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीतने के बाद खिलाड़ियों की त्वरित प्रतिक्रिया से स्पष्ट था कि उन्हें अहसास था कि इस बार उन्हें हरा पाना किसी टीम के लिये लगभग नामुमकिन था। इस टीम की औसत उम्र तीस के करीब है लिहाजा आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले अगले टी-20 विश्व कप में भी उनके खेलने की पूरी संभावना है, लेकिन इससे पहले खिलाड़ियों के पास लॉस एंजिलिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने का भी मौका होगा चूंकि क्रिकेट की 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी हो रही है। भारत की विश्व कप विजेता इस टीम में सिर्फ कप्तान सूर्यकुमार यादव ही 35 साल के हैं लेकिन उनका इरादा 2028 में ये दोनों टूर्नामेंट खेलने का है। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा ,'एक टीम के रूप में हमने जो कुछ हासिल किया है, वह काफी खास है । अगला लक्ष्य ओलंपिक है ।ओलंपिक स्वर्ण और उसी साल टी-20 विश्व कप भी है। इसे भूलिए मत।'

सूर्यकुमार यादव के इस बयान से उनके भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। इससे पहले रोहित शर्मा ने 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि विश्व कप जीत का एहसास अभी पूरी तरह से महसूस नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 'अभी हम मैच से बाहर आए हैं, इसलिए इस जीत को पूरी तरह महसूस करने में थोड़ा समय लगेगा। जब हम घर जाएंगे और अगले दिन उठेंगे, तब शायद इस जीत का असली एहसास होगा। पिछले दो साल का सफर अविश्वसनीय रहा है।' भारत ने टूर्नामेंट में खेले गए नौ में से आठ मैच जीते। हालांकि शुरुआत आसान नहीं रही। टीम को पहले मैच में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और सुपर-8 चरण में दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान ने कहा कि चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच के बाद टीम ने अलग अंदाज का क्रिकेट खेलना शुरू किया और आत्मविश्वास बढ़ता गया। यादव ने कहा कि 2024 के टी20 विश्व कप फाइनल में लिया गया उनका यादगार कैच उनके जीवन का टर्निंग प्वाइंट बना था। (अनंत ज्ञान)



### 'बीसीसीआई के भरोसे के लिए मैं आभारी हूं'

**सूर्यकुमार** यादव ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 2024 विश्व कप के बाद बोर्ड ने उन पर भरोसा जताते हुए कप्तानी सौंपी और उसी भरोसे की बदौलत टीम यह बड़ी सफलता हासिल कर पाई। ट्रॉफी प्रस्तुति समारोह के दौरान सूर्यकुमार यादव ने कहा, 'यह एक लंबा सफर रहा है। 2024 विश्व कप के बाद उस समय बीसीसीआई, जय शाह, रोहित शर्मा और सभी ने मुझ पर भरोसा जताया और इस शानदार टीम की कप्तानी का मौका दिया। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में टीम लगातार अच्छा क्रिकेट खेल रही थी और उसी लय को बनाए रखना ही लक्ष्य था।

# दो दशक बाद एसजेएफआई के नेशनल कन्वेंशन की मेजबानी करेगी दिल्ली

## नेशनल कन्वेंशन के लिए हीरो मोटोकॉर्प टाइटल स्पॉन्सर घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के नेशनल कन्वेंशन की मेजबानी दो दशकों बाद एक बार फिर नई दिल्ली करने जा रही है। इस बार आयोजन पहले से अधिक भव्य और बड़े स्तर पर होगा। 13 से 16 मार्च तक होने वाले इस चार दिवसीय कन्वेंशन के लिए देश की अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प को टाइटल स्पॉन्सर घोषित किया गया है। इस वर्ष एसजेएफआई के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इसका गोल्डन जुबली संस्करण मनाया जाएगा। चार दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में खेल और मीडिया जगत के कई दिग्गज हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव, जेके बोस इंटर-जोनल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट, एसी बाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट और मॉडर्न पिथियन गेम्स जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। (अनंत ज्ञान)

### कन्वेंशन में 250 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी

**एसजेएफआई** का नेशनल कन्वेंशन देश का सबसे प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन माना जाता है, जिसमें 250 से अधिक वरिष्ठ खेल पत्रकार, खेल प्रशासक, खिलाड़ी और नीति निर्माता भाग लेते हैं। गोल्डन जुबली संस्करण विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एसजेएफआई के 50 वर्षों की यात्रा और भारतीय खेल पत्रकारिता में उसके योगदान का उत्सव भी है। यह आयोजन खेल पत्रकारिता, खेल प्रशासन और भारतीय खेल परिदृश्य में संवाद का एक प्रमुख मंच माना जाता है।

### 23 साझेदारों का मिला मजबूत समर्थन

**गोल्डन** जुबली कन्वेंशन को देश की कई प्रमुख कंपनियों और खेल संगठनों का समर्थन मिला है। टाइटल स्पॉन्सर हीरो मोटोकॉर्प के अलावा कुल 23 संस्थाएं इस आयोजन से जुड़ी हैं। इनमें सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क , दिल्ली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) , जिंदल स्टील, रेड बुल, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान यूनाइटेड एफसी और आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित कई संस्थाएं शामिल हैं। इसके अलावा एसजी स्पोर्ट्स, जेके टायर, डीडीए, विदा, ईएसजीएफ, वर्ड्सवर्क कम्युनिकेशन कंसल्टिंग और अन्य कई संगठनों ने भी इस आयोजन में साझेदारी की है।